www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

17 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 177

वायु सेना के कौशल और शौर्य को करीब से देखेगी जनता : संजय सेठ



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### चीन के 125% के जवाब में ट्रंप का 245% टैरिफ

वॉशिंगटन। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ लड़ाई और आगे बढ़ गयी है। अमेरिका ने अब चीन पर 100% और टैरिफ लगा दिया है। इसके साथ अमेरिका निर्यात होने वाले चीनी सामान पर कुल टैरिफ 245% हो गया है। चीन ने 11 अप्रैल को अमेरिकी सामान पर 125% टैरिफ लगाया था, जिसके जवाब में ट्रंप ने नया टैरिफ लगाया है। इससे पहले चीन ने कहा था कि अब वह अमेरिका की तरफ से लगाये जाने वाले किसी भी अतिरिक्त टैरिफ का जवाब नहीं देगा। अमेरिका की तरफ से नये टैरिफ के ऐलान के बाद चीन ने कहा कि हम अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर करने से नहीं डरते।

### देश के नये चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस बीआर गवई

नयी दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस बीआर गवई के नाम की आधिकारिक सिफारिश की है। उनके नाम को मंजूरी के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेज दिया गया है। इसके साथ ही जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई का भारत का 52वां मुख्य न्यायाधीश बनना तय हो गया है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआइ अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है। मौजूदा सीजेआइ संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो रहा है। सीजेआइ खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम है। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया है। हालांकि उनका कार्यकाल सिर्फ 7 महीने का होगा।

## अध्यक्ष के रूप में हेमंत सोरेन का कार्यकर्ताओं के लिए पहला संबोधन

# आपकी मेहनत ही हमारी ताकत है और आपके सपने ही हमारी प्रेरणा : हेमंत

- अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार झामुमो कार्यालय पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को हरमू रोड स्थित झामुमो के कार्यालय पहुंचे। वहां पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य समेत अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विनम्रतापूर्वक इस जिम्मेदारी को स्वीकार करता हूं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने लिखा, आपकी मेहनत ही हमारी ताकत है और आपके सपने ही हमारी प्रेरणा है।

पार्टी कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री करीब दो घंटे तक तक रहे। आगे की रणनीति पर अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि झामुमो को मजबूत करने पर जोर दिया जायेगा। आज पहली बार पार्टी के दफ्तर पहुंचे हैं। अब वह लगातार यहां मिलते रहेंगे। झामुमो को हर स्तर पर मजबूत करना है।



### यह साधारण पद नहीं, जनता की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व है

पार्टी कार्यालय में हेमंत ने कहा कि आज जब मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाल रहा हूं, तो मेरे मन में अनेक भावनाएं उमड़ रही हैं। यह कोई साधारण पद नहीं, बल्कि झारखंड की जनता के सपनों, संघर्षों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व है। हमारे संरक्षक शिबू सोरेन ने जिन विचारधाराओं की छांव तले झामुमो की नींव रखी थी, आज उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं विनम्रतापूर्वक इस जिम्मेदारी को स्वीकार करता हूं। प्रण लेता हूं कि झारखंड के हर गांव, हर गरीब, हर वंचित और हर युवा की आवाज बनूंगा। हमारी पार्टी का इतिहास संघर्षों से भरा है, लेकिन हमारा संकल्प अडिग है। आज फिर से हमें एकजुट होकर झारखंड की अस्मिता, विकास और न्याय के लिए संघर्ष करना है।

**कार्यकर्ताओं से किया वादा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और झारखंडवासियों से वादा करता हूं कि आपका विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा। पुनः मैं झामुमो की सर्वोच्च सोच को दोहराता हूं कि आइये हम सब मिलकर एक ऐसे समाज, राज्य एवं देश का निर्माण करें, जहां समानता हो, न्याय हो और हर नागरिक को गौरवपूर्ण जीवन मिले।

**सोशल मीडिया पर कार्यकर्ताओं को दिया धन्यवाद:** मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर झामुमो कार्यालय की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि मेरे प्यारे कार्यकर्ताओं और साथियों, आप सभी के अथक संघर्ष, विश्वास और समर्पण के बिना यह सफर संभव नहीं था। आज जब मैं पार्टी अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहा हूं, तो मैं आप सभी का आभारी हूं, जिन्होंने हर मुश्किल घड़ी में पार्टी और झारखंड के हितों को सर्वोपरि रखा। आपकी मेहनत ही हमारी ताकत है, और आपके सपने ही हमारी प्रेरणा। हम सब मिलकर झारखंड की सेवा, विकास और न्याय के लिए नये जोश के साथ आगे बढ़ेंगे।

### झामुमो कोटे के मंत्री एक दिन दफ्तर में बैठेंगे: सुप्रियो

हेमंत सोरेन के पार्टी कार्यालय से जाने के बाद सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने कई निर्देश दिये हैं। सुप्रियो ने बताया कि पार्टी दफ्तर में सप्ताह में एक दिन झामुमो कोटे के एक मंत्री बैठेंगे, ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं का तत्काल निपटारा हो सके।

## झामुमो की केंद्रीय समिति में पांच राज्यों के सदस्य शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 15 अप्रैल को झामुमो के केंद्रीय महाधिवेशन में घोषित केंद्रीय समिति के सदस्यों की सूची बुधवार को जारी कर दी गयी। पार्टी ने इस बार झारखंड के अलावा बिहार, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से भी केंद्रीय समिति का सदस्य बनाया है। जिन प्रमुख नेताओं को केंद्रीय समिति का सदस्य बनाया गया है, उनमें दुमका से शिबू सोरेन, नलिन सोरेन, बसंत सोरेन, लुइस मरांडी, आलोक कुमार सोरेन आदि शामिल हैं।

### झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्यों की पूरी सूची

**दुमका:** शिबू सोरेन, नलिन सोरेन, बसंत सोरेन, लुइस मरांडी, आलोक कुमार सोरेन, जोयेस बेसरा, अब्दुल सलाम अंसारी, शिवलाल मरांडी, सबिता टूडी, सुनीता मरांडी, सत्तार खान, जोसेफ हेंब्रम और कादिर रजा।

**गोड्डा:** ताला मरांडी, सिमोन मालतो, विनोद मुर्मू, सुनील मरांडी, पुष्पेंद्र टुडू, विकास मुर्मू, इंद्रजीत पंडित, मो इरफान, श्रवण कुमार मंडल, और राजेंद्र दास।

**पाकुड़:** स्टीफन मरांडी, समद अली, श्याम यादव, हरिवंश चौबे, उपासना मरांडी, प्रतिमा पांडेय, सुनील टुडू, निशा शबनम हांसदा, पिंकू शेख, उमर फारुख और पोलिना मुर्मू।

**कोडरमा:** गोपाल प्रसाद यादव, बैद्यनाथ मेहता, संजय पांडेय, गंगा प्रसाद यादव, इस्लाम अंसारी, रामेश्वर मुर्मू।

**हजारीबाग:** कमल नयन सिंह, सोनाराम मांझी, राजा खान, मो इजहार, गौरव पटेल, राजेश शर्मा उर्फ बिटु शर्मा, सुनील शर्मा, सैयनाथ गंझू, रामकिशोर मुर्मू, जानकी यादव, संजीव कुमार बेदिया।

**गिरिडीह:** सुदिव्य कुमार सोनू, सरफराज अहमद, कल्पना सोरेन मुर्मू, निजामुद्दीन अंसारी, हीरालाल महतो, बरकत अली, केदार हाजरा, बबली मरांडी, अजीत कुमार पप्पू, प्रणव वर्मा, प्रमिला मेहरा, अखिलेश महतो, दिलीप मंडल, कोलेश्वर सोरेन, नुनूराम किस्कू, शत्रुघन मंडल, सुनील यादव।

**चतरा:** पंकज कुमार प्रजापति, अमरदीप प्रसाद, सुरेश साव, वंदना सिंह, बाबूलाल साव, मनोज चंद्रा, सरोज देवी, पूरण राम, असलम अंसारी।

**खूंटी:** सुदीप गुड़िया, राम सूर्या मुंडा, स्नेहलता कंडुलना, उषा धान, सुशांति कोंगारी, बीरेन कंडुलना, हेमंत टोपनो, भोलानाथ लाल, मकसूद अंसारी, मगन मंजीत तिड़ू, अमरनाथ मुंडा।

**सिमडेगा:** मो इरशाद, नोवस केरकेट्टा, धर्मदास टोप्नो,, प्रफुल्लित डुंगडुंग, सुनील खेस, फिरोज अली, नुसरत खातुन, बिरजो कंडुलना, संजरव डांग।

(शेष पेज 05 पर)

## वक्फ कानून पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

- केंद्र सरकार से पूछा, क्या हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में मुस्लिमों को जगह देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दो घंटे सुनवाई हुई। इस कानून के खिलाफ 100 से ज्यादा याचिकाएं लगायी गयी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन पर केंद्र से जवाब मांगा है, लेकिन कोर्ट ने कानून के लागू होने पर रोक नहीं लगायी है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता भी जतायी। इस पर सॉलिसिटर जनरल (एसजी) ने कहा कि ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव डालने के लिए किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि हम इस पर फैसला करेंगे।

सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ कानून के तहत बोर्ड में अब हिंदुओं को भी शामिल किया जायेगा। यह अधिकारों का हनन है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार है। हिंदुओं के दान कानून के मुताबिक, कोई भी बाहरी बोर्ड का हिस्सा नहीं हो सकता है।



सीजेआइ संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से एसजी तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं।' सुप्रीम कोर्ट अब गुरुवार दो बजे सुनवाई करेगा। सुनवाई में अपीलकर्ताओं ने वक्फ बोर्ड बनाने, पुरानी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन, बोर्ड मेंबरों में गैर-मुस्लिम और विवादों के निपटारों को लेकर मुख्य दलीलें दीं। बताते चलें कि संसद से चार अप्रैल को पारित हुए वक्फ संशोधन बिल को पांच अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली थी। सरकार ने आठ अप्रैल से अधिनियम के लागू होने की अधिसूचना जारी की। तब से इसका लगातार विरोध हो रहा है।

## मुजफ्फरपुर में बस्ती में आग, जिंदा जले 4 बच्चे

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में बुधवार को एक दलित बस्ती के 50 से अधिक घरों में आग लग गयी। हादसे में चार बच्चों की मौत हो गयी है। मृतकों में छोटू पासवान की बेटी अंशिका कुमारी (05), राज पासवान की बेटी ब्यूटी कुमारी (08), सृष्टि कुमारी (06), विपुल कुमार (10) शामिल हैं। वहीं, 15 से 20 बच्चे आग से बचने के लिए इधर-उधर भाग गये थे। दो घंटे बाद गायब सभी बच्चे अपने घर पहुंच गये। मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन का कहना है कि घटना में पांच व्यक्ति की मौत अफवाह थी। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से हाइ टेंशन तार गोलक पासवान के घर पर गिरा, जिसकी वजह से आग लगी। फिर देखते ही देखते पूरे झुग्गी इलाके में फैल गयी। इस दौरान कई झुग्गियों में रखे सिलेंडर ब्लास्ट कर गये।

## योगी सबसे बड़ा 'भोगी' है: ममता बनर्जी

- इमामों के सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भड़कीं
- बंगाल सीएम ने कहा मुर्शिदाबाद दंगा में भाजपा-बीएसएफ की मिलीभगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वक्फ एक्ट को लेकर इमामों के साथ एक बैठक के दौरान भाजपा नेताओं पर जमकर निशाना साधा। उनके निशाने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ भी आये। ममता ने यूपी के सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि योगी सबसे बड़ा 'भोगी' है।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इससे पहले मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने वक्फ अधिनियम को लेकर उनके राज्य में हुई हिंसा पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया था। योगी ने कहा था कि बंगाल जल रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री चुप हैं। वह दंगाइयों को 'शांति का दूत' कहती हैं। लेकिन जो लोग केवल बल को समझते हैं, वे शब्दों को नहीं सुनेंगे।



ममता बनर्जी ने इस दौरान नये वक्फ बिल को अत्याचारी कानून करार दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील भी की। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी से अपील करती हूं कि वे किसी भी 'अत्याचारी कानून' को अनुमति न दें और अपने गृह मंत्री पर नियंत्रण रखें। इमामों के साथ बैठक में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम देश के संघीय ढांचे के खिलाफ है। भाजपा पर आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा ने रामनवमी के दौरान दंगे कराने की योजना बनायी, लेकिन विफल रही। मुर्शिदाबाद में हुए सांप्रदायिक दंगे पूर्व नियोजित थे। मैं लोगों को विभाजित नहीं होने दूंगी, मैं एकता चाहती हूं। मुर्शिदाबाद दंगा में भाजपा-बीएसएफ की मिलीभगत है।

## हजारीबाग में जमीन विवाद में वकील के घर पर हमला

# पेट्रोल बम और हथियारों से लैस भीड़ ने किया हमला, कई गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत जबरा मौजा में 15 अप्रैल की मध्यरात्रि करीब एक बजे जमीन विवाद को लेकर एक अधिवक्ता मनोहर लाल के घर पर हमला किया गया। पीड़ित के अनुसार 40 से 50 अज्ञात और नामजद व्यक्तियों की भीड़ ने हथियारों और पेट्रोल बम से लैस होकर उनकी कृषि भूमि एवं मकान पर हमला कर दिया। इस हमले में लाखों की संपत्ति को नुकसान हुआ। पीड़ित परिवार ने किसी तरह अपनी जान बचायी। पीड़ित की भाभी शांतिदेवी की जमीन पर बने मकान और बाउंड्री को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हमलावरों में अर्जुन शर्मा, नरगेश राणा, निर्मल मेहता, विजय प्रसाद महतो, अरविंद मेहता समेत कई नामजद लोग शामिल थे। भागते समय निर्मल मेहता ने अपने हथियार से फायरिंग की, जबकि कई अन्य ने पेट्रोल बम फेंका। मौके पर मौजूद तीन आरोपियों, गौतम सिंह, रौशन कुमार और पंकज कुमार को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। इन आरोपियों ने अन्य हमलावरों के नाम भी बताये, जिनमें पवन सोनी, रितिक सोनी, आयुष ठाकुर, अमन, राहुल यादव, पंकज यादव, शंकर सोनी, संदीप साव, गोलू, कुणाल राम और गणपत मेहता शामिल हैं। सूचना मिलने पर कोर्रा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से बरामद पेट्रोल बम और मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया। पकड़े गये तीनों आरोपियों को पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया है।



# रांची समेत पूरे देश में कांग्रेस का इडी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

## संदर्भ: नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल पर चार्जशीट का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुडे मनी लांड्रिंग केस में मंगलवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। इसके विरोध में कांग्रेस ने रांची समेत देशभर में इडी दफ्तरों के बाहर बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। वहीं, रांची में भी कांग्रेस नेताओं ने इडी कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ता, नेता और मंत्री ने इडी कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान इडी कार्यालय के बाहर सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारियों की भीड़ इकट्ठा हुई। सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक इडी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन चलता रहा।



रांची में इडी कार्यालय का घेराव करते कांग्रेसी । (खबर पेज 03 पर)

बताते चलें कि मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होगी। कोर्ट ने इडी से मामले की केस डायरी भी मांगी है। 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ इस मामले की शिकायत की थी। 12 अप्रैल 2025 को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गयी। इडी ने दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया था।

कांग्रेस ने इसे बदले की राजनीति बताया है। जयराम रमेश ने कहा कि नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना कानून के शासन का मुखौटा पहने हुए राज्य प्रायोजित अपराध है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की ओर से बदले की राजनीति और धमकी के अलावा कुछ नहीं है। हालांकि, कांग्रेस और उसका नेतृत्व चुप नहीं रहेगा। सत्यमेव जयते। उधर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनवाला ने कहा कि अब इडी का मतलब डकैती तथा वंशवाद का अधिकार नहीं है। वे जनता का पैसा, संपत्ति हड़प लेते हैं और कार्रवाई होने पर विक्टिम कार्ड खेलते हैं। उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले में भी जनता की संपत्ति को अपना बना लिया।

### गुरुग्राम जमीन घोटाले में वाड्रा से दो घंटे पूछताछ हुई

चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)। गुरुग्राम जमीन घोटाला केस में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से लगातार दूसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने दो घंटे पूछताछ की। गुरुवार को उन्हें फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया है। वाड्रा सुबह 11 बजे इडी ऑफिस पहुंचे थे। उनके साथ प्रियंका गांधी भी थीं। वह पूछताछ तक वेटिंग रूम में बैठी रहीं। इससे पहले मंगलवार को भी इडी ने वाड्रा से करीब छह घंटे पूछताछ की थी। वाड्रा पूछताछ के लिए पैदल ही दफ्तर पहुंचे थे। इडी ऑफिस से निकलने के बाद वाड्रा ने कहा कि मैं कभी भी अपने आपको सॉफ्ट टारगेट नहीं बुलाऊंगा। आप (केंद्र सरकार) मुझे परेशान करोगे या कोई प्रेशर डालोगे, तो मैं और उभरकर आऊंगा, स्ट्रांग बनूंगा। हम लोगों की बात रखते हैं, इसलिए टारगेट पर हैं। हम किसी से डरते नहीं हैं। हम हमेशा लोगों के लिए लड़ते रहेंगे।






# हेमंत सोरेन: छात्र नेता से झामुमो के अध्यक्ष पद तक का सफर

## ■ राजनीति में कदम रखने के बाद कभी संघर्षों से पीछे नहीं हटे हेमंत

## ■ शुरू से ही गंभीर राजनीति करते रहे हैं, सीधे लोगों से कनेक्ट करते हैं

## ■ हर राजनीतिक झंझावात का डट कर मुकाबला किया और सफल हुए

**आजाद सिपाही विशेष**

**देश के सबसे मजबूत क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में शुमार झारखंड मुक्ति मोर्चा को 38 साल के बाद हेमंत सोरेन के रूप में नया अध्यक्ष मिला है। हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन से यह जिम्मेदारी ग्रहण की है। इससे पहले वह एक दशक से अधिक समय तक पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रहे और उस दौरान उन्होंने झामुमो को नयी ऊंचाई पर पहुंचाया। एक रूढ़िवादी पार्टी, जिसे लीक पर चलना पसंद था और जो आदिवासियत के रंग में रंगी थी, उसका हेमंत सोरेन ने पूरी तरह रूपांतरण कर दिया। इसमें सबसे खास बात यह रही कि झामुमो नया तो बना, लेकिन उसका पुराना तेवर, पुरानी परंपराएं और पुराना रंग भी बरकरार रहा। इस लिहाज से हेमंत सोरेन ने जो कुछ किया, उसका कोई जोड़ कम से कम भारत में तो नहीं मिलता है। हेमंत सोरेन के साथ सबसे खास बात यह है कि वह गंभीर किस्म की राजनीति करते हैं और कोई भी फैसला करने से पहले उस पर कई बार सोचते हैं। उनका यह गुण झामुमो को नयी ऊर्जा देगा, क्योंकि शिबू सोरेन ने अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में हेमंत सोरेन को संघर्ष और हिम्मत की जो घुट्टी पिलायी है, उससे हेमंत कभी पीछे नहीं हटेंगे। हेमंत सोरेन की सियासी कामयाबी किसी दंतकथा जैसी लगती है, क्योंकि उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा को उस ऊंचाई पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां कभी उसे हेमंत के पिता और राजनीतिक गुरु शिबू सोरेन ने पहुंचाया था। उन्हें बार-बार राजनीतिक झंझावातों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हर झंझावात का बखूबी सामना करते हुए अपने को एक लौह व्यक्तित्व के रूप में स्थापित कर दिया। एक व्यक्ति के तौर पर हेमंत सोरेन अंतर्मुखी हैं, लेकिन जब बात राजनीति की होती है, तो वह अपने अंतर्मुखी व्यक्तित्व को एक सीधे-सपाट व्यक्ति में बदल देते हैं, जिससे साबित होता है कि राजनीति उनकी व्यक्तिगत पसंद भी है। 49 वर्ष के हेमंत आज एक सियासी शख्सियत ही नहीं, चमत्कारी राजनेता बन चुके हैं। घर के भीतर हेमंत सोरेन एक आम पिता, पति और पुत्र होते हैं, लेकिन उनका एक खास गुण यह है कि वह कभी अपने कर्तव्यों को नहीं भूलते और न अपनी जिम्मेदारियों से पीछे हटते हैं। हेमंत ने राजनीति की शुरुआत छात्र मोर्चा से की और आज झामुमो के अध्यक्ष हैं। कैसा रहा उनका यह सफर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

1947 में आजादी मिलने के कुछ दिन बाद देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू अमेरिका गये, तो वहां उनसे पूछा गया कि भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती क्या थी। पंडित नेहरू ने जवाब दिया कि एक रूढ़िवादी और परंपरावादी देश-समाज को आधुनिक सोच का देश-समाज बनाना ही मेरी सबसे बड़ी चुनौती थी। पंडित नेहरू का यह कथन आज हेमंत सोरेन के लिए भी सही साबित हो रहा है, क्योंकि उन्होंने अपनी पार्टी को भी एक रूढ़िवादी और परंपरावादी पार्टी के रंग और तेवर को बरकरार रखते हुए देश की सबसे मजबूत क्षेत्रीय पार्टियों में शुमार करने में कामयाबी पायी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा को 38 साल के बाद हेमंत सोरेन के रूप में नया अध्यक्ष मिला है, तो उसका उत्साह स्वाभाविक रूप से आसमान पर है। झामुमो अध्यक्ष पद की कुर्सी पर विराजमान होने से पहले हेमंत सोरेन को ऐसे राजनीतिक झंझावात का सामना करना पड़ा कि हर व्यक्ति इसका सामना नहीं कर सकता, लेकिन हेमंत सोरेन ने न सिर्फ उन राजनीतिक झंझावातों और साजिशों का सामना करते हुए संघर्ष के रास्ते झारखंड में ऐसी लंबी राजनीतिक लकीर खींच दी, जिसने उन्हें देश के संघर्षशील नेताओं की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है।

### कौन हैं हेमंत सोरेन

हेमंत का जन्म 10 अगस्त, 1975 को शिबू सोरेन और रूपी सोरेन के दूसरे पुत्र के रूप में हुआ। उनके बड़े भाई दुर्गा सोरेन की असामयिक मौत ने हेमंत को राजनीति में धकेल दिया। चूंकि शिबू सोरेन हमेशा घर से बाहर रहते थे और अलग झारखंड राज्य बनाने के लिए राजनीतिक आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे, हेमंत की बाल्यावस्था को उनकी मां ने सजाया-संवारा। पूरा परिवार पटना (एकीकृत बिहार की राजधानी) के अलावा रांची और दुमका में रहता था, हालांकि यह परिवार मूल रूप से रामगढ़ के पास नेमरा गांव का रहनेवाला है। हेमंत ने पटना हाइ स्कूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की और बीआइटी मेसरा में इंजीनियरिंग में नामांकन लिया। बाद में उन्हें बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी। तब तक राजनीति में उनके नाम की पुकार होने लगी थी।

हेमंत एक दयालु, गंभीर और कोमल हृदय के व्यक्ति हैं। अपने पिता की तरह उनके भीतर मानवीय संवेदनाएं हिलोरें मारती रहती हैं। ऐसा शायद इसलिए है, क्योंकि हेमंत अपना खाली समय किताबों के साथ बिताते हैं। उन्हें पढ़ना बहुत पसंद है। संवेदनाओं को वह जल्दी अभिव्यक्त नहीं करते, लेकिन उन संवेदनाओं से वह हिम्मत ग्रहण करते हैं। चुनौतियों से भरे शुरुआती जीवन से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक का उनका सफर संघर्षपूर्ण रहा। जमीन घोटाले में जेल भेज दिये जाने के बाद उनकी छवि और मजबूत हुई। जेल से वह तपे-तपाये नेता बन कर उभरे और झारखंड में सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में अपने को स्थापित कर लिया। लोगों की सहानुभूति का कारवां उनके साथ चल पड़ा। पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मिल कर उन्होंने पार्टी को चुनावी सफलता दिलायी। झामुमो का कार्यकारी अध्यक्ष रहते हुए वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को दोबरा सत्ता में लाने वाले हेमंत सोरेन के हाथों में अब संगठन की पूरी बागडोर है। हेमंत सोरेन ने दृढ़ संकल्प, राजनीतिक कौशल और लचीलेपन के साथ झामुमो को एक नये मुकाम तक पहुंचाने में सफलता हासिल की। रणनीतिक कौशल और राजनीति में साम-दंड-भेद नीति से हेमंत सोरेन ने स्टीफन मरांडी, साइमन मरांडी, हेमलाल मुर्मू और चंपाई सोरेन जैसे वरिष्ठ नेताओं के आंतरिक प्रतिरोध के बावजूद खुद को शिबू सोरेन के उत्तराधिकारी के रूप में स्थापित करने में सफलता हासिल की। इसका परिणाम यह निकला कि फिलहाल चंपाई सोरेन को छोड़ कर झामुमो के सभी पुराने नेता फिर से पार्टी में लौट आये हैं और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। अपने तपे-तपाये चेहरे के साथ हेमंत सोरेन अब पार्टी में सर्वमान्य चेहरा बन कर उभर गये हैं।

### 34 साल की उम्र में पहली बार राज्यसभा के लिए चुने गये

हेमंत सोरेन के राजनीतिक जीवन की शुरुआत झारखंड छात्र मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में हुई। बड़े भाई दुर्गा सोरेन के असामयिक निधन के बाद पिता शिबू सोरेन की मदद के लिए हेमंत ने पढ़ाई छोड़ दी और राजनीति के मैदान में उतर गये। 2009 में 34 साल की उम्र में वह पहली बार राज्यसभा के लिए चुने गये। उसी साल उन्होंने दुमका विधानसभा सीट भी जीती। 35 साल की उम्र में वह पहली बार उप मुख्यमंत्री बने और 38 साल की उम्र में मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे।

### बरहेट से लगातार तीन बार जीत मिली

इस बीच नेमरा से दुमका होते हुए 2014 में हेमंत सोरेन बरहेट पहुंचे और पिछले तीन चुनावों से वे बरहेट से ही जीत रहे हैं। हेमंत सोरेन का नेमरा से बरहेट तक का यह राजनीतिक सफर काफी दिलचस्प है। अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान हेमंत पर खनन और भूमि घोटाले सहित कई गंभीर आरोप लगाये गये। जनवरी 2024 में उन्हें मनी लॉंड्रिंग मामले में अंततः जेल भेज दिया गया, जिसके कारण उन्हें करीब पांच महीने के लिए सीएम पद छोड़ना पड़ा। हालांकि, उनकी जेल की अवधि ने एक दृढ़ नेता के रूप में उनकी छवि को और मजबूत किया। संघर्ष के रास्ते चलते हुए उन्होंने अपने को लौह पुरुष के रूप में स्थापित कर लिया। इस बीच, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन एक राजनीतिक ताकत के रूप में उभरीं और साथ मिल कर उन्होंने झामुमो को चुनावी सफलता दिलायी।



### शुरुआती जीवन चुनौतियों भरा

हेमंत सोरेन का शुरुआती जीवन चुनौतियों से भरा रहा। उनके पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पास खेती के अलावा कोई और रोजगार नहीं था। इस वजह से परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। महाजनों के शोषण के खिलाफ लड़ाई और झारखंड आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के कारण शिबू सोरेन को वर्षों जंगल की शरण में रहना पड़ा। लेकिन वे टूटे नहीं, उस परिस्थिति में हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन ने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने की पूरी कोशिश की।

शिबू सोरेन 1970 के दशक में अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर झामुमो की स्थापना में सक्रिय रूप से शामिल थे। जिस समय हेमंत सोरेन का जन्म हुआ था, उनके पिता टुंडी स्थित एक आश्रम में संताली समुदाय को जागरूक करने के लिए अभियान चला रहे थे। हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन अपने पैतृक गांव नेमरा में रह कर अपनी बेटी अंजली सोरेन, बड़े बेटे दुर्गा सोरेन, दूसरे बेटे हेमंत सोरेन और छोटे बेटे बसंत सोरेन का पालन-पोषण करती रहीं।

### गांव के ही सरकारी प्राथमिक स्कूल में मिली शिक्षा

बड़े बेटे दुर्गा सोरेन को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए गुहियाजोरी गांव स्थित संत जोसेफ हाइ स्कूल में दाखिला कराया गया। यह स्कूल कभी संताल परगना का सबसे अच्छा शिक्षण संस्थान माना जाता था। वहीं, हेमंत सोरेन ने गांव के ही सरकारी प्राथमिक स्कूल में शिक्षा प्राप्त की। बाद में, उन्हें उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा के लिए पटना के एमजी हाइ स्कूल में दाखिला दिलाया गया, जहां उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 1990 में मैट्रिक और 1994 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने रांची के बीआइटी मेसरा में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया, लेकिन राजनीति में आने के लिए उन्होंने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी।

### छात्र मोर्चा अध्यक्ष के रूप में राजनीतिक करियर की शुरुआत

2003 में हेमंत सोरेन ने झामुमो की छात्र शाखा, झारखंड छात्र मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में अपना करियर शुरू किया। हेमंत सोरेन का सपना इंजीनियर बनने का था, लेकिन पिता के राजनीति में रहने के कारण घर की परिस्थितियां बदल गयीं। एक मामले में उनके पिता शिबू सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं उनके बड़े भाई दुर्गा सोरेन भी किडनी की बीमारी से पीड़ित रहने लगे। परिवार में ऐसी समस्याएं आने से हेमंत सोरेन विचलित हो गये।

### शिबू सोरेन के सीएम नहीं बनने से गहरा सदमा लगा

वर्ष 2000 में अलग झारखंड राज्य बनने के बाद विधायकों की पर्याप्त संख्या नहीं होने के कारण शिबू सोरेन को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। इस घटना ने परिवार के साथ-साथ हेमंत सोरेन को भी झकझोर कर रख दिया, क्योंकि शिबू सोरेन के नेतृत्व में ही लंबे समय तक अलग राज्य के लिए आंदोलन चलाया जा रहा था और जब अलग राज्य का गठन हुआ, तो शिबू सोरेन की जगह भाजपा के बाबूलाल मरांडी पहले मुख्यमंत्री बन गये। इस घटना के बाद हेमंत सोरेन ने झामुमो कार्यकर्ताओं और झारखंड आंदोलनकारियों के साथ शिबू सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। पिता शिबू सोरेन के मुख्यमंत्री नहीं बनने से आहत होकर हेमंत सोरेन जैसे कई युवा झामुमो से जुड़ने लगे।

### हेमंत सोरेन को पहले चुनाव में मिली हार

झामुमो को मजबूत बनाने के लिए युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से हेमंत सोरेन सक्रिय रूप से काम करने लगे। इसके परिणामस्वरूप पार्टी नेतृत्व ने 2005 में पार्टी के कद्दावर नेता प्रो स्टीफन मरांडी के बदले युवा हेमंत सोरेन को दुमका सीट से प्रत्याशी घोषित किया। इससे नाराज होकर प्रो स्टीफन मरांडी ने बगावत कर दी और हेमंत सोरेन के खिलाफ निर्दलीय चुनाव में उतर गये। इस चुनाव में स्टीफन मरांडी ने झामुमो के टिकट पर पहली बार चुनाव लड़ रहे युवा हेमंत सोरेन को हरा दिया।

### 2009 में बड़े भाई दुर्गा सोरेन की मौत के बाद बने उत्तराधिकारी

2009 में उनके बड़े भाई दुर्गा सोरेन की अचानक मृत्यु हो गयी। 2009 में उनकी मृत्यु के पहले तक दुर्गा सोरेन को ही शिबू सोरेन का राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता था, लेकिन इस घटना ने हेमंत सोरेन के राजनीतिक जीवन में एक नया मोड़ ला दिया। दुर्गा सोरेन की कमी को अब हेमंत सोरेन ने भरपाई करने का बीड़ा उठाया। हेमंत सोरेन अपने शोकग्रस्त परिवार को सहारा देने के लिए आगे आये और जून 2009 में राज्यसभा के लिए चुने गये। हालांकि, उसी वर्ष बाद में उन्होंने दुमका विधानसभा सीट जीती और राज्य की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने के लिए राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया।

### 2010 में पहली बार उपमुख्यमंत्री का मिला पद

2010 में झामुमो ने भाजपा के साथ मिल कर गठबंधन सरकार बनायी, जिसमें हेमंत सोरेन अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री के रूप में शामिल हुए। हालांकि जनवरी 2013 में उन्होंने स्थानीय मुद्दों पर नीतिगत असहमति का हवाला देते हुए मुंडा सरकार से समर्थन वापस ले लिया, जिसके कारण राष्ट्रपति शासन लागू हो गया।

### 2013 में हेमंत सोरेन पहली बार सीएम बने

छह महीने बाद हेमंत सोरेन ने अपना पहला राजनीतिक कार्ड खेला, जब उन्होंने कांग्रेस और राजद के साथ गठबंधन सरकार बनायी। जुलाई 2013 में उन्होंने पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, लेकिन 17 महीने तक मुख्यमंत्री के रूप में संक्षिप्त कार्यकाल के बाद 2014 के विधानसभा चुनावों में झामुमो को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, विपक्ष के नेता के रूप में हेमंत सोरेन ने अपनी राजनीतिक रणनीति को फिर से परिभाषित किया। उन्होंने आदिवासी पहचान को प्रभावित करने वाले भूमि कानूनों जैसे मुद्दों पर रघुबर दास के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन किया।

### 2019 में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को बहुमत

हेमंत सोरेन की रणनीति और उनके प्रयासों के कारण 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करते हुए 47 सीटें हासिल कीं। हेमंत सोरेन 29 दिसंबर, 2019 को दूसरी बार मुख्यमंत्री बने।

### जेल जाने के बावजूद हेमंत सोरेन की पकड़ मजबूत हुई

अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान हेमंत सोरेन पर खनन और भूमि घोटाले सहित कई गंभीर आरोप लगे। जनवरी 2024 में उन्हें मनी लॉंड्रिंग मामले में जेल भेजा गया, जिसके कारण उन्हें पांच महीने के लिए पद छोड़ना पड़ा। हालांकि, उनकी जेल की अवधि ने एक दृढ़ नेता के रूप में उनकी छवि को और मजबूत किया। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने तीसरी बार फिर से सीएम के रूप में शपथ ली। इस बीच, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन एक राजनीतिक ताकत के रूप में उभरीं और साथ मिल कर उन्होंने झामुमो को चुनावी कामयाबी दिलायी। संघर्ष, कुशल नेतृत्व और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण ही हेमंत सोरेन आज झामुमो के अध्यक्ष बनाये गये हैं। पार्टी को उनसे और भी काफी अपेक्षाएं हैं। हेमंत सोरेन ने भी संकल्प लिया है कि वे पार्टी हित में अपना सब कुछ न्योछावर कर देंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.7 °c | 17.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.10 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.27 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



### आर्मी ग्राउंड पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री, एयर शो की तैयारियों का लिया जायजा

# वायु सेना के कौशल और शौर्य को करीब से देखेगी जनता : संजय सेठ

**सेना में सेवा को उत्साहित युवाओं के उत्साहवर्द्धन के लिए हो रहा कार्यक्रम**

**वायु सेना के अधिकारियों ने दी ब्रीफिंग, ऐतिहासिक होगा यह शो**



**आजाद सिपही संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तंजानिया दौरे के बाद बुधवार को रांची पहुंचे। यहां रक्षा राज्य मंत्री सीधे नामकुम आर्मी ग्राउंड गये, जहां सूर्य किरण की टीम के द्वारा दो दिवसीय एयर शो आयोजित किया गया है। रक्षा राज्य मंत्री की पहल और प्रयास से हो रहे इस कार्यक्रम में उन्होंने वायु सेवा के अधिकारियों से बातचीत की। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और इस एयर शो की रूपरेखा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। विदित हो कि 19 और 20 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे रांची में विश्वस्तरीय एयर शो का आयोजन सूर्य किरण टीम द्वारा किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना की यह टीम विमानों के द्वारा कई रोमांचकारी करतब दिखायेगी। इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि सेना के जवानों का शौर्य और कौशल को करीब से देखने का यह ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं स्वर्णिम अवसर होगा। इसे ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने के लिए वायुसेना अनथक परिश्रम कर रही है। इस कार्यक्रम में सभी रांचीवासी सादर आमंत्रित हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि देश की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के साथ ही आरंभ से उनका यह प्रयास रहा कि रांची और झारखंड की जनता सेना के शौर्य और कौशल को करीब से देख सके, उसे महसूस कर सके और सेना में सेवा देने के लिए युवाओं की उत्सुकता और बढ़ सके। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने पिछले वर्ष सेना को जानो कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन कराया था। यह कार्यक्रम भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है। रांचीवासी वायु सेवा के शौर्य को करीब से देखेंगे। इससे हमारे क्षेत्र के युवाओं का सेना में जाने का उत्साह और दुगना होगा। रक्षा राज्य मंत्री ने रांचीवासियों से इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया है।

# रांची में पहली बार एयर शो सीएम को दिया गया निमंत्रण

**आजाद सिपही संवाददाता**



**रांची।** रांची में पहली बार भारतीय वायुसेना का एयर शो होने जा रहा है। इस खास कार्यक्रम के लिए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को आमंत्रण दिया है। यह एयर शो 19 और 20 अप्रैल 2025 को खोजा टोली, नामकुम के आर्मी ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। इस शो में भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम शामिल होगी। यह टीम आसमान में हवाई जहाज से जबरदस्त करतब दिखोयगी, जिसे लोग देख कर हैरान रह जायेंगे। एयर शो 19 और 20 की सुबह 9:45 बजे से 10:45 बजे तक चलेगा। यानी हर दिन एक घंटे तक यह कार्यक्रम होगा।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां डॉ राजन कुमार सिंह के पुत्र कुशल के वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुशल को सुखद दांपत्य जीवन की मंगलकामनाएं एवं शुभाशीष दी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डॉ राजन कुमार सिंह एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई दी।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** – परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। नौकरी-व्यापार में उन्नति।
- **वृष** – रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी,किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा
- **मिथुन** – परिस्थिति में सुधार होगा,बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण,धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** – कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **सिंह** – रूका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें दुर्घटना की आशंका।
- **कन्या** – नौकरी में उन्नति होगी, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला** – परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग, नौकरी में बदलाव होने की संभावना।
- **वृश्चिक** – संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा.
- **धनु** – इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय, मन प्रसन्न रहेगा।
- **मकर** – आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** – स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** – आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# कांग्रेस का इडी ऑफिस के बाहर जोरदार प्रदर्शन

**प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो ने भाजपा पर किया तीखा प्रहार**



**आजाद सिपही संवाददाता**

**रांची।** नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर दर्ज मामले के विरोध में बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय (इडी) कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ता, नेता और मंत्री ने इडी कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक इडी कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन चलता रहा।

### कांग्रेस की सक्रियता देख बौखला गयी है भाजपा : के राजू

विरोध प्रदर्शन के दौरान झारखंड प्रभारी के राजू ने कहा कि भाजपा इस देश में लगातार लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर रही है। नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों को क्लीन चिट मिल चुकी है, लेकिन आगामी चुनाव में कांग्रेस की सक्रियता देख भाजपा बौखला गयी है।

### चुनाव आते ही रेस हो जाती है भाजपा की इडी : केशव महतो

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जब कभी देश के किसी भी राज्य में चुनाव होने वाले होते हैं, भाजपा की इडी सक्रिय हो जाती है। केंद्र सरकार विपक्ष को कुचलने का प्रयास कर रही है, ताकि विपक्ष जन मुद्दों पर खामोश रहे और प्रधानमंत्री देश की संपत्ति अपने पूंजीपति मित्रों को बेचते रहें। उन्होंने कहा देश के सभी भ्रष्टाचारियों को प्रधानमंत्री ने अपने दल में शामिल कर रखा है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से केवल एक राजनितिक बदला और धमकी है। कांग्रेस के उपनेता राजेश कच्छप ने कहा कि यह मामला केवल राजनीति दृष्टिकोण से प्रेरित है। राहुल गांधी की सच्चाई से डरकर भाजपा ऐसी कार्रवाई कर रही है।

### मंत्री, विधायक, नेता और सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता रहे मौजूद

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान झारखंड प्रभारी के राजू, झारखंड के सह प्रभारी डॉ सिरिवेला प्रसाद, केशव महतो कमलेश, नेता प्रदीप यादव, राजेश कच्छप, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, सुबोधकांत सहाय, सुरेश बैठा, रामचंद्र सिंह, नमन विक्सल कोंगाडी, अंबा प्रसाद, राजेश ठाकुर, डॉ प्रदीप बलमुचू, केएन त्रिपाठी, गुंजन सिंह एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# टीएसी की बैठक स्थगित

**रांची (आजाद सिपाही)।** ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल(टीएसी) की बुधवार को होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गयी है। बताया गया है कि 16 अप्रैल को प्रोजेक्ट भवन, एनेक्सी भवन सभागार में जनजातीय परामर्शदात्री समिति की होने वाली बैठक अपरिहार्य कारण वश स्थगित कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में यह बैठक होनी थी।

# आम लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए सीएम

**आजाद सिपही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को उनके कांके रोड स्थित आवास पर आम लोागों ने मुलाकात की। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष बनने के अगले ही दिन मुख्यमंत्री ने अपने घर का दरवाजा आम लोगों के लिए खोल दिया। आम लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री स्वयं एक-एक लोगों से रूबरू होकर, उनकी समस्याओं एवं परेशानियों को जाना और उनसे आवेदन प्राप्त किये। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी आवेदनों पर समुचित समाधान एवं निराकरण का भरोसा लोगों को दिलाया। मौके पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। मौके पर कई विभिन्न संगठनों के लोगों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

# नेशनल हेराल्ड मामले में चोरी के साथ सीनाजोरी कर रही कांग्रेस : बाबूलाल

**आजाद सिपही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिग मामले में इडी द्वारा कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर चार्जशीट दाखिल किये जाने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चोरी भी करती है और धरना-प्रदर्शन के रूप में लूट को छिपाने के लिए सीनाजोरी भी करती है। उन्होंने इडी की कार्रवाई को उचित कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में धरना-प्रदर्शन का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी देश भर में धरना-प्रदर्शन कर रही है। लेकिन उन्हें जमीन और फंड लूटने का अधिकार नहीं है। बाबूलाल मरांडी बुधवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है जिसे कई प्रकार की छूट मिलती है, लेकिन राजनीतिक पार्टी किसी निजी संस्था को पार्टी का फंड नहीं दे सकती। यह पूरी तरह से गैर कानूनी है। कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड की पूरी संपत्ति को गांधी परिवार के हाथों में लाने के लिए एक कॉरपोरेट साजिश रची। यंग इंडिया नाम की एक कंपनी बनायी गयी, जिसमें 38 प्रतिशत हिस्सा सोनिया गांधी का और 38 प्रतिशत राहुल गांधी का रखा गया। नौ करोड़ के इक्विटी शेयर इस कंपनी को ट्रांसफर किये गये। उन्होंने कहा कि शेयर के ट्रांसफर के बाद यंग इंडिया कंपनी के हाथ में नेशलन हेराल्ड की पूरी संपत्ति आ गयी। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को अपने निजी व्यापार में बदल दिया और अपना एटीएम बना लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर भर्त्सना करती है और कांग्रेस पार्टी की प्रतिक्रिया और इडी को धमकाने की भाषा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

# साहिबगंज में अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 8 मशीन जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**साहिबगंज।** मंडरो अंचल में प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने एक्शन लेते हुए 8 मशीन जब्त की हैं। उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार रात छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज अमर जॉन आइंद ने किया। टीम जब बेलभद्री मौजा स्थित खनन स्थल पर पहुंची, तो वहां कार्यरत सभी खनन माफिया भाग खड़े हुए, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी और कागजातों की जांच भी संभव नहीं हो पायी है। उनके साथ अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू, राजस्व उप निरीक्षक संजय गुप्ता, अंचल निरीक्षक मोहम्मद फारूख और क्यूआरटी टीम शामिल रही।

छापेमारी की कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि खनन स्थल पर कार्यरत 8 मशीन को दाग संख्या-20 के पास झाड़ियों एवं पहाड़ की तलहटी में छुपा दिया गया था और उनके रास्ते पर जानबूझकर मिट्टी डालकर अवरुद्ध किया गया था। जांच में सामने आया है कि लगभग 5 से 6 अलग-अलग स्थानों पर अवैध खनन हो रहा था। प्रशासन ने जब्त की गयी सभी मशीनों को मिर्जाचौकी थाना प्रभारी की अभिरक्षा में सौंप दिया है। इसके साथ ही अज्ञात खननकर्ता, खनन पट्टाधारी एवं मशीन चालक/मालिक के विरुद्ध झारखंड लघु खनिज समन्वयन नियमावली 2004, खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 एवं अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों के अंतर्गत मामला दर्ज करने का निर्देश जारी हुआ है। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध खनन के विरुद्ध एक कड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# पूर्व सांसद राजकिशोर महतो के बेटे का निधन



**रांची (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह के पूर्व सांसद राजकिशोर महतो के मंझले पुत्र राजेश महतो उर्फ डब्बू बाबू का निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। उनकी उम्र 53 साल थी। बता दें कि राजेश महतो झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्यों में से एक स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के पोता थे। राजेश महतो का परिवार धनबाद के प्रमुख राजनीतिक घरानों में एक है। गौरतलब है कि 4 साल पहले भी सांसद के बड़े बेटे रजनीश महतो उर्फ बबलू कुमार का निधन हो गया था। वह करीब 50 साल के थे। उनको सांस लेने में तकलीफ थी। यह भी मालूम हो कि 2020 में पूर्व सांसद राजकिशोर महतो का भी निधन हो गया था। वह टुंडी और सिंदरी विधानसभा से विधायक भी रहे हैं।

### मंत्री शिल्पी नेहा से मिले राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष

# झारखंड में डेयरी विकास को मिलेगी नयी दिशा

**आजाद सिपही संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ मीनेश शाह ने दो दिवसीय झारखंड दौरे के दौरान झारखंड के कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने मेधा डेयरी सहित एनडीडीबी की कार्य योजना पर चर्चा की। डॉ शाह ने बताया कि रांची के होटवार में झारखंड सरकार द्वारा संपोषित परियोजना जिसमें 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का पाउडर प्लांट और एक प्रॉडक्ट प्लांट चल रहा है और गिरिडीह में 50 हजार लीटर की क्षमता वाला एक प्लांट लगाने की योजना है। यहां डेयरी से संबंधित प्रारंभिक गतिविधियों की शुरूआत कर दी गयी है।

**राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत सेंटर की स्थापना :** झारखंड में राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत एक सेंटर स्थापित करने की योजना है, जहां राज्य के किसानों को उच्च नस्ल की गायें उपलब्ध करायी जा सकें। इससे किसानों को गाय खरीदने के लिए दूसरे राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात के दौरान वेटनरी डॉक्टरों की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा हुई। जिससे अब पशुपालकों को समय पर वेटनरी डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। झारखंड दौरे के दौरान राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष, के द्वारा सारठ डेरी, देवघर, प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। दूध उत्पादकों से मिलकर उनसे सुझाव प्राप्त किया और क्षेत्र में डेरी सहकारिता को मजबूत करने का भरोसा दिया।

# हरमू नदी और बड़ा तालाब की सफाई पर हाइकोर्ट ने सरकार और रांची नगर निगम से मांगा जवाब

**आजाद सिपही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने जल स्त्रोतों, नदी, रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई और संरक्षण के संबंध में लिये गये स्वतः संज्ञान पर सुनवाई की। मामले में चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को राज्य सरकार से रांची के बड़ा तालाब और हरमू नदी की साफ-सफाई पर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई नौ जून को होगी।

इससे पहले रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि बीते 10-11 अप्रैल को निगम की ओर से हरमू नदी की सफाई करायी गयी है। निगम की ओर से समय-समय पर हरमू नदी की सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस संदर्भ में उनकी ओर से हरमू नदी की सफाई से संबंधित फोटोग्राफ प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने निगम को मौखिक रूप से कही गयी इन बातों को शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश दिया। वहीं हस्तक्षेपकर्ता झारखंड सिविल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने कोर्ट को बताया कि बड़ा तालाब में जब तक इसकी गहराई में जमे गाद को नहीं हटाया जायेगा, तब तक पूरी तरह से बड़ा तालाब की सफाई नहीं हो सकेगी। उनकी ओर से यह भी बताया गया कि हरमू नदी में लोगों के घर से निकला हुआ सॉलिड कचरा जा रहा है। ऐसे में हरमू नदी की सफाई भी जरूरी है। इस पर सरकार की ओर से बताया गया कि बड़ा तालाब में वर्षों से जमे गाद को निकालने के लिए नगर विकास विभाग ने जुडको से संपर्क किया था लेकिन जुडको ने इसमें विशेषज्ञता नहीं होने की बात कहते हुए असमर्थता जतायी है। इसके बाद नगर विकास विभाग की ओर से जल संसाधन विभाग को बड़ा तालाब से गाद निकालने के संबंध में पत्र लिखा गया है। कोर्ट ने इस संदर्भ में भी राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

## रांची एसएसपी ने किया ऑन द स्पॉट फैसला

# महिला की शिकायत पर जमीन दलाल भेजा गया हवालात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को रांची पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान के दौरान एसएसपी ने कई मामलों में कड़े तेवर दिखाये। इस दौरान उन्होंने ऑन द स्पॉट फैसले किये। उन्होंने जन शिकायत केंद्र में एक जमीन दलाल को हवालात के पीछे भेज दिया।

**क्या है पूरा मामला :** रांची के सुखदेव नगर की रहने वाली एक महिला जन शिकायत समाधान केंद्र में अपनी पीड़ा लेकर पहुंची थी। महिला ने एसएसपी को यह बताया कि कुछ आपराधिक तत्व उनके घर आकर उन्हें डरा धमका रहे हैं। मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए एसएसपी ने महिला के घर जाकर धमकाने वाले व्यक्ति को सीधे फोन करके जन समाधान केंद्र तलब कर लिया। इमरान नाम का वह व्यक्ति जब जन समाधान केंद्र पहुंचा तो एसएसपी के सामने ही पीड़ित महिला ने उसकी पहचान करते हुए उसके द्वारा की गयी सारी करतूत को उजागर कर दिया। जिसके बाद एसएसपी ने तुरंत इमरान को हिरासत में लेने का आदेश दिया। एसएसपी के आदेश के बाद इमरान को हिरासत में लेकर थाना भेज दिया गया है, जहां मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### लगातार दे रहा था धमकी

दरअसल महिला ने एसपी के सामने यह शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुखदेव नगर इलाके में वह एक छोटी सी दुकान चलती है। दुकान के आसपास पहले मटका का खेल होता था। महिला की शिकायत पर मटका के खेल को बंद करवा दिया गया था। उसके बाद से ही कभी महिला के जमीन को लेकर तो कभी दूसरी वजहों को लेकर आपराधिक तत्व उसे परेशान कर रहे थे।

## मुर्शिदाबाद में हालात खराब हैं सर! कहने पर लगी थानेदार को फटकार



**रांची (आजाद सिपाही)।** चोरी की वारदात की जांच में लापरवाही को लेकर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बरियातू थानेदार की जम कर क्लास लगायी। थानेदार को 15 दिनों के अंदर चोर को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। रांची पुलिस के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में बुधवार को कई मामलों पर ऑन द स्पॉट फैसला किया गया, तो वहीं कई ऐसे मामले भी आय, जिनमें थाना प्रभारियों को जम कर फटकार लगी। सबसे ज्यादा फटकार रांची के बरियातू थानेदार को मिली।

रांची के बरियातू में कुछ महीने पहले बंगाल के मुर्शिदाबाद के रहने वाले चोरों ने चोरी की थी। चोर की पूरी जानकारी मिलने के बाद भी बरियातू पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी थी। बुधवार को मामला जब जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहुंचा तो एसएसपी ने बरियातू के थानेदार से पूछताछ की। इस पर थानेदार ने कहा कि मुर्शिदाबाद की स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए चोर को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम वहां नहीं जा पायी है। यह सुनते ही एसएसपी रांची ने थानेदार को जम कर फटकार लगायी और तुरंत आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। बरियातू थाना क्षेत्र के ग्रीन पार्क न्यू में रहने वाले एक दंपति के यहां चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले में बरियातू थाना ने चोर की जानकारी होने के बावजूद उसे पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद दंपति इंसाफ के लिए बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम पहुंचा और रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को पूरा मामला बताया। दंपति ने यह भी बताया कि जिस व्यक्ति के घर पर चोर रात में रुके हुए थे, उसे थाने वालों ने मिल कर फिर छोड़ दिया। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 15 दिनों के भीतर चोर को गिरफ्तार करने का टास्क थानेदार को दिया है।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को भारत की सबसे लंबी रेलवे टनल 14.57 किलोमीटर ऋषिकेश-कर्णप्रयाग नयी ब्रॉड गेज लाइन रेल परियोजना, देवप्रयाग से जनासु (उत्तराखंड) के टनल 8, पैकेज -4 के टनल ब्रेक थ्रू के अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अनिल बलूनी मौजूद रहे। उत्तर रेलवे और निर्माण विभाग के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मंत्री हफीजुल के बयान के खिलाफ भाजपा का विरोध-प्रदर्शन आज



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा सुखदेव नगर मंडल दक्षिण भाग ने झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के बयान के खिलाफ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बुधवार को हुई इस बैठक में भाजपा कार्यकताओं ने मंत्री के बयान की निंदा की और गुरुवार को विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। भाजपा कार्यकताओं ने मंत्री के बयान की निंदा की और इसे अस्वीकार्य बताया। इस बैठक में अशोक मिश्रा भाजपा सुखदेव नगर मंडल दक्षिण भाग के अध्यक्ष, राजू सिंह सुखदेव नगर मंडल दक्षिणी के प्रभारी, संजय जायसवाल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,मुकेश मुक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, ओमप्रकाश महानगर चुनाव सहसंयोजक, राहुल चौधरी प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष, अशोक पांडेय दक्षिणी मंडल के महामंत्री, सुनील कुमार साहू प्रदेश किसान मोर्चा के कार्य समिति सदस्य, उज्ज्वल कुमार मिश्रा युवा मोर्चा अध्यक्ष सहित कई अन्य शामिल थे।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में नये सत्र की शुरुआत हुई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुकरू स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल ने अपने छोटे-छोटे चमकीले सितारों का स्वागत एक मजेदार, हंसने और सीखने की दुनिया में बड़े ही उत्साह और उत्सुकता के साथ किया।

गर्मजोशी, नर्मदिल मुस्कान और खुले दिल से विद्यालय परिवार ने अपने छोटे-छोटे नये सदस्यों का स्वागत इस तरह किया कि उन्हें उनके नये वातावरण में घर जैसा महसूस हुआ। उनके लिए नये सत्र का पहला सप्ताह मजेदार, सुरूचिपूर्ण, खेल गतिविधियों से भरा था, जिससे जिनके जिज्ञासा, प्रेम, हंसी और सीखने को बढ़ावा मिला। इस तरह का वातावरण उपलब्ध कराने का विद्यालय का यह उद्देश्य है कि बच्चे खेल-खेल में उत्साहपूर्ण नयी-नयी चीजों को सीखें और शिक्षा जैसे मजबूत भवन का निर्माण खुशियों एवं उमंग की नींव/आधार पर रखते हुए आगे बढ़ें। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि कोई भी बच्चा तभी बेहतर सीख सकता है, जब वह स्वयं करके सीखे। जरूरत होती है तो बस सही और उचित मार्गदर्शन की, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक अपना योगदान और सहयोग देते हैं। इस प्रकार से कर-के सीखना ही एक बच्चे को मजबूत आधार प्रदार करता है और आगे चलकर वही बच्चा सफलता की बुलंदियों/ऊंचाइयों को छूता है और सही अर्थों में शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण होता है। इस तरह शारदा ग्लोबल स्कूल ने बच्चों को एक रोमांचक, सुंदर यात्रा शुरूआत के लिए तैयार किया।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने पेश किया आकाश इनविक्टस कैंपस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एइएसएल) ने गर्व के साथ आकाश इनविक्टस कैंपस, रांची का शुभारंभ एमडी सीइओ दीपक मेहरोत्रा ने किया। यह जेइइ की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिजाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआइ आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आइआइटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है।

आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेइइ शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आइआइटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। ये शिक्षक छात्रों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसका पाठ्यक्रम अत्याधुनिक है और इसे उन छात्रों के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है, जो टॉप आइआइटी रैंक हासिल करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। इस प्रोग्राम में विशेष अध्ययन सामग्री शामिल हैं, जो जेइइ एडवांस की सटीक, एआइ-सक्षम और अनुकूली तैयारी को सुनिश्चित करते हैं।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीइओ दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है। यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आइआइटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है। यदि आप बेहतर सामग्री तैयार कर सकते हैं, तो हम आपको पुरस्कृत करेंगे और हमारी टीम में आपका स्वागत करेंगे। अधिक जानकारी के लिए अभिभावक और छात्र 7303759494 पर संपर्क कर सकते हैं या support.invictus@aesl.in पर इमेल कर सकते हैं।

# दी एलाइंस हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची काठीटांड़, रातू के समीप दी एलाइंस हॉस्पिटल का उद्घाटन हुआ। इस हॉस्पिटल का उद्घाटन डॉ वाइके सिन्हा पूर्व सिविल सर्जन एवं पूर्व जिला परिषद अकलीमा खातून ने किया। मौके पर डॉ वाइके सिन्हा ने बताया कि यह अपने आप में सबसे अलग हॉस्पिटल है जिसे लोगों के स्वास्थ संबंधित जरूरतों को देख कर बनाया गया है। कई बार ऐसा होता है जब घर के बुजुर्ग का स्वास्थ्य काफी खराब हो जाता है, वे बेड से उठ नहीं पाते। लेकिन घर पर उनकी सेवा करने वाला कोई नहीं होता। ऐसे में उन लोगों की देखभाल इस अस्पताल में की जायेगी। इसके अलावा क्रिटिकल और लकवाग्रस्त मरीज को भी यहां भर्ती किया जा सकता है। हॉस्पिटल में अत्याधुनिक आइसीयू और मरीज वार्ड तैयार कराया गया। इस हॉस्पिटल में सभी सुविधाएं काफी कम खर्च पर उपलब्ध हैं। साथ ही फ्री हेल्थ कैंप भी लगाया जायेगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिल सकें। मौके पर ज्ञान सिंह, आकाश गुप्ता, आशीष सोनी, आनंद मुखर्जी, राजकुमार गुप्ता, अरविंद राणा, अमर वर्मा, अभिमन्यु सिंह, राजपूत, मोनू गुप्ता, अजय कुमार व अन्य मौजूद थे।

## सीसीएल ने 'वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम' का आयोजन किया

# एससी-एसटी और महिला एमएसइ उद्यमियों को मिलेगा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा बुधवार को सीसीएल मुख्यालय, रांची में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसइ) उद्यमियों के लिए एक दिवसीय 'वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में राज किशोर, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), सीसीएल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि सीसीएल, भारत सरकार की एमएसएमइ नीति के तहत एससी-एसटी एवं महिला एमएसइ उद्यमियों को खरीद में प्राथमिकता एवं आरक्षण देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा की गयी एमएसएमइ नीति में संशोधन, जीइएम पोर्टल से खरीद प्रक्रिया, एवं सीसीएल द्वारा नियमित रूप से खरीदी जाने वाली सामग्रियों एवं सेवाओं की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल ने अपने संबोधन में एमएसइ क्षेत्र की भारतीय अर्थव्यवस्था में भूमिका पर प्रकाश डाला और एससी-एसटी एवं महिला उद्यमियों को सरकारी निविदाओं में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने महिला उद्यमियों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि वे देश के समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सीसीएल, भारत सरकार की सार्वजनिक खरीद नीति का पालन करते हुए ऐसे वेंडर विकास कार्यक्रमों के माध्यम से एमएसइ उद्यमियों को सशक्त बना रहा है।

एमएसएमइ-डीएफओ, रांची के निदेशक इंद्रजीत यादव ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जो एमएसएमइ इकाइयों की निविदाओं में भागीदारी एवं उनके उत्पादों के प्रचार-प्रसार में सहायक हैं।

कार्यक्रम में सरकार के जीइएम पोर्टल से जुड़े विशेषज्ञ ने पोर्टल पर नवीनतम सुविधाओं एवं पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में बताया और एमएसइ उद्यमियों को उसमें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

एनएसएसएचओ-रांची की वरिष्ठ शाखा प्रबंधक किरण मारिया तीरू ने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए स्थानीय एससी-एसटी एवं महिला उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा की और सभी वेंडरों से जीइएम पोर्टल पर पंजीकरण कराने का आग्रह किया, जिससे उन्हें और झारखंड राज्य दोनों को लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में राज किशोर, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर के रामकृष्ण, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) एवं सीसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अंत में प्रेम शंकर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### दीपक जैन ने मुख्य महाप्रबंधक और प्रमुख एसडीटीडी के रूप में पदभार संभाला



रांची (आजाद सिपाही)। दीपक जैन, मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत, ए एंड आइसी एंड ए), बर्नपुर स्टील प्लांट ने मुख्य महाप्रबंधक और प्रमुख (एसडीटीडी), रांची के रूप में पदभार ग्रहण किया। श्री जैन 1990 में सेल भिलाई स्टील प्लांट में शामिल हुए और इटीएल विभाग में पदस्थापित थे, जहां वे महाप्रबंधक के पद तक पहुंचे। वर्ष 2021 में उन्हें मुख्य महाप्रबंधक, इसको स्टील प्लांट बर्नपुर के पद पर पदोन्नत किया गया, जहां बाद में उन्हें कई अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी गयीं। रांची में श्री जैन सेल डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन डिवीजन (एसडीटीडी) का नेतृत्व कर रहे हैं, जो सेल में नयी डिजिटल संस्कृति का सूत्रपात कर रही है। सेल रांची इकाइयों के सभी कार्यपालक निदेशकों और प्रमुखों ने उनका स्वागत किया और भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक किया




रांची (आजाद सिपाही)। एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल द्वारा श्यामली महिला मिलन समिति के सहयोग से शहर के इस्पात क्लब के सभागार में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं को कैंसर के सामान्य वैज्ञानिक लक्षणों के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल के कैंसर विशेषज्ञ डॉ चंद्रशेखर प्रसाद सिंह ने सभी महिलाओं को कैंसर के सामान्य लक्षणों के बारे में बताया। महिला समिति की अध्यक्ष सोनी वर्मा सहित वरिष्ठ महिलाएं और एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल के मार्केटिंग और ब्रांडिंग प्रमुख मनोरंजन कुमार रॉय ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

### मारवाड़ी ब्राह्मण सभा 30 को मनायेगी भगवान परशुराम की जयंती

रांची (आजाद सिपाही)। रांची मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची की ओर से अक्षय तृतीया के दिन 30 अप्रैल को भगवान परशुराम की जयंती मनायी जायेगी। इस उपलक्ष्य में सभा की ओर से कई तरह की प्रतियोगिताएं करायी जायेंगी। सभा के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने बुधवार को बताया कि इससे पहले समाज के बच्चों के लिए मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसके अलावा चित्रांकन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, म्यूजिकल चेयर गेम और उसके बाद भाषण प्रतियोगिता होगी। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में मारवाड़ी ब्राह्मण समाज के बच्चे भाग ले सकते हैं।

### मनोरमा देवी की स्मृति में ओल्ड एज होम में उपयोगी सामग्री वितरित



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के हिनू निवासी समाजसेवी प्रेम शंकर की ओर से माता मनोरमा देवी की स्मृति में सिंह मोड़ के लटमा रोड स्थित ओल्ड एज होम अपना घर में वृद्ध महिलाओं के बीच दैनिक उपयोग की सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपना घर में रहने वाली वृद्ध महिलाओं के बीच चादर, तकिया कवर, तौलिया, फूड पैकेट आदि बांटे गये। समाजसेवी प्रेम शंकर के पुत्र ऋषभ कुमार ने वृद्ध महिलाओं को दोपहर का भोजन कराया। इस अवसर पर प्रेम शंकर ने कहा कि गरीबों की सेवा करने से सुखद अनुभूति होती है। मानव जीवन का उद्देश्य सफल होता है। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता तुषार कांति शीट ने वृद्ध आश्रम की महिलाओं के बीच फल का वितरण किया। मौके पर श्री शीट ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। गरीबों, लाचारों और बेसहारों की सहायता करने के लिए हर इंसान को आगे आना चाहिए। उन्होंने समाजसेवियों और सामाजिक संगठनों से गरीब व असहाय लोगों की सेवा में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की। अपना घर की व्यवस्थापिका सिस्टर एम्मा ने समाजसेवियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आजसू ने इंटर कॉलेज कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने की मांग की



रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मुलाकात कर इंटर कॉलेज कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया है। प्रतिनिधियों ने कहा कि इन कर्मचारियों ने पिछले 15 वर्षों से सेवा दी है और उनकी उम्र अधिक होने के कारण वे किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकते हैं। इसलिए इनके भविष्य को देखते हुए आजसू मांग करती है कि कॉलेजों में ही सभी कर्मचारियों को समायोजित किया जाये और नियमित वेतन दिया जाये। साथ ही प्रतिदिन सभी का अटेंडेंस बनाने का कॉलेज में जगह दिया जाय। बता दें कि इंटर टीचिंग नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए आंदोलनरत है प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश प्रभारी, हरीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजित कुमार सहित उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel


# पेज 01 का शेष

## झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्यों की पूरी सूची

**सरायकेला-खरसांवा:** दशरथ गगराई, गणेश चौधरी, सुधीर चंद्र महतो, दशमत मार्डी, गुरुचरण किस्कू, चारुचांद किस्कू, राजीव महतो, कृष्णा वास्के, विशु हेंब्रम, सुधीर किस्कू, उत्तम मंडल, गुरुचरण मुखी।

**पूर्वी सिंहभूम:** रामदास सोरेन, मोहन कर्मकार, सविता महतो, संजीव सरदार, समीर कुमार मोहंती, मंगल कालिंदी, हिदातुल्ला खान, राजू गिरि, सुमन महतो, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, पवन सिंह, मनोज यादव, कुणाल षाडंगी, लक्ष्मण टुडू, बारी मुर्मू।

**गढ़वा:** अनंत प्रताप देव, मिथिलेश कुमार ठाकुर, मो ताहिर अंसारी, तनवीर आलम खान, मनोज ठाकुर, शंभू चंद्रवंशी, धीरज कुमार दूबे, नीतेश कुमार सिंह, राजकिशोर यादव, जेपी मिंज, अनिता दत्त, शांति देवी, अंजलि गुप्ता, जवाहर पासवान, जैननुल्लाह खान, संजीव कुमार भुइंया और कामेश्वर बैठा।

**जामताड़ा:** रवींद्र नाथ महतो, नरेंद्र मुर्मू, परेश यादव, रबींद्रनाथ दूबे, अशोक मंडल, कैलाश प्रसाद साव, कुणाल कंचन, वकील सोरेन, सफ्फार अंसारी उर्फ लालू, जमीरुद्दीन अंसारी, बासुदेव मरांडी, सलीम जहांगीर और आनंद टुडू।

**देवघर:** हफीजुल हसन, उदय शंकर सिंह, नरसिंह मुर्मू, परिमल कुमार सिंह, जयप्रकाश मंडल, डुग्गू टुडू, नीलम देवी, कुमार राहुल सिंह और नंद किशोर दास।

**साहेबगंज:** हेमंत सोरेन, विजय हांसदा,पंकज मिश्रा, मो ताजउद्दीन, धनंजय सोरेन, संजय गोस्वामी, मुजीबुर रहमान, राजाराम मरांडी, संजीव सामु हेंब्रम, संजय कुमार मिश्रा, शाहजहां अंसारी, अमरनाथ यादव, एखलाकुर रहमान और सुरेंद्र यादव।

**धनबाद:** मथुरा प्रसाद महतो, नीलम मिश्रा, सुकलाल मरांडी, जग्गू महतो, रमेश टुडू, काजी सिराज अहमद, कामेश्वर कुमार महथा।

**बोकारो:** रूपी सोरेन, योगेंद्र प्रसाद महतो, बबीता महतो, संतोष रजवार, उमाकांत रजक, मंटु कुमार यादव, हीरालाल मांझी, जय नारायण महतो, मनोहर मुर्मू, बबली सोरेन और अशोक मुर्मू।

**रामगढ़:** फागु बेसरा, राजकुमार महतो, विनोद किस्कू, गीता विश्वास, भुनेश्वर प्रसाद, सोनाराम मांझी, महेंद्र मुंडा, हरिलाल बेदिया, बरतु करमाली, चित्रगुप्त महतो, सागीर हुसैन।

**रांची:** विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, अभिषेक प्रसाद पिंटू, मनोज कुमार पांडेय, नंदकिशोर मेहता, अशोक कुमार सिंह, सुनील श्रीवास्तव, महुआ माजी, विकास सिंह मुंडा, अमित कुमार महतो, मधु मंसूरी, पवन जेडिया, तनुज खत्री और अश्विनी शर्मा।

**गुमला:** भूषण तिर्की, जिगा सुसारन होरो, चमरा लिंडा, रंजीत सिंह, कलीम अख्तर, राजेश खड़िया, कलिस्ता बरवा, संजीव उरांव, शशि साहु, विक्की दूबे, नुरुल होदा और सुशील दीपक मिंज।

**लोहरदगा:** चिलगु भगत, नवल सिंह, अख्तर अंसारी, युवंती देवी, तिवारी उरांव।

**पश्चिमी सिंहभूम:** दीपक बिरुआ, जोबा मांझी, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव, जगत मांझी, भुवनेश्वर महतो, मोनिका बोयपाई, सुभाष बनर्जी, दिनेश चंद्र महतो, अभिषेक सिंकू, मिथुन गगराई, निसार हुसैन और रामलाल मुंडा।

**लातेहार:** बैद्यनाथ राम, अरुण दूबे, नागदेव उरांव, मो इश्तयाक खान, ममता सिंह, राजेंद्र लोहरा, मो मुश्तकीम, सुदामा प्रसाद।

**पलामू:** राजीव कुमार तिवारी, चंदन प्रकाश सिन्हा, सुशीला मिश्रा, सलोनी टोप्पो, सन्नू सिद्दिकी।

**पश्चिम बंगाल:** परेश मरांडी, बिटु मुर्मू, कमलकांत बास्के, गीता मोदक, गोपीनाथ सोरेन, गोलापी टुडू।

**बिहार:** ओंकारनाथ बरनवाल, पटवारी हांसदा, अंजेला हांसदा, सुकल मुर्मू, अशोक कुमार साह और भोला बास्के।

**ओड़िशा:** अंजनी सोरेन मरांडी, दुबराज नाग, लेथा तिर्की, अशोक महतो और दिवाकर सोरेन।

**उत्तर प्रदेश:** सीडी शर्मा।




# दिल्ली ने राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराया

## मिचेल स्टार्क ने 20वें ओवर में 9 रन डिफेंड करते हुए मैच टाई कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को आइपीएल के 18वें सीजन के पहले सुपर ओवर में हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 11 रन बनाये। दिल्ली से केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स ने संदीप शर्मा के खिलाफ 4 गेंद पर टारगेट हासिल कर लिया। अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान ने बॉलिंग चुनी। दिल्ली ने 5 विकेट खोकर 188 रन बनाये। राजस्थान भी 4 विकेट के नुकसान पर 188 रन ही बना सका। मिचेल स्टार्क ने 20वें ओवर में शिमरोन हेटमायर और ध्रुव जुरेल के खिलाफ 9 रन डिफेंड करते हुए मैच टाई कराया था। राजस्थान से नीतीश राणा और यशस्वी जायसवाल दोनों ने फिफ्टी लगायी। कप्तान संजू सैमसन 31 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट लिए। दिल्ली से अभिषेक पोरेल ने 49 रन बनाये। कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और मिचेल स्टार्क ने 1-1 विकेट लिया।



**चार वाइड और एक नो बॉल संदीप शर्मा ने डाली :** आखिरी ओवर में पहली गेंद वाइड तो नहीं हुई, लेकिन इस बार संदीप ने नो बॉल कर दी। यानी एक रन तो गया ही, साथ ही दिल्ली को फ्री हिट भी मिल गया। फ्री हिट पर ट्रिस्टन स्टब्स ने चौका जड़ दिया। इसके बाद अगली बॉल पर छक्का चल गया। हालांकि चौथी, पांचवीं और छठी बॉल पर संदीप ने केवल एक एक रन ही दिया। इससे 19वें ओवर के समापन पर दिल्ली का जो स्कोर 169 रन था, वो 20वें ओवर में 188 तक जा पहुंचा। इस ओवर में संदीप ने कुल 11 बॉल फेंकी और 19 रन दे दिये।

**आइपीएल में 11 बॉल का ओवर डालने वाले गेंदबाज :** आईपीएल के इतिहास में ये चौथी बार है, ज?ब किसी गेंदबाज ने एक ओवर में 11 बॉल डाली हों। साल 2023 में पहली बार ऐसा हुआ था। तब मोहम्मद सिरा ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 19वें ओवर में 11 बॉल डाली थीं। उसी साल यानी 2023 में ही तुषारदेश पांडे ने एलएसजी के खिलाफ चौथे ओवर में कुल 11 बॉल डालीं। इसी साल शार्दुल ठाकुर ने केकेआर के खिलाफ 13वें ओवर में 11 बॉल डाली थीं। अब इस लिस्ट में संदीप शर्मा का भी नाम जुड़ गया है। अभी तक कभी किसी भी गेंदबाज ने 20वें ओवर में 11 बॉल नहीं डाली थीं, जो अब संदीप शर्मा ने कर दिया है। हालांकि संदीप शर्मा इससे कतई खुश नहीं होंगे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा की

# जीएम प्रोक्योरमेंट को किया गया कार्यमुक्त

लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जायेगी : इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की समीक्षा की कहा कि स्वास्थ्य विभाग इमरजेंसी सेवा के दायरे में आता है, ऐसे में किसी भी स्तर की सुस्ती या लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक के दौरान झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की पुरानी योजनाओं की धीमी प्रगति को देखते हुए मंत्री ने जीएम प्रोक्योरमेंट नील रंजन सिंह को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जो काम नहीं करेगा, वह विभाग में नहीं रहेगा।

डॉ अंसारी ने डायलिसिस कार्यक्रम में फर्जी बिलिंग और आधार कार्ड के गलत इस्तेमाल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कड़ी जांच के आदेश दिये। कहा कि किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा अब नहीं चलेगा। विभाग को साफ-सुथरा और जनता के लिए समर्पित बनाना हमारी प्राथमिकता है।

स्वास्थ्य मंत्री ने एनएचएम की भर्ती प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाने का एलान किया। उन्होंने निर्देश दिये कि गैर-तकनीकी पदों पर कार्य अनुभव की अनिवार्यता हटायी जाये, ताकि ज्यादा से ज्यादा राज्य के युवाओं को अवसर मिल सके। 5500 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

सहिया बहनों के काम की सराहना करते हुए डॉ अंसारी ने हर जिले में सहिया सम्मेलन आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी सहिया बहनों को शीघ्र टैब उपलब्ध कराने व प्रोत्साहन राशि बढ़ाने का आदेश भी जारी किया। जनहित में स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी को सटीक तरीके से लोगों तक पहुंचाने के लिए मंत्री ने मीडिया कोऑर्डिनेशन कमिटी के गठन का निर्देश दिया है। कहा कि जनता को योजनाओं की पूरी और सही जानकारी देना हमारी जिम्मेदारी है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी अस्पतालों में उपकरणों की आवश्यक सूची आइपीएचएस मानकों के अनुरूप एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बताया कि एमआरआइ, इसीजी, एक्स रे और अल्ट्रासाउंड मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी काम तेजी से चल रहा है।

# सीएम हेमंत सोरेन के साथ 11 सदस्यीय टीम जायेगी स्वीडन और स्पेन, मिल गया क्लीयरेंस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में औद्योगिक निवेश लाने के मकसद से सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन जायेगा। कुछ रोज पहले हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में इस यात्रा और इससे संबंधित खर्च को भी मंजूरी दे दी गयी थी। सीएम के नेतृत्व में स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जानेवाली टीम को केंद्र सरकार से पॉलिटिकल क्लियरेंस मिल गया है। यह टीम आगामी 18 अप्रैल को विदेश जाने के लिए उड़ान भरेगी। यह टीम 19 से 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार इस दौरे पर करीब तीन करोड़ 50 लाख रुपये प्लस जीएसटी खर्च होंगे।




स्वीडन और स्पेन जाने वाली टीम में सीएम हेमंत सोरेन के अलावा उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, रिटायर्ड आइएफएस और टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के अध्यक्ष एके रस्तोगी, उद्योग सचिव अरवा राजकमल, जेएसएमडीसी के एमडी राहुल कुमार सिन्हा, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, एमडी जेआइआइडीसीओ वरुण रंजन, संयुक्त निदेशक उद्योग प्रणव कुमार पाल और सीएम के निजी सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह शामिल हैं।

# कैंब्रिज यूनिवर्सिटी ने झारखंड में लर्निंग केंद्र की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैंब्रिज ने रांची में एक नये केंद्र की शुरूआत के साथ अपने कैंब्रिज लर्निंग पार्टनर (सीएलपी) नेटवर्क का विस्तार किया है। यह केंद्र एकेडमी म्यूजिक एन आर्ट्स (एएमए) के सहयोग से शुरू किया गया है। एएमए के फाउंडर डायरेक्टर रिब्बी राय ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि एएमए एक अग्रणी संस्थान है जो प्रदर्शन कला और अंग्रेजी भाषा कौशल विकास केंद्र में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। यह साझेदारी पूर्वी भारत में उच्च गुणवत्ता वाली आइइएलटीएस और ओइटी की तैयारी को और अधिक सुलभ बनायेगी, साथ ही एक ही छत के नीचे के संपूर्ण अंग्रेजी समाधान भी पेश करेगी। आइइएलटीएस के सह-निर्माता के रूप में, कैंब्रिज विभिन्न बाजारों में अंग्रेजी संचार कौशल को बढ़ाने, शिक्षार्थियों को वैश्वीकरण और अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए तैयार होने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट, 'गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का विस्तार', खराब रोजगार योग्यता कौशल, विशेष रूप से अंग्रेजी दक्षता में, के कारण भारतीय राज्यों से महत्वपूर्ण प्रतिभा पलायन को उजागर करती है। इस बढ़ते अंतर ने भारत और वैश्विक स्तर पर, अकादमिक और करियर की सफलता के लिए अंग्रेजी संचार को एक महत्वपूर्ण कौशल बना दिया है। जैसे-जैसे भारत एक वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में उभर रहा है, ऐसे पेशेवरों की मांग, जो तकनीकी विशेषज्ञता को मजबूत संचार और सॉफ्ट स्किल के साथ जोड़ सके, बढ़ती ही जा रही है। विदेश में अध्ययन करने की योजना बना रहे छात्रों के लिए एक आकांक्षात्मक केंद्र के रूप में रांची की बढ़ती प्रोफाइल इस बदलाव को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी दक्षता में सुधार रोजगार क्षमता और वैश्विक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए आवश्यक है, क्योंकि दुनिया भर में एक कार्यात्मक उपकरण और एक आकांक्षात्मक संपत्ति के रूप में इसकी भूमिका है। छात्रों को वैश्विक स्तर पर सफल होने के कौशल से लैस करने और शैक्षणिक और पेशेवर उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए समर्पित हैं। लालपुर, रांची में स्थित, 200 सीटों वाला यह केंद्र आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसे छात्रों और पेशेवरों दोनों को बेहतर शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सीएलपी केंद्र न केवल रांची बल्कि आस-पास के शहरों के इच्छुक शिक्षार्थियों को भी सेवाएं प्रदान करेगा, जो अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता के साथ कौशल बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य दुनिया भर के शिक्षार्थियों को विश्व स्तरीय शिक्षा और भाषा मूल्यांकन सेवाओं से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर समीर छेत्री, रिजनल हेड सीएलपी के साथ अंचिता घोष ओनर एएमए मौजूद थे।



# सीसीएल कर्मियों और असंगठित मजदूरों के हक के लिए करें काम : सांसद चंद्रप्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट ऑफिसर क्लब में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो शामिल हुए, उक्त बैठक में झारखंड के विभिन्न कोलियरी क्षेत्र से प्रतिनिधि शामिल हुए, मुख्य रूप से अध्यक्ष सचिव और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सीसीएल मजदूर कर्मियों को अधिक से अधिक संरक्षण देने की आवश्यकता है मजदूरों के हित के लिए क्षेत्र मे काम करें, कोलियरी क्षेत्र में कार्यरत सीसीएल कर्मी मजदूरों को शोषण मुक्त बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज हम 30% कोयला विदेश से आयात करते हैं सीसीएल का उत्पादन लक्ष्य अधिक होने से ही हमारी उपलब्धि होगी।

# हाथियों का झुंड पहुंचा झुमरीतिलैया, लोगों में दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा के ग्रामीण इलाकों में पिछले करीब डेढ़ महीने से हाथियों का विचरण देखा जा रहा है। वन विभाग हाथियों को कोडरमा जिले से बाहर करने के प्रयास में जुटी हुई है। हाल के दिनों में वन विभाग ने हाथियों के झुंड को बिहार के जंगलों में प्रवेश कराया था। लेकिन एक बार फिर हाथियों के झुंड ने वापस कोडरमा में दस्तक दी है। इस बार हाथियों का झुंड शहरी इलाके में प्रवेश कर गया है। फिलहाल हाथियों का झुंड एक बड़े बाउंड्री कैंपस में है। जहां लगे 400 केले के पौधे को हाथी अपना आहार बनाकर विश्राम कर रहे हैं।

**महुआ के सुगंध की तरफ आकर्षित होते हैं हाथी:** वन विभाग के पंकज कुमार ने बताया कि पिछले दिनों जिले के ग्रामीण इलाकों में हाथियों के झुंड को देखा गया था। शहरी इलाके में हाथियों ने पहली बार प्रवेश किया है। अभी महुआ का सीजन है, हाथी इसकी सुगंध की तरफ आकर्षित होते हैं और उसी तरफ आगे बढ़ते हैं।

# माइंस टूरिज्म और ट्राइबल टूरिज्म के लिए सर्किट बनायें: सुदिव्य कुमार

पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग की योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में विभाग के अंतर्गत कार्यों की प्रगति और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। मंत्री सुदिव्य कुमार ने स्काई वॉक (ग्लास ब्रिज)–रजरप्पा, पंचघाघ और नेतरहाट में निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा होटल अशोका रांची के शेयर ट्रांसफर करने के लिए बिहार पर्यटन निगम के साथ एमओयू करने का भी निर्देश दिया गया। माइंस टूरिज्म और ट्राइबल टूरिज्म सर्किट हेतु संबंधित जिलों में आवश्यक अधोसंरचना के प्रस्ताव पर कार्य जारी करने का निर्देश दिया गया।



## बैठक के प्रमुख बिंदु

**पर्यटन पोर्टल का पुनः डिजाइन :** नये पोर्टल के निर्माण के लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मंत्री ने कहा की जल्द वेसाइट निर्माण कर लिया जाये।

**नये पर्यटन लोगो का डिजाइन :** आवश्यक संशोधन के बाद नये लोगो को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया।

पर्यटन स्थलों पर साइनबोर्ड का रंग परिवर्तन और नये बोर्ड की स्थापना करने का निर्देश दिया गया।

पर्यटन मित्रों के कार्यक्षेत्र में सुधार एवं उनकी ज़िम्मेवारी तय कर पर्यटन क्षेत्र में उनकी जवाबदेही और कार्य दक्षता बढ़ाने हेतु निर्देश दिया गया।

**जेटा परियोजना :** फॉरेस्ट विभाग के सहयोग से क्रियान्वयन की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया गया।

**जू सफारी :** वन विभाग के साथ प्रस्तावित जू सफारी शुरू करने का निर्देश दिया गया।

**एसएएससीआइ के तहत पूंजी निवेश योजनाएं :** डीपीआर और अनुमोदन प्रक्रियाएं पर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया।

**टेंट सिटी और डायनिंग स्पेस :** नेतरहाट में विकसित की करने का निर्देश दिया गया। • इको रिसॉर्ट, होम स्टे नीति से हेतु क्रियान्वयन की दिशा में पहल शुरू करने का निर्देश दिया गया। • सोलर सिस्टम हेतु जेरेडा के साथ प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया। • मेक माय ट्रिप के साथ साझेदारी कर प्रचार-प्रसार और टूर पैकेज विकास हेतु एमओयू करने का निर्देश दिया गया। • होम स्टे नीति का प्रारूप तैयार कर अनुमोदन हेतु भेजने निर्देश। • अशोका होटल रांची से समझौता, होटल अशोका, रांची के शेयर हस्तांतरण हेतु बिहार पर्यटन विकास निगम के साथ एमओयू की तैयारी। • छोटे पर्यटन स्थलों में इको टूरिज्म के तहत इको कॉटेज बनाने का प्रस्ताव तैयार कर सभी वन प्रमंडल पदाधिकारियों और उपयुक्तों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिया गया। • जेरेडा से पर्यटन स्थलों में सोलर सिस्टम अधिष्ठापन का प्रस्ताव तैयार कर तकनीकी अनुमोदन एवं प्रशासनिक स्वीकृति निर्देश दिया गया। • खेल केंद्रों में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाने और प्रशिक्षकों की संख्या बढ़ाने निर्देश दिया गया। राज्य स्तरीय टैलेंट हंट शुरू करने का निर्देश दिया गया। • खेल केंद्रों में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों को खेल विधा के अनुसार डाइट प्लान तैयार कर डाइट उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। • सैफ चैंपियनशिप हेतु आवश्यक तैयार समय पर पूरा करने निर्देश दिया गया।

मंत्री ने कहा कि झारखंड की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन के अवसर और युवा शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार सतत कार्यरत है। सभी योजनाओं का उद्देश्य झारखंड को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर झारखंड को विशिष्ट स्थान दिलाना है। इस समीक्षा बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाये, ताकि जनता को त्वरित लाभ मिले।

# सौतेली दादी को भेजा गया जेल

**कोडरमा।** तिलैया थाना अंतर्गत पार गझंडी में 6 वर्षीय बच्चे के हत्या के आरोपी सौतेली दादी को जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि पूनम देवी पार गझंडी, थाना तिलैया, के द्वारा तिलैया थाना को सूचित किया गया कि उनके पुत्र विक्रम कुमार उम्र 6 वर्ष को इनके परिवार के लोगों द्वारा हत्या कर शव को जंगल में गड्ढा खोदकर दफना दिया गया। अनुसंधान के क्रम में कांड के प्राथमिकी अभियुक्त रेखा देवी को गिरफ्तार किया गया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–19–2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), राँची–834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–19–2025, कार्य का नाम** : मुरी में स्वर्णरेखा नदी में इनटेक वेल और पम्प हाउस सह डीजी रूम के निर्माण का शेष कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,01,05,808.52, **बयाना राशि:** रु. 2,00,500/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.05.2025 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-52)

# चोकसी के प्रत्यर्पण की मुश्किलें

पंजाब नेशनल बैंक के साथ 13,500 करोड़ रुपये का लोन घोटाला करने के मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी भारत के बढ़ते वैश्विक दबदबे का सबूत है। मुंबई आतंकी हमले के गुनहगार तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बाद हाल में यह दूसरी बड़ी सफलता मिली है। हालांकि राणा की तरह चोकसी को भारत लाने की राह इतनी आसान नहीं होगी।

**असफल प्रयास:** मेहुल और उसके भांजे नीरव मोदी ने भारतीय बैंकिंग सिस्टम की खामियों और अंदर तक फैले भ्रष्टाचार का फायदा उठाकर इतना बड़ा घोटाला किया और जब तक इसका पता चलता, सुरक्षा एजेंसियां उन तक पहुंचतीं, दोनों देश छोड़कर भाग चुके थे। जनवरी 2018 में उनके फरार होने से लेकर अभी तक -सात साल और करीब चार महीने के दौरान दोनों को लेकर अलग-अलग खबरें आती रहीं। इस दौरान प्रत्यर्पण के कई प्रयास हुए और अब भी चल रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली है।

**डोमिनिका में गलती:** मेहुल और उसके वकीलों ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का अपने हिसाब से खूब दुरुपयोग किया है। मई 2021 में जब वह डोमिनिका में गिरफ्तार हुआ, तब भारतीय एजेंसियां उसे वापस लाने के बिल्कुल करीब पहुंच गयी थीं, लेकिन उस समय भी उसने कानूनी पेचीदगियों का फायदा उठाया। तब उसकी तरफ से कहा गया था कि वह एंटीगुआ का नागरिक है और चूंकि एंटीगुआ और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि नहीं है, इसलिए उसे नयी दिल्ली के हवाले नहीं किया जा सकता। उसका यह भी आरोप था कि भारतीय एजेंसियों के इशारे पर उसे एंटीगुआ से अगवा करके डोमिनिका लाया गया। इन्हीं पेंच ने उसे बचा लिया था।

**पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है। तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बाद यह दूसरी बड़ी सफलता है, लेकिन चोकसी को भारत लाना आसान नहीं होगा।**

**सावधानी बरतनी होगी:** बेल्जियम के साथ भारत की प्रत्यर्पण संधि है, लेकिन डोमिनिका में जो हुआ, वह एक बार फिर भारत के सामने मुश्किलें खड़ी कर सकता है। तब चोकसी के आरोपों ने भारत के पक्ष को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर किया था। यहां तक कि बाद में इंटरपोल ने अपना रेड कॉर्नर नोटिस भी वापस ले लिया था।

**भरोसा दिलाना होगा:** प्रत्यर्पण को लेकर यूरोपीय देशों का रवैया बेहद सख्त है। जब तक उन्हें तसल्ली न हो जाये कि आरोपी को निष्पक्ष सुनवाई का मौका मिलेगा, तब तक वे किसी को प्रत्यर्पित नहीं करते। मेहुल चोकसी के मामले में बेल्जियम को भरोसा दिलाना होगा कि उसका किया घोटाला बेहद गंभीर है, और उसे भारतीय कानूनों के अनुसार सजा जरूर मिलनी चाहिए। भारत को बेल्जियम के साथ अपने रिश्ते के प्रभाव का इस्तेमाल करने से भी नहीं चूकना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिये पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था। इसके जरिये बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गयी थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचायेगा। इसके साथ ही इनाम देने को लेकर योजनाएं बनायी गयी। हिंसा के दौरान इस बात का खास ध्यान देने का अलर्ट किया गया कि रेल और नॉर्मल ट्रांसपोर्ट न चल पाये।**

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

ललित चौधरी



**बंगाल** में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नये वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को हिंसा एवं तोड़फोड़ के लिए जानबूझ कर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैर सरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलायी जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही है, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंक रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिंदुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है।

**वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडंबनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है।**

यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारूढ़ पार्टी एवं नेता बन गयी है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है।

वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं।

वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडंबनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जायेगी। अब यह झूठ फैलाया जा रहा है कि नये वक्फ कानून के जरिये सरकार मस्जिदों और कब्रिस्तानों पर कब्जा करना चाहती है। यह निरा झूठ और शरारत ही है। वक्फ कानून के विरोधी भले ही लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हों, लेकिन ये उसकी धज्जियां ही उड़ा रहे हैं। वे वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने के लिए तैयार नहीं।

मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिये पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था। इसके जरिये बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गयी थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचायेगा। इसके साथ ही इनाम देने को लेकर योजनाएं बनायी गयी। हिंसा के दौरान इस बात का खास ध्यान देने का अलर्ट किया गया कि रेल और नॉर्मल ट्रांसपोर्ट न चल पाये। मौका मिलने पर हिंदुओं की हत्या करना भी टारगेट था। कुछ हिंदुओं को मारा भी गया है। हिंदुओं के घरों के साथ मंदिरों पर हमले किये गये। इससे यही स्पष्ट हो रहा है कि नये वक्फ कानून का विरोध करने वाले न केवल सांप्रदायिक घृणा में डूबे हैं, अराजकता एवं उन्माद पर सवार हैं, आतंकी माहौल बनाकर हिंदुओं को भयभीय-आतंकित करना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें यह भरोसा है कि ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पुलिस उनके खिलाफ कुछ नहीं करने वाली। ज्यादा चिंताजनक तो यह है कि अराजक लोग चाहते हैं कि पलायन करने के लिए मजबूर लोग फिर कभी अपने घरों को न लौट पायें। इन जटिल एवं अनियंत्रित होते अराजक हालातों में शांति, सौहार्द एवं सामान्य हालातों को निर्मित करने के लिए आवश्यक है कि केंद्र सरकार बंगाल में हस्तक्षेप करने के लिए आगे आये, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि सुप्रीम कोर्ट वहां के हालात का स्वतः संज्ञान ले। उसे वक्फ कानून विरोधी हिंसक तत्वों के उपद्रव के लिए ममता सरकार को जवाबदेह बनाना ही होगा।

ममता वोट बैंक की राजनीति के लिए कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही हैं। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिम बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। ममता अपने बलबूते चुनाव जीतने का माद्दा रखती हैं, तो फिर हिंसा का सहारा क्यों लेती हैं? अराजकता फैलाकर अपने ही शासन को क्यों दागदार बनाती हैं? क्यों अपने प्रांत की जनता को डराती हैं। क्या ये प्रश्न ममता की राजनीतिक छवि पर दाग नहीं हैं? ममता एवं तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। ताजा हिंसक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। राज्य में शीर्ष संवैधानिक पद पर रहते हुए भी ममता बनर्जी ने अलोकतांत्रिक, गैर-कानूनी एवं राष्ट्र-विरोधी कार्यों को अंजाम दिया है। बंगाल में तो भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के जबड़े फैलाये, हिंसा की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगल रहा है। ममता अपनी जातियों, ग्रुपों और वोट बैंक को मजबूत कर रही हैं, देश को नहीं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# वज्रपात से तीन जगहों का ट्रैफिक सिग्नल खराब



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिला के टाटा-कांड्रा मुख्य सड़क पर लगे ट्रैफिक सिग्नल तीन जगहों पर खराब हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों आए तेज आंधी और तूफान के साथ हुए वज्रपात से तीन जगहों के शेर ए पंजाब, एस टाईप और आदित्यपुर टोल ब्रिज के समीप सिग्नल क्षतिग्रस्त हो गया हैं। क्षतिग्रस्त होने के कारण सिग्नल भी काम करना बंद कर दिया है। इस संदर्भ में यातायात प्रभारी अजय कुमार तिवारी ने जानकारी दी कि ट्रैफिक सिग्नल जेडएफ कंपनी ने सीएसआर के तहत लगाया है। जिसमें सिग्नल के कई पार्ट्स खराब हो चुके हैं। सिग्नल का पार्ट्स चेन्नई से मंगाया जा रहा है। वही ट्रैफिक सिग्नल ठीक करने के लिए चेन्नई से मिस्त्री भी आ रहा है, इसको लेकर प्रबंधन को पत्राचार भी किया गया है। दो से तीन दिनों में उम्मीद है कि सिग्नल काम करना शुरू कर देगा। वैसे उक्त स्थलों पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए अतिरिक्त बल की तैनाती की गयी है।

## अवैध खनन को लेकर जिला प्रशासन की कार्रवाई

**पटमदा (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के ग्रामीण इलाके पटमदा थाना अंतर्गत सिसदा गांव में अवैध खनन करने को लेकर जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए हिटाची को जब्त किया है। अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास के नेतृत्व में एक टीम द्वारा बुधवार को अवैध पत्थर खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। अंचलाधिकारी ने बताया जिला प्रशासन के निर्देश एवं गुप्त सूचना के आधार पर कई पत्थर खदानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें एक खदान में खनन कार्य होने की जानकारी मिली और खदान से एक हिटाची को जब्त करते हुए जांच की जा रही है। अभियान में खनन निरीक्षक अरविंद उरांव, पटमदा डीएसपी वचनदेव कुजूर, पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत आदि शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक जमशेदपुर निवासी पत्थर व्यवसायी एवं पटमदा थाना क्षेत्र के गाड़ीग्राम में क्रशर प्लांट चलाने वाले सुभाष शाही ने सिसदा गांव निवासी अभिनव सिंह से रैयती जमीन को लीज एग्रीमेंट पर लेकर पिछले कई वर्षों से खनन कार्य कर रहे थे। अंचलाधिकारी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की जायेगी एवं आगे की कार्रवाई होगी।

# केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन राष्ट्रपति के नाम आयुक्त को सौंपा मांगपत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को इडी द्वारा गलत उद्देश्य से जब्त किये जाने ओर सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल करने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। बुधवार को जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रपति के नाम आयुक्त को मांग पत्र सौंपा। मौके पर जिला अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा नेशनल हेराल्ड की स्थापना 1938 में पं जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गयी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आवाज रही। पत्र न्याय, स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध रहा। जो आज भी कांग्रेस पार्टी के मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। ईडी की यह कार्यवाही नियमित प्रक्रिया नहीं, बल्कि विपक्ष को दबाने का कुप्रयास है। यह एकतंत्रीय राज्यप्रायोजित अपराध का उदाहरण है। केंद्र की सत्ताधारी भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस नेतृत्व को डराने और परेशान करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग निंदनीय है। यह प्रदर्शन राष्ट्रव्यापी आक्रोश का हिस्सा है। जिसमें राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की अपील की गयी। प्रदर्शन के दौरान आनन्द बिहारी दुबे के साथ प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, केके शुक्ल, सामंता कुमार, कमलेश कुमार पाण्डेय, ज्योतिष यादव,कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर, राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, योगेन्द्र सिंह यादव, मनोज झा, शफी अहमद खान, संजय यादव, रजनीश सिंह, अरुण कुमार सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, संजय तिवारी,जिला महामंत्री रंजीत सिंह, राकेश साहू, ज्योति मिश्र, सुरेन्द्र शर्मा, रविंद्र शर्मा, राजगीर यादव, फरहत बेगम सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# हेमंत सोरेन के झामुमो अध्यक्ष बनने पर महिला नेताओं ने दी बधाई

**संगठन को और सशक्त करने का लिया संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महाधिवेशन में हेमंत सोरेन को पार्टी का अध्यक्ष चुने जाने पर प्रदेश की महिला सांसदों, विधायकों, पूर्व मंत्रियों एवं महिला समिति की केंद्रीय सदस्यों ने विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी ने हेमंत सोरेन को झामुमो का अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई दी और उनके नेतृत्व में पार्टी के महिला संगठन को और मजबूत करने पर चर्चा की। इस विशेष मुलाकात में लोकसभा सांसद जोबा माझी, राज्यसभा सांसद महुवा माझी, विधायक सविता महतो, विधायक लुईस मरांडी, पूर्व सांसद सुमन महतो एवं वरिष्ठ नेता झरना पाल उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा उनके मार्गदर्शन में महिला संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी। मौके पर सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने, महिलाओं को संगठित करने पर बल दिया। सभी ने सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समर्पित भाव से राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्प लिया। विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा झारखंड में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को और सशक्त करने के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं से संगठनात्मक मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

# एशिया सभागार में पांच थाना क्षेत्र के लिए जन शिकायत सामाधन का शिविर लगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** बुधवार को सरायकेला जिला के आदित्यपुर स्थित एशिया सभागार में कांड्रा, गम्हरिया, आदित्यपुर, आरआइटी एवं राजनगर थाना क्षेत्र के लिए जन शिकायत सामाधन शिवर लगाया गया। जिसमें एसपी मुकेश कुमार लुणायत, एसडीओ निवेदिता नियति, एसडीपीओ समीर कुमार संवैया, सीओ कुमार अरविंद बेदिया मौजूद रहे। लोगों की शिकायतों को सुनते हुए समाधान को लेकर संबंधित विभाग एवं थानों को निर्देशित किया। पिछले दो शिविर की सफलता एवं लोगों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इस बार जिला पुलिस की ओर से पूरे जिले को 4 जोन में बांटा गया। जिससे दूर दराज से आने वाले फरियादियों को और सुविधा न पहुंचे एवं शिविर का लाभ अधिक से अधिक लोग उठा सके। इस बार भी ज्यादातर मामले जमीन विवाद से संबंधित आए जिसे संबंधित विभागों को हस्तांतरित कर दिया गया। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने जानकारी दी कि इस तरह के शिविर आयोजित होने से लंबित कांडों के निष्पादन में सहूलियत मिलती है। साथ ही पुलिस एवं पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित हो सके। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से कई लोगों को उनका खोया मोबाईल लौटाया गया। साथ ही कई तरह के सुझाव भी आए हैं जिसपर अमल करने को लेकर संबंधित थानों एवं विभागों को निर्देशित किया गया है। वही कई सारे लोगों को गुम हुए मोबाइल प्राप्त होने से चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली।

# तोरसिंदरी में ट्रॉली के नीचे सो रहे बच्चे को ट्रैक्टर ने रौंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटपानी।** प्रखंड अंतर्गत तोरसिंदरी में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां ट्रैक्टर के ट्राली के नीचे सो रहे एक बच्चे को ट्रैक्टर ने रौंद कर फरार हो गया। दरअसल पिछले दो दिनों से चैत्र पर्व के अवसर पर तोरसिंदरी गांव में रात्रि छऊ नृत्य का आयोजन किया गया था। जिसमें पाताहातु गांव निवासी तुराम लेयांगी (12) वर्षीय अपने बड़े भाई रंगिया लेयांगी के साथ छऊ नृत्य देखने के लिए बीते मंगलवार की देर शाम आया हुआ था। इस दौरान मौसम खराब होने के कारण पास में खड़ी एक ट्रैक्टर के ट्राली के नीचे जाकर बैठ गया। वही देर रात होने के कारण ट्राली के नीचे सो गया। जबकि उसका बड़ा भाई मेला घूमने चला गया। जहां देर रात अचानक ट्रैक्टर चालक बिना देखे गाड़ी लेकर चला गया। वहीं ट्राली के नीचे सो रहे बच्चे के ऊपर चक्का चढ़नें के कारण उसकी मौत हो गयी। रात का फायदा उठाकर ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

## बीपीसीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 27 से

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बौराहा गांव में आगामी 27 अप्रैल से बीपीसीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 का आयोजन किया जायेगा। टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग लेंगी। विजेता टीम को 71 हजार रुपए तथा उपविजेता टीम को 41 हजार नगद और ट्रॉफी दी जायेगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के लिए 3 हजार 5 सौ रुपये प्रवेश शुल्क रखा गया है। प्रतिभागी सभी टीम को 25 अप्रैल तक अपना निर्धारित शुल्क कमेटी को जमा करना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए असरेश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा ताकि इस क्षेत्र के प्रतिभावान युवाओं को अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री के अलावे कई अन्य गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

# डीसी, एसपी और डीडीसी ने किया पलाश मार्ट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बुधवार को समाहरणालय परिसर में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित पलाश मार्ट का उद्घाटन जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय तथा उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया । मौके पर उपायुक्त श्री जमुआर ने कहा कि दीदियों को आगे बढ़ाने के लिए यह एक अच्छी पहल है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बहुत से उत्पाद जिसको बाजार उपलब्ध नहीं हो पाता था उन सभी उत्पाद को पलाश मार्ट के माध्यम से बाजार उपलब्ध हो रहा है, जिससे की आम नागरिक शुद्ध घरेलु वस्तुओं का आनंद भी उठा पर रहे है।

डीपीएम जेएसएलपीएस ने बताया की ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को इससे जुड़ने से काफी लाभ मिल रहा है। सभी दीदियों को अपनी आजीविका चलाने में काफी मदद मिल रही है साथ ही साथ लोगों को स्वरोजगार का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।

विदित हो की यह झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को अपना उत्पाद बेचने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस मार्ट में ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्पादित विभिन्न वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाता है और बेचा भी जाता है, जिसमें दाल, तेल, साबुन, हर्बल गुलाल, मिष्ठान और अन्य स्थानीय उत्पाद शामिल हैं। पलाश मार्ट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में मदद करना है।

बताते चले की झारखंड सरकार की ओर से स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के माध्यम से पलाश मार्ट की स्थापना की गयी है। जिसमें ग्रामीण परिवारों की महिलाओं के द्वारा बनाए हुए उत्पाद को देश के मार्केट में बेचने का अवसर प्रदान करना है।

जेएसएलपीएस द्वारा आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर उपरोक्त के अलावे डीपीएम जेएसएलपीएस विमलेश कुमार शुक्ला, जिला प्रबंधक नौकरी और कौशल नवल किशोर राजू, बीपीओ-ईपी शेखर शत्यकेतु, मेराल बिपिएम गिरिजेश शर्मा,दीदी कैफे की दीदीयों सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मृत बच्चों के परिजनों से मिले विधायक सत्येंद्र तिवारी, की आर्थिक सहायता

जिला प्रशासन को जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गत मंगलवार को सदर प्रखंड के उड़सुगी गांव के एक ही परिवार के दो सगे भाई समेत चार बच्चों की मौत की सूचना पर बुधवार को विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। विधायक ने पीड़ित परिजनों को इस दुःख की घड़ी में ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि विधि के विधान को कोई भी नहीं टाल सकता है। लेकिन इसके बावजूद अभिभावकों को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने मौके से ही जिला प्रशासन के अधिकारियों से बात कर पीड़ित परिजनों को सरकार की ओर से प्रावधानित मुआवजा को अविलंब उपलब्ध कराने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान विधायक ने अपनी ओर से भी परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया। विधायक ने कहा कि परिजनों को चाहे कितना भी मुआवजा क्यों न उपलब्ध करा दिया जाए, लेकिन उन मासूमों की कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता है। विधायक ने कहा जिस स्थान पर बच्चों के डूबने से मौत हुई है, आखिर उतना गड्ढा किस परिस्थिति में हुआ। अब तक जिला प्रशासन के अधिकारी किस नींद में सो रहे थे। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मौके पर भाजपा नेता मंगलमूर्ति तिवारी, विवेकानंद तिवारी, पूर्व मुखिया अखिलेश उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# गढ़वा में खुला 'द रोजमेरी रेस्टोरेंट'

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहरवासियों के लिए स्वाद और माहौल का एक नया ठिकाना बनकर उभरा है। चिनियां रोड स्थित जेपी प्लाजा में 'द रोजमेरी रेस्टोरेंट', जिसका उद्घाटन रविवार को भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन फीता काटकर संगीता वर्मा एवं श्यामलता देवी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में उत्साह और पारिवारिक भावनाएं देखने लायक थीं। रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर भाई-बहन की जोड़ी अस्मित कुमार और आकांक्षा कुमारी ने बताया कि उन्होंने पारिवारिक परंपरा और आशीर्वाद की भावना के तहत अपने बुआ के हाथों उद्घाटन करवाया। उन्होंने कहा कि 'द रोजमेरी' सिर्फ एक रेस्टोरेंट नहीं, बल्कि एक अनुभव होगा। यहां मिलने वाले व्यंजन न केवल स्वाद में बेहतरीन होंगे, बल्कि ग्राहकों को एक अलग ही फील देंगे। भारतीय और कॉन्टिनेंटल दोनों तरह के फूड ऑप्शन यहां उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज के दौर में लोग सिर्फ खाना नहीं, बल्कि एक अच्छा माहौल और यादगार अनुभव भी चाहते हैं। मौके पर झामुमो नेता चंदन जायसवाल, राजा सिंह, ओम प्रकाश देव, बबीता देवी, दिलीप वर्मा सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। सभी ने नवोदित उद्यमियों के प्रयास की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान मिठाई और स्नैक्स के साथ मेहमानों का स्वागत किया गया। सभी ने रेस्टोरेंट के इंटीरियर और मेन्यू की भी तारीफ की। 'द रोजमेरी' रेस्टोरेंट निश्चित ही गढ़वा के खानपान और सामाजिक जीवन को एक नया आयाम देगा। परिवार, दोस्त या फिर खास लोगों के साथ लजीज व्यंजनों का आनंद लेने के लिए यह जगह जल्द ही पसंदीदा ठिकाना बन सकती है।

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी गढ़वा के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन गढ़वा नीलांबर पीतांबर भवन में किया गया। रेडक्रॉस के अध्यक्ष गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, रेडक्रॉस सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, वरिष्ठ समाज सेवी अलखनाथ पांडेय और डीएसपी गढ़वा नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त ने रेडक्रॉस के कार्यों और गढ़वा के रक्तदाताओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के शुरुआत में चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। रेडक्रॉस के सचिव ने रेडक्रॉस द्वारा किये जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रक्तदाताओं द्वारा लगभग 30 यूनिट संग्रह किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रेडक्रॉस के उप सचिव नंदकुमार गुप्ता ने किया। मौके पर उपस्थित रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी कोषाध्यक्ष राम नारायण प्रसाद, एक्सक्यूटिव कमेटी के रघुवीर प्रसाद, डॉ पतंजलि केशरी, उमेश कश्यप, कमलेश गुप्ता, उमेश सहाय, संतोष कुमार मेहता, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गढ़वा के चीफ मैनेजर प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, लीड बैंक मैनेजर सत्यदेव रंजन, ऋषिकेश, चंद्र प्रकाश दुबे एवं ब्लड बैंक के तकनीशियन प्रदीप कुमार एवं स्वास्थ्य कर्मी तथा बड़ी संख्या में रक्तदाता और सदस्यगण उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल 2025 के तहत अग्निशमन सेवा पदाधिकारी विमल सोरेन और जन्मेजय कुमार सिंह द्वारा विद्यालय में आग पर नियंत्रण के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन वंदना सभा में किया गया। इसमें विमल सोरेन और जन्मेजय कुमार सिंह द्वारा लकड़ी पुवाल द्वारा लगे आग, लिक्विड जैसे पेट्रोल, केरोसिन, एलपीजी द्वारा लगे आग, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में लगे आग पर कैसे नियंत्रण किया जाये इसके विभिन्न तरीकों का प्रयोग भैया-बहनों के बीच किया गया। भैया बहनों के बीच आग लगने की स्थिति में प्राथमिक उपाय, अग्निशमन यंत्रों की सही उपयोग, तथा उनका समय-समय पर जांच और रखरखाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य संजीव कुमार सपरिवार उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्निशमन सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को आगजनी की घटनाओं से बचाव के प्रति सजग एवं सतर्क बनाना है ताकि जान माल के नुकसान को कम किया जा सके। मौके पर, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, अविनाश कुमार, सुजीत दुबे, अशोक कुमार, नीरज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत को केंद्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर झामुमो के कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता रौशन पाठक के आवास पर झामुमो रंका प्रखंड कमेटी की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पार्टी की रांची में हुई 13वीं महाअधिवेशन में शिबू सोरेन को संस्थापक संरक्षक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए शुभकामना और बधाई दी गयी। वहीं पार्टी के द्वारा पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर सहित गढ़वा जिला से सबसे अधिक 17 केंद्रीय समिति सदस्य बनाये जाने पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया और सभी नव नियुक्त केंद्रीय समिति सदस्यों को बधाई शुभकामनाएं दी गयी। बधाई देने वालों में प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, वरिष्ठ नेता रौशन पाठक, प्रखंड कोषाध्यक्ष भंडुल पाठक, कार्तिक पांडेय, खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, धर्मेंद्र दूबे, आफताब आलम, संजय सिन्हा, लवली उरांव, राजीव ठाकुर, शफीक अंसारी, धनंजय यादव, विक्की पांडेय, मुकेश तिवारी, संतोष चंद्रवंशी, हसिब अंसारी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

# मंझिआंव में इलेक्ट्रिक स्कूटी आइक्यूब का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**मंझिआंव।** मंझिआंव बकरी बाजार स्थित मिडिल स्कूल के बगल में साई टीवीएस ने अपने शो रूम नये इलेक्ट्रिक स्कूटी। Qube का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शारदा ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के ओनर सुजीत साहू, एरिया मैनेजर चिराग गर्ग, एडीबीडीएम प्रेमचंद पासवान, टीवीएस क्रेडिट सर्विस लिमिटेड के एरिया मैनेजर उज्जवल नारायण की उपस्थिति में राधाकृष्ण मंदिर के महंत केशवनारायण दास, विनय पाठक के द्वारा पुरे विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर सुभआरम्भ किया गया। बताते चलें कि साई टीवीएस मंझिआंव को लगातार दो वर्षो से झारखंड में सबसे ज्यादा टीवीएस कंपनी का बाइक बेचने का अवार्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है। इस शोरूम के प्रोपराइटर दिलीप जायसवाल उर्फ खुशी जायसवाल ने बताया कि इस टीवीएस इलेक्ट्रिक स्कूटी आई क्यूब चार नये अलग-अलग मॉडल, और नये फीचर्स के साथ लांच किया है, जिसकी शुरुवाती कीमत 125000 से 15000 की डाउन पेमेंट के साथ आसान किस्तों में उपलब्ध है, वहीं यह स्कूटी 3 घंटे कि फुल चार्ज में 80 किमी/घंटा के साथ 100 किमी से 150 किमी तक जा सकती है।

# रंका में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी



रंका (आजाद सिपाही)। भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती रंका प्रखंड के विभिन्न गांवों में धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के हुरदाग मोड़ पर स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मुखिया रीमा देवी, बीडीसी रीना भारती, जितेंद्र कुमार रवि, डॉ पतंजलि केशरी, भाकपा माले नेता अख्तर अंसारी, भाजपा नेता उत्तम पांडेय ने कैंडल जलाकर और माला पहनाकर नमन किया। वहीं सिरोईखुर्द पंचायत के उंचरी गांव में रंका दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रमिला देवी, बीडीसी विनय यादव ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं सहित काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

## 'कॉफी विद एसडीएम' : साहित्य सृजन के लिए गढ़वा में कैसे बने अच्छा माहौल, हुआ मंथन

# सामाजिक सद्भाव बनाये रखने में साहित्यकारों की होती है अग्रणी भूमिका : एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक संवाद 'कॉफी विद एसडीएम' में बुधवार को सदर अनुमंडल क्षेत्र के साहित्यकारों को अपने यहां कॉफी पर बुलाकर अनौपचारिक संवाद किया।

**रखीं समस्याएं, दिये सुझाव :** संवाद के दौरान ज्यादातर साहित्यकारों की ओर से समस्याएं और सुझाव रखे गये, जिनके समाधान और अमल की दिशा में यथासंभव पहल करने का एसडीओ संजय कुमार ने सभी को भरोसा दिलाया।

**अच्छा साहित्य हमें संवेदनशील बनाता है :** संवाद के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जिस तरह संविधान और कानून हमें हमारे अधिकार और शक्तियों से परिचय कराते हैं, उसी प्रकार अच्छा साहित्य हमें नैतिकता, उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता सिखाता है और फलस्वरूप हम एक परिपक्व नागरिक बनते हैं।

**साहित्यिक गतिविधियों के लिए परिसर की जरूरत :** दस से अधिक पुस्तकें लिख चुके और सृजन श्री सम्मान प्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्रनाथ मिश्रा ने कहा कि पहले प्रशासनिक स्तर पर काफी मदद मिलती थी और लगातार शहर में साहित्यिक गतिविधियां चलती रहतीं थीं, महा महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि पर भी आयोजन होते थे, लेकिन अब क्रम टूट गया है। उन्होंने मांग की कि जिला मुख्यालय में साहित्यिक गतिविधियां करने के लिए कोई भवन या परिसर उपलब्ध कराया जाए।

**जिला स्तर पर बने साहित्यिक कैलेंडर :** वरिष्ठ साहित्यकार विनोद पाठक ने कहा कि आज साहित्यिक गतिविधियां आयोजित तो होती हैं किंतु साहित्यिक सोच के लोगों का जुटान काफी मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला स्तर पर पहले से एक कैलेंडर बना लिया जाए ताकि जिले के साहित्यकारों को पता हो कि किस तिथि पर कौन सा कार्यक्रम है। ऐसा करने से उनकी उपस्थिति बढ़ सकेगी। उन्होंने कहा यदि हमारी रचनाओं में दम होगा तो श्रोता जरूर आकर्षित होंगे।




**युवाओं में साहित्यिक सोच पैदा करनी होगी :** रासबिहारी तिवारी ने कहा कि आज श्रोताओं में साहित्यिक अभिरुचि कम होती जा रही है, इसके लिए हमें आने वाली पीढ़ियों अर्थात युवाओं के बीच में प्रशासनिक पहल से साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित करनी चाहिए। सुरेंद्र नाथ मिश्रा, विजय पांडे व आशीष दुबे आदि ने कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह साहित्य के प्रति सकारात्मक प्रशासनिक सोच का प्रतिफल ही है जो आज इस कार्यक्रम में साहित्यकारों को बुलाया गया।

**पुस्तकालय में साहित्यकारों के लिए जगह हो :** कुछ साहित्यकारों ने कहा कि अनुमंडलीय पुस्तकालय ने आज एक कोचिंग संस्थान जैसा स्वरूप ले लिया है, वहां सिर्फ युवाओं की ही मौजूदगी रहती है, किंतु वहां पर अन्य लोगों विशेषकर साहित्यकारों के लिए भी बैठकर पुस्तकें और अखबार पढ़ने के लिए कम से कम एक कक्ष आरक्षित होना चाहिए।

**स्थानीय साहित्यकारों की रचनाओं को खरीदा जाए :** बैठक में साहित्यकारों ने एक मत से कहा कि स्थानीय साहित्यकारों की अच्छे स्तर की रचनाओं को प्रशासन के स्तर से भी खरीद कर अनुमंडलीय पुस्तकालय में रखवाना चाहिए, ताकि उन्हें लिखने के लिए प्रेरणा मिले।

**सामाजिक सौहार्द बढ़ाने वाले साहित्य की दरकार :** संजय कुमार ने सभी मेहमानों से कहा कि यद्यपि किसी भी साहित्यकार को विषय और शब्दों के बंधन से नहीं बांधा जा सकता है, क्योंकि उसकी कल्पनाएं असीमित होती हैं, वह किसी भी विषय पर लिख सकता है, किंतु फिर भी उन्होंने सभी साहित्यकारों से अनुरोध किया कि वे अपने पसंदीदा विषय के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द और एकता बढ़ाने वाले साहित्य सृजन में भी अपना योगदान दें। आज गांव से लेकर शहर तक हर तरफ विद्वेष का माहौल बनता जा रहा है। चाहे सोशल मीडिया हो या पारंपरिक मीडिया, हर जगह नफरत, वैमनस्य और नकारात्मकता की भरमार है। ऐसे में सामाजिक सौहार्द पर लिखना विघटित होते समाज के लिए संजीवनी का काम करेगा।

**विद्यालयों में भी साहित्यिक आयोजन हों :** राकेश त्रिपाठी ने कहा कि सभी विद्यालयों की बड़ी कक्षाओं में साहित्यकारों की जयंतियों, पुण्यतिथियों या हिंदी दिवस आदि जैसे मौकों पर साहित्यिक गोष्ठियों और कार्यक्रम आयोजित होना चाहिए, इससे हमारे युवाओं के बीच साहित्य को लेकर इच्छा पैदा होगी।

**स्थानीय कवियों को मिले प्राथमिकता :** पूनम श्री और अंजलि शाश्वत ने कहा कि जिला स्तर पर आयोजित ज्यादातर कार्यक्रमों में बाहर के कवियों या कलाकारों को बुला लिया जाता है, बेहतर हो यदि जिला के स्थापना दिवस या बंशीधर महोत्सव आदि में स्थानीय कवियों व साहित्यकारों को भी मौका दिया जाए।

## पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार में कार्यक्रम आयोजित



केतार (आजाद सिपाही)। पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार में पीएम श्री के तहत विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मुखिया और विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सहित सभी शिक्षक दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के एक्सपर्ट संजीव कुमार एवं विकेश कुमार तिवारी द्वारा बच्चों के बीच पीएम श्री विद्यालय के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत, कम्युनिटी पार्टिसिपेशन, बिरसा मुंडा लर्निंग फेस्टिवल, हेल्थ चेकअप सहित विभिन्न प्रकार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक प्रेम कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, राजीव कुमार सिंह, धनंजय कुमार, दिलीप कुमार, अजय कुमार, सुधा कुमारी सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## केतार में बाबा साहब की जयंती मनायी गयी



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत अंतर्गत चेचरिया गांव में मंगलवार को संध्या 8:00 बजे संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। मौके पर उपस्थित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों तथा अंबेडकरवादी लोगों ने बाबा साहेब एवं गौतम बुद्ध के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात प्रोजेक्टर द्वारा सीरियल के माध्यम से बाबा साहेब का जीवनी को दिखाया गया और क्लब के द्वारा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं मुख्य अतिथि केतार थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा, कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक युगांतरकारी विचारधारा थे। उन्होंने बताया की बाबा साहब छुआछूत और जाति भेदभाव एवं सामाजिक न्याय के लिए आंदोलन चलाया था। जो आज उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है।

# चौका थाना में जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिले के चौका थाना परिसर में बुधवार को पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें में चौका थाना, तिरुलडीह थाना और ईचागढ़ थाना का शिविर लगाया गया। जिसमें चौका थाना में कुल 9 शिकायत दर्ज किया गया। जिसमें जमीन संबधित 4, चौका बाजार में लाईट और ट्राफिक व्यवस्था और दो पूर्व दर्ज कांड से संबंधित है। ईचागढ़ थाना में एक क्षेत्र में गश्ती और एक लाइट की व्यवस्था करने का शिकायत दर्ज हुआ है। तिरुलडीह थाना में एक जमीन से संबंधित, एक रोड सेफ्टी और एक कुकडू बाजार में स्ट्रीट लाइट संबंधित शिकायत दर्ज हुआ है। इस मौके पर सीओ अमित कुमार श्रीवास्तव, डीएसपी पूजा कुमारी, इंस्पेक्टर अजय कुमार, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय, तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार मौजूद थे।

## सभी मामलों को थाना प्रभारी और अधिकारियों ने गंभीरता से सुना

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आम नागरिकों की शिकायतों को सीधे तौर पर सुनने और उनका त्वरित समाधान कार्यक्रम अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुंडू, सोनाहातु, राहे, तमाड़, दशम फॉल थाना और बुंडू महिला थाना के प्रभारी उपस्थित रहे। मौके पर स्थानीय नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। जनता द्वारा जमीन विवाद, पारिवारिक कलह, साइबर ठगी और स्थानीय विवादों से जुड़े मामले आयें। सभी मामलों को संबंधित थाना प्रभारी और अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया। कुल 18 मामले आये जिसमें दो मामला को ऑन द स्पॉट स्पॉट सुलझाया गया। इस मौके पर रांची ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य लोग को बिना किसी डर के अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रख सकें। हर शिकायत को संबंधित थाने को आवश्यक कारवाई करने का दिशा-निर्देश दिया।




# पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना जरूरी: डीआइजी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान तथा पुलिस और आम जनता के बीच पारस्परिक विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से झारखंड पुलिस द्वारा नगर भवन, खूंटी में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अड़की, रनिया, तपकारा, तोरपा, कर्रा, जरियागढ़, मारंगहादा, सायको, खूंटी, मुरहू तथा महिला थाना द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाये गये, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं औरा शिकायतें दर्ज कराई। मौके पर उपस्थित पुलिस उप महानिरीक्षक (एसआइबी), रांची चंदन कुमार झा, पुलिस अधीक्षक, खूंटी अमन कुमार और एसडीओ खूंटी दीपेश कुमारी ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि खूंटी में अब तक चार जन शिकायत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें प्राप्त 220 मामलों का समाधान संबंधित विभागों द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जायेगा और यथा शीघ्र समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर एसडीपीओ खूंटी वरुण रजक, डीएसपी मुख्यालय, सभी थाना प्रभारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अंडर 19 स्कूली नेशनल फुटबॉल खेल टूर्नामेंट में झारखंड की टीम लीग मैच में आगे



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** मणिपुर में आयोजित 68वीं अंडर-19 स्कूली नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड के बालक और बालिकाओं की टीम ने पहले लीग मैच में बढ़त बना ली है। बालक की टीम हिमाचल प्रदेश को 3/0 छत्तीसगढ़ को 5/0 से हराया है। तीसरा मैच आंध्र प्रदेश से होगी। बालिका की टीम पहले मैच में केरल को 4/0 दूसरे मैच में अरुणाचल प्रदेश को 5/0 से हराया है। टीम की देख रेख कोच बिंदु कुजूर, मैनेजर लीना, कोच जितेंद्र कश्यप, मैनेजर अमित टोप्पो और एचओडी बिंदेश्वर महतो शामिल है। झारखंड के टीम भारत पर झारखंड राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी पोषण पदाधिकारी आदि ने बधाई दी है।

## पकवान प्रतियोगिता का आयोजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड की कर्रा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। मौकें पर सेविका सहायिका द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन, साग, सब्जी, फल लाये गये थे। साथ ही सेविका सहायिका द्वारा व्यंजन भी बनाया गया और इससे धात्री माता, गर्भवती और छह माह से तीन वर्ष के बच्चों और किशोरी बालिकाओं को कैसे और क्या खिलाना के बारे में जानकारी दी गयी। मौके परआंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के बीच पकवान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीडीपीओ कार्यालय की महिला पर्यवेक्षक ओहीदा मुकर्रम ने कहा कि सरकार द्वारा गर्भवती, धात्री, किशोरी बच्चियों और छह माह से तीन वर्ष के बच्चों को दुरुस्त और ताजगी हमेशा बना रहे, इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। हम सभी सेविका, सहायिका का दायित्व है कि इन सभी लाभुकों को पर्याप्त मात्रा में मिलने वाले पोषाहार ससमय मिले। मौके पर महिला पर्यवेक्षाका सुप्रिया आनंद, प्यारी गाड़ी, श्वेता देवी, आंगनबाड़ी सेविका प्यारी केशरी, सुनीता भेंगरी, मंजू देवी आदि उपस्थित थीं।

## कर्रा थाना परिसर में आज लगेगा रक्तदान शिविर

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा थाना परिसर पर गुरुवार को सुबह दस बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। कर्रा की प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेशिया ने बताया शिविर में कर्रा प्रखंड और अन्य जगह के लोगों बढ़-चढ़कर रक्तदान करें और दूसरों को जीवन दान दें। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में रक्त की कमी के कारण आये दिन लोगों की मौत होती रहती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा संसार में कोई भी दान नहीं है। रक्तदान करके किसी एक की जिंदगी बचायेंगे, तो उस व्यक्ति के साथ पुरा परिवार का जीवन आपको दुआ देगा।

## एनके क्षेत्रीय वेलफेयर कमिटी के सदस्यों ने डकरा वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया क्षेत्रीय सलाहकार समिति और वेलफेयर कमिटी के सदस्यों ने एनके महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता के साथ संयुक्त रूप से बुधवार को डकरा वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण दल ने वाटर फिल्टर प्लांट के अपग्रेडेशन और मेनटेनंस का जायजा लिया। वहीं सिविल अधिकारी सुमन कुमार ने फिल्टर प्लांट में वर्तमान और भावी योजनाओ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पानी की गुणवत्ता के लिए नियमित रूप से एलम और क्लोरीन मिलाया जा रहा है। वहीं पेयजल आपूर्ति की क्षमता बढ़ाने के लिए नये मोटर पंप लगाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि फिलहाल फिल्टर प्लांट से डकरा, भुतनगर मोहन नगर कॉलोनी में पानी सप्लाई किया जा रहा है, लेकिन अब सुभाष नगर कॉलोनी में भी पानी यहां से सप्लाई करने की योजना है। उन्होंने बताया कि महाप्रबंधक असैनिक राकेश मोहन के दिशा निर्देश में वाटर फिल्टर प्लांट का कायाकल्प किया जा रहा है। वहीं निरीक्षण दल ने प्लांट के साफ सफाई और पेयजल आपूर्ति संसधनो के रख रखाव से संतुष्ट हुए। वहीं महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेयजल आपूर्ति के लिए ऐसी तैयारी करे कि गर्मी के दिनों में भी प्रत्येक क्षेत्र को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके। निरीक्षण के पूर्व सिविल अधिकारी सुमन कुमार ने सभी निरीक्षण दल के सदस्यों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर मेकोन से आए लक्ष्मी महतो, अजीज अहमद, फुलेंद्र कुमार, ज्योति कुमार, राहुल कुमार, डीपी सिंह, प्रेम कुमार, विनय सिंह मानकी, सुनील सिंह, कृष्णा चैहान, शैलेश कुमार, मिथलेश सिंह, धवजा राम धोबी, पिंकू सिंह आदि मौजूद थे।

# मिशन वात्सल्य के तहत बाल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई, खूंटी, संभव ट्रस्ट और झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल संरक्षण मुद्दों पर बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कार्यालय सभागार, तोरपा में किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव व टोला के प्रत्येक बच्चे को संरक्षण एवं सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम के तहत ग्राम बाल संरक्षण समिति की भूमिका को सशक्त बनाने, ग्राम सभाओं में बच्चों से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता देने और बच्चों और किशोरों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह से मुक्ति, नशा उंमूलन, बाल तस्करी का निवारण, यौन शोषण से सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर संवाद हुआ। साथ ही सरकारी योजनाओं से बच्चों को जोड़ने, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए स्पांसरशिप योजना और फोस्टर केयर योजना के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपीओ खूंटी मोहम्मद अल्ताफ खान, बीडीओ तोरपा नवीन चंद्र झा, उपप्रमुख संतोष कर, संभव ट्रस्ट की अध्यक्ष मोनिका आर्या, सीडीपीओ पूजा चाइल्डलाइन प्रतिनिधि वितेश कुमार, संभव ट्रस्ट से अनिल कुमार, प्रिय कुमारी, अभिषेक यादव, दीपक तिग्गा, सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाएं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# सोड़ो में तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का हुआ शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो ऊपर टोला में बुधवार को तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। बंगाल और झारखंड के छह विशिष्ट संकीर्तन मंडली द्वारा दिन रात अखंड हरी नाम संकीर्तन कर रहे हैं। जिसका जागरण रात्रि शुक्रवार को होगी। वही आयोजक समिति के सदस्य इंद्र जीत प्रामाणिक ने बताया कि प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी सोड़ो ऊपर टोला में हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि संकीर्तन पुरे ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से आपसी सहयोग से किया जाता है। उन्होंने कहा कि पुरा गांव में तीन दिनों तक मांस, मछली सहित आमीस भोजन वर्जित रहता है। लोग सात्विकता को अपनाकर तीन दिनों तक पुरे पवित्रता के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि अखंड हरी नाम संकीर्तन महायज्ञ शनिवार को धुलोट और पूजा पाठ और नगर कीर्तन के साथ समापन किया जायेगा।

# एनसी ने राज स्पोर्ट्स बुंडू को 2-1 से किया पराजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** फुटबॉल लीग ग्रुप ए का 19वां मैच राज स्पोर्ट्स बुंडू और एनसी स्पोटिंग के बीच जीएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। दोनों टीमो के बीच जबरदस्त खेल देखने को मिला। एनसी के गोल्डेन मुंडा द्वारा 25वां और 45वां मिनट पर शानदार मैदानी गोल मारकर टीम को 2-0 का बढ़त बना दिया। हाफ टाइम के बाद राज स्पोर्ट्स बुंडू स्कोर को बराबरी करने का प्रयास करते हुए अरुण मुंडा द्वारा पहला गोल मारकर स्कोर को 2-1 का अंतर मे ला दिया। फिर दोनों टीम शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ताबड़तोड़ प्रहार कर खेल को काफी रोमांचक बना दिया। और अंत तक स्कोर 2-1 पर समाप्त हुआ। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार गोल्डेन मुंडा को कमिटी के प्रेम पूर्ति द्वारा सम्मानित किया गया। रोप खेल खेलने के कारण एन सी के अमर लोहरा और राज स्पोर्ट्स बुंडू के अजय मुंडा को रेफरी द्वारा पीला कार्ड दिखाया गया। मैच का संचालन करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा महावीर पुराण ने किय। इस अवसर पर हीरालाल दास, हरीश चंद्र मुंडा, प्रेम पूर्ति, निशांत भेंगरा, करम मुंडा, रितेश गुप्ता, विवेक गुप्ता, संन्योती कुमारी, मोनिका कुमारी शकुंतला कुमारी, जीविका कुमारी और तमाम सदस्य उपस्थित थे।

## मंडप जीर्णोद्धार कार्य के लिए कमिटी का गठन

# अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता और सचिव प्रदीप यादव बने



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** लपरा देवी मंडप परिसर में ग्रामीणों की एक बैठक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान हरि पाहन ने किया। बैठक में मंडप जीर्णोद्धार, सुरक्षा के लिए चाहरदीवारी निर्माण, सीमांकन और सौंदर्यीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। तत्पश्चात एक कमिटी का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक के रूप में मुखिया पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, सुनीता देवी, जितेंद्रनाथ पांडेय, हरि पाहन और नागदीप यादव बनाये गए। अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रूपेश चैरसिया, रमेश गुप्ता, सुशील उरांव, सतेंद्र सिंह, शाहदेव यादव, सुबोध रजक का चुनाव हुआ। सचिव प्रदीप यादव, सह सचिव अमित सिंह, पवन यादव, अविनाश पांडेय, उमेश यादव, कृष्णा लोहरा और कोषाध्यक्ष मनोज गिरी, रोशन लोहरा बनाये गये। मौके पर जितेंद्रनाथ पांडे, लपरा पंचायत मुखिया पुतुल देवी, मायापुर, मुखिया पुष्पा खलखो, विजय गुप्ता, जितेंद्र बैठा, सुनील यादव सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

# राहुल गांधी से घबराकर केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपना रही: रवि मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अखिल भारतीय कांग्रेस केमटी के निर्देश पर केंद्र में सत्तारूढ़ शासन व्यवस्था के विरोध में खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी कें अध्यक्ष रवि मिश्रा कें नेतृत्वम में बुधवार को समाहरणालय के पास धरना दिया गया और प्रदर्शन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि सत्तारूढ़ शासन व्यवस्था को इस तरह की ओछी हरकत नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकारवे संपूर्ण विपक्ष से घबराकर ऐसी हरकत कर रही। सरकार विपक्ष के नेता राहुल गांधी से घबराकर ऐसा काम कर करने को मजबूर हैं। रवि मिश्रा ने कहा कि तानाशाह सरकार केवल और केवल अपने लोगों को फायदा पहुंचा रही है, भले ही देश गर्त में चला जाये। केवल अपने लोगों से मतलब है, देश की जनता से कोई मतलब नहीं। मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव नईमुद्दीन खां, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, फिरोज आलम, अरुण सांगा, सोहेल अंसारी, जेम्स तोपनो, जुलियस कंडुलना, फुलचंद टूटी, राम तिडू, ऐलेक्सियूस भेंगरा, मगरीता खेस, जुनैद खान, सुचित सांगा, ऐलेक्सियूस परधिया, सुषमा भेंगरा, शांता खाखा, अनिता नाग, सुंदरमनी हंस, विक्रम नाग सहित कई, कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सेंटर फॉर एक्सीलेंसी का हुआ शुभारंभ



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बुधवार को पॉलिटेक्निक और अल्ट्राट सीमेंट कंपनी के सयुंक्त तत्वावधान में सेंटर फॉर एक्सीलेंसी का शुभारंभ किया गया। पॉलिटेक्निक के निदेशक विष्णु ब्रोतो चोट्टोपाध्याय, प्राचार्य समीर शर्मा अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के रिजीनल हेड मार्केटिंग स्वप्निल मिश्रा, रिजिनल हेड टेक्निकल बिद्धा पांडेय, आइडीबीआइ बैंक के शाखा प्रबंधक रवि भूषण प्रसाद और श्याम इंटरप्राइजेज के गोपाल केडिया ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर सेंटर का उद्घाटन किया। अल्ट्राटेक के अधिकारीयों ने कहा कि सेंटर कॉलेज के छात्र छात्र-छात्राओं के लिए काफी उपयोगी होगा। सेंटर का उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक कौशल में प्रशिक्षित करना और रोजगार के अवसर प्रदान करना है। प्राचार्य समीर शर्मा ने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्रों को अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने में मदद मिलेगा। इस मौके पर राज कुमार केडिया, नरोत्तम गोराई, विकास महतो, दुर्गा अग्रवाल, संजय भगत, बबलु साव, कॉलेज के फेकल्टी, छात्र छात्राएं क्षेत्र कांट्रेक्टर, रिटेलर एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## धान व्यापारी से लूटपाट करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने धान व्यापारी अजय भगत से चार लाख रुपये और मोटरसाइकिल लूटकांड में शामिल तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी में बुंडू थाना के गोसाईडीह गांव निवासी जीतलाल महली, बुंडू थाना के ताउ गांव निवासी उपेंद्र महतो, बुंडू थाना के खुदीमोदकाम निवासी चितरंजन महतो को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से कांड में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल 10 हजार रुपये और व्यापारी का मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद किया है।

## विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रांची में आयोजित कांग्रेस पार्टी के विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह भी शामिल हुई। जानकारी के अनुसार कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर इडी द्वारा आरोप पत्र दाखिल करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के द्वारा परिवर्तन निदेशालय इडी कार्यालय एयरपोर्ट रोड हरमू रांची के समक्ष विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश कमेटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह कई महिला कार्यकर्ताओं के साथ इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर इडी के द्वारा कांग्रेस नेताओं को परेशान किया जा रहा है, जिसके कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू, सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह सहित झारखंड के कई मंत्री और विधायक और महिला कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए।

## जन शिकायत कार्यक्रम में आये एक दर्जन मामले



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को खलारी, बुड़मू और मैकलुस्कीगंज थाना का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीनों थाना मिलाकर करीब एक दर्जन मामले ही शिविर में आये। इनमें ज्यादातर मामले जमीन से संबंधित थे। खलारी में कांग्रेस नेता तनवीर आलम ने झारखंड स्टेट हाइवे आथेरिटी (साज) द्वारा बनाये गये मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क में खलारी के चूरी होयर गांव में अधूरे सड़क का मामला दिया गया। साथ ही हजारीबाग-बिजुपाड़ा सड़क के केडी रोड खलारी में मुख्य सड़क और किनारे बनी नालियों के स्लैब का अतिक्रमण का मामला दिया गया। वहीं प्रकाश महतो ने दाखिल खारिज के एक मामले की शिकायत की। बुड़मू के जाकिर हुसैन ने जमीन पर जबरन ईंट भट्ठा चलाने की शिकायत की। शिविर में खलारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट, खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो, पुअनि रवि सोनी, बुड़मू थाना के पुअनि रविरंजन कुमार, मैकलुस्कीगंज थाना के पुअनि दीपक कुमार साव, अंचल उप निरीक्षक एके शाहदेव आदि उपस्थित थे।

## रातू फुटकलटोली में ईद मिलन समारोह का आयोजन, शामिल हुए मंत्री

# वक्फ संसोधन कानून नहीं मानेंगे, संवैधानिक तरीके से किया जायेगा विरोध: इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** भाजपा की नीति साफ नहीं है। वो फुट डालो और राज करो कि नीति अपनी रही है। उक्त बातें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कही। वे रातू प्रखंड अंजुमन कमेटी की फुटकलटोली में स्थित कार्यालय में आयोजित ईद मिलन समारोह के दौरान बोल रहे थे। इसमें मांडर, कांके, बुढ़मू अंजुमन कमेटी के लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भाजपा के वक्फ संशोधन कानून को हम नहीं मानेंगें। क्योंकि भाजपा रेल, सेल और एयरपोर्ट बेचने के बाद अब मुसलमानों की जमीन भी बेचने के फिराक में हैं। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज संवैधानिक तरीके से वक्फ संशोधन बिल का विरोध करेगा।


ईद मिलन समारोह में शामिल स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और अन्य गणमान्य।

### 20 अप्रैल को मुड़मा में होगा महाजुटान

वक्श संशोधन कानून के खिलाफ मांडर के मुड़मा में 20 अप्रैल को महाजुटान होगा। वक्ताओं ने गांव के हर व्यक्ति को महाजुटान में शामिल होकर वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।।

वहीं, अल्पसंख्य आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम भी कार्यक्रम में शामिल हुए और विरोध अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरुल हक, प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, बुढ़मू अंजुमन कमेटी के सदर शमीम बड़ेहार, मांडर सदर, कांके सदर के अलावा विभिन्न गांवों के सदर, सेकेट्री के अलावा परमेश्वर तिवारी, रामानंद महतो, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, अनिसुल रहमान, अजमुल हक, मोख्तार अंसारी और अंजुम खान आदि उपस्थित थे।

# खेल और खिलाड़ी को आगे बढ़ाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा: कृषि मंत्री

## मांडर और इटकी का दौरा कर स्टेडियम के संचालन को लेकर बैठक

कहा : स्टेडियम का उपयोग सिर्फ खेल और कला संस्कृति पर आधारित आयोजन के लिए किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर/इटकी।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को मांडर और इटकी का दौरा किया। इस दौरान कला, संस्कृति एवं खेल कूद विभाग की ओर से तैयार स्टेडियम के संचालन को लेकर बैठक की। जिसमें मांडर के हेसमी स्थित शहीद शेख भिखारी स्टेडियम और इटकी सियार टोली स्टेडियम के संचालन और रख रखाव को लेकर भविष्य की रूप रेखा तैयार की गई। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि स्टेडियम के बेहतर संचालन के लिए 1860 एक्ट के तहत समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें सदस्य बनाए जाने की कोई सीमा नहीं रहेगी। 100 रुपए की सदस्यता राशि जमा कर इच्छुक युवा आजीवन सदस्य बन सकेंगे। संचालन समिति में 15 सदस्यों वाली कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष पद पर स्थानीय विधायक पदेन रहेंगे, जबकि सचिव पद पर स्थानीय बीडीओ पदभार संभालेंगे। संचालन समिति में 60 प्रतिशत पुरुष और 40 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रहेगी। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि संचालन समिति की बैठक में 50 प्रतिशत उपस्थिति पर पारित एजेंडा ही मान्य होगा। स्टेडियम का उपयोग सिर्फ खेल और कला संस्कृति पर आधारित आयोजन के लिए किया जाएगा। सिद्धो-कान्हु खेल क्लब और डे बोर्डिंग के लिए तीन कमरा आवंटित किया गया है। बैठक में इस पर भी सहमति बनी की किसी भी कार्यकारिणी सदस्य को हटाने का अधिकार अध्यक्ष और सचिव को रहेगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि खेल के क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभा को उभारना ही सबसे बड़ा लक्ष्य है। स्टेडियम का निर्माण विभाग की ओर से जरूर किया गया है, लेकिन इसके संचालन और रख रखाव की जिम्मेदारी यहां के युवाओं और स्थानीय ग्रामीणों की है। मांडर विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को अब स्टेडियम के अभाव में अपनी खेल प्रतिभा को दबाना नहीं होगा। मांडर और इटकी ही नहीं, पूरे विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव से खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने की सोच रखने वाले युवाओं को बेहतर मौका मिलेगा। मांडर के प्रतिनिधि होने के नाते खेल और खिलाड़ी को आगे बढ़ाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। वहीं, कार्यक्रम को जिला खेल पदाधिकारी शिवेंदु सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सीओ मोहम्मद अनीस, जिला खेल समन्वयक आशीष कुमार बनर्जी, खेल विभाग के मुकेश कुमार, बीडीओ हेमंत तिग्गा, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## बेटे के जेल जाने से दुखी पिता ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के कांशीडीह निवासी रामकुमार मुंडा (45) ने मंगलवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पाकर बुधवार की सुबह अनगड़ा पुलिस काशीडीह गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। उधर, ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पहले पुलिस ने उसके बेटे कार्तिक मुंडा को यौन शोषण के एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बेटा के जेल जाने के बाद से ही रामकुमार मुंडा काफी आहत और सदमे में था। मंगलवार को उसने कई लोगों से कहा था कि उसके बेटे कार्तिक मुंडा को झूठे मामले में फंसाकर जेल भेज दिया गया है। अब उसे भी फंसाकर जेल भेजा जा सकता है। मृतक रामकूमार मुंडा गांव के पाहन पुजारी परिवार से था। उसके आकस्मिक निधन से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## खूंटी में राष्ट्रीय लोक अदालत 19 मई को, पीडीजे ने दिये कई निर्देश

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी व्यवहार न्यायालय परिसर में आगामी दस मई को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बुधवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में न्यायिक पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रधान जिला जज ने निर्देश दिया कि 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित और सुलहनीय वादों के अधिकतम निष्पादन के लिए सहयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने अपील की कि वादकारगण जिनके मामले न्यायालय में लंबित हैं, वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने वादों का शीघ्र निष्पादन कराएं। मौके पर डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित यह पहली बैठक थी। उन्होंने बताया कि वादों के पूर्व-निपटारे के लिए 10 मार्च से नौ मई तक प्रि-कॉन्सिलिएशन (पूर्व-सुलह) बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

## एक दिवसीय शिव मंडा पूजा संपन्न

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड के मासु गांव में आयोजित एक दिवसीय शिव मंडा पूजा सोल्लास संपन्न हुआ। इससे पहले शिव मंडा पूजा के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मंदिर प्रांगण से कलश लेकर स्वर्णरिखा नदी तट पर बेलिया दाह धाम पहुंचीं तथा यहां से जल ग्रहण कर पुनः मंदिर प्रांगण पर पहुंची। इस दौरान भगवान भोलेनाथ की जय घोष और माता पार्वती की जयकारा से पूरा गांव गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की अगुवाई शिव भक्तों, ग्राम पाहन, पाट भोगता, फूल सुसारी और महतो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष मूलू महतो, ग्राम प्रधान देवराज पाहन, पंचायत समिति सदस्य मदरा मुंडा, संरक्षक कारीनाथ महतो, जगरनाथ महतो, विशेश्वर मुंडा, अमरनाथ महतो, तेजनाथ महतो, लालसाई मुंडा, बेजनाथ महतो, रामनाथ महतो, शिव नारायण महतो, हीरा लाल महतो, चरकू पहन, अभिषेक पहन, बाबूलाल महतो, शालीक करमाली, अगमलाल महतो, सुरेश पहन, अनिता देवी, रासो पहान, अर्पण सोलंकी, कौशल्या देवी, तीजन देवी, शीला देवी, रानी देवी, उषा देवी, सरिता देवी आदि का योगदान रहा।

## मुख कैंसर सह जागरूकता शिविर में 112 मरीजों की डेंटल स्क्रीनिंग की गयी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी के आजाद बंगला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आयोजित भारतीय मुखीय चिकित्सा और विकरण विभाग द्वारा मुख कैंसर सह जागरूकता शिविर में 112 मरीजों की डेंटल स्क्रीनिंग की गयी। वहीं तीन मरीजों के जख्म की स्क्रैप बायोप्सी भी किया गया। बेड़ो पीएससी और रिम्स डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी और पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के चिकित्सको के देखरेख में मरीजों का इलाज किया गया। इस विशेष शिविर में डॉ श्रोती कुमारी ने मरीजों को दंत रोग और उससे बचाव पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जरूरतमंद मरीजों के बीच में निःशुल्क टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट, माउथ वाश एवं दवाओं का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित्रा कुमारी, दंत चिकित्सक डॉ राजीव रंजन ,रिम्स से डॉ आस्था टोप्पो, डॉ अदिति, डॉ लखी कुमारी, डॉ अनामिका कुमारी और डेंटल असिस्टेंट अजय करकेटा सहित अन्य उपस्थित थे।

## पति ने पत्नी पर कुदाली से हमला कर किया घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जामटोली रोड निवासी तनु देवी (30) को उसके पति संतोष गुप्ता ने घरेलू विवाद में कुदाली से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे सिर और चेहरे पर चोट लगी है। घटना बुधवार की सुबह 7.30 बजे की है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये। समाजसेवी शशि टाइगर और थाना प्रभारी ने घायल महिला को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड के लालखंटगा पंचायत में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की शुरूआत कलश यात्रा के साथ की गई। बुधवार को आयोजित इस धार्मिक यात्रा में 71 महिलाओं ने भाग लिया, जो मंदिर प्रांगण से कलश लेकर कोचबोंग स्थित राजा बांध तक गई। वहां से कलशों में जल भरकर वे पुनः मंदिर पहुंची, जहां प्रयागराज से पधारे पूजकों द्वारा विधिवत कलश स्थापना कराई गई। वहीं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य दिन 18 अप्रैल को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया पुष्पा तिर्की, पूर्व मुखिया रितेश उरांव, सुरेश नायक, राजेन्द्र ठाकुर, रवि महली, विनोद नायक, आरती कुजुर, प्रमोद सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वाहन से गिरकर एक की मौत

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा- हुंडरु फॉल मार्ग में गेतलसूद बुकी मोड़ के पास बुधवार की सुबह ट्रेकर गाड़ी से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान सुकरलाल करमाली के रूप में हुई है। वह रामगढ के बारीडीह सांकी ग्राम का रहने वाला था। बताया जा राह कि सुकरलाल सिंगारी गांव में एक बारात पार्टी में शामिल होने के बाद बुधवार की सुबह वापस लौट रहा था। वह गाड़ी की छत पर बैठा था। इसी दौरान बुकी के पास तीखे मोड़ पर वह अचानक गाड़ी से नीचे गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर, सूचना पाकर मौके पर भाजपा एससी मोर्चा के जिला महामंत्री संजय नायक पहुंचे और अनगड़ा पुलिस को खबर दी। इसके बाद तुरंत 108 एंबुलेंस को भी बुला लिया। मौके पर राजेश करमाली, अजय राज, राजन महतो, अरविंद गुप्ता, संदीप लोहरा, राज महतो आदि उपस्थित थे।

## अशोक गुप्ता सोनाहातू प्रखंड कांग्रेस के पर्यवेक्षक नियुक्त



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** झारखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने ओरमांझी के अशोक कुमार गुप्ता को तीन महीने के लिए सोनाहातू प्रखंड का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। अपने मनोनयन पर अशोक गुप्ता ने रांची जिला के पर्यवेक्षक सहजादा अनवर , राँची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश किरण महतो के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने मिले दायित्व को पूरी तरह निर्वहन करने का भरोसा दिलाया। बताते चलें कि अशोक गुप्ता पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर ज़िम्मेदारी निभा चुके हैं। अशोक गुप्ता पूर्व में भी पर्यवेक्षक के तौर पर पार्टी में योगदान दे चुके हैं। वे लगातार 1985 से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रखंड से लेकर सांसद के पूर्व प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। वर्तमान में भी रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के महासचिव के पद पर आसीन है। उनके मनोनयन पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, जिला उपाध्यक्ष सुरेश साहू, विधायक सलाहकार रमेश उरांव, सेल के प्रदेश सचिव शिव प्रसाद साहू, मंडल अध्यक्ष पूर्वी रवि साहू, हरिमोहन महतो, रामटहल महतो, मंडल अध्यक्ष पश्चिमी अब्दुल रशीद अंसारी, प्रेम नाथ मुंडा, मुबारक अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी और सुरेंद्र उरांव आदि ने बधाई और शुभकामनायें दी हैं।

## नगड़ी, रातू, अनगड़ा और बेड़ो में जन शिकायत समाधान शिविर आयोजित

**पिस्कानगडी/अनगड़ा/बेड़ो/रातू (आजाद सिपाही)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सह रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को नगड़ी थाना की ओर से बुधवार को प्रखंड परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 15 आवेदन मिले। इसमें से मौके पर ही सात मामलों का निष्पादन कर दिया गया। जबकि आठ मामलों को जांच के बाद निष्पादन किया जाएगा। नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्या का निपटारा के लिए इस शिविर के आलवे नगडी थाना में भी आवेदन दे सकते हैं। पुलिस त्वरित कार्रवाई कर निदान करने का प्रयास करेगी। मौके पर नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय, थाना प्रभारी नगड़ी, दलादली ओपी के प्रभारी पुअनि विकास सिंह, पुअनि देवानन्द यादव आदि उपस्थित थे। वहीं, अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय सभागार में विशेष शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें अनगड़ा, ओरमांझी एवं सिकिदिरी थाना क्षेत्र के करीब दो दर्जन से भी अधिक लोगों ने अपनी शिकायतों से संबंधित आवेदन सौंपा। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर कई समस्याओं का समाधान भी किया। बताया कि आवेदन प्राप्त सभी मामलों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर ओरमांझी थानेदार अनिल कुमार तिवारी, अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह, सिकिदिरी थाना के एसआई वरूण कुमार ठाकुर, विजय कुमार दास आदि थे। वहीं, बेड़ो थाना परिसर में बेड़ो और नरकोपी थाना के संयुक्त तत्वावधान में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बेड़ो थाना में 10 आवेदन आए। इसमें से चार का निष्पादन किया गया। जबकि छह मामलों का प्रतिवेदन सीओ को भेजा गया। वहीं, नरकोपी थाना में चार आवेदन आए। जिसमें दो मामलों का निष्पादन किया गया।

## संविधान विरोधी बयान के खिलाफ निकलेगा आक्रोश मार्च: विनय महतो



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन द्वारा दिए गए कथित विवादित बयान (संविधान से पहले शरीयत) को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। इसी कड़ी में भाजपा के रांची महानगर एवं ग्रामीण जिला संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने दी। उन्होंने मंत्री हफीजुल हसन के बयान को संविधान और बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान करार देते हुए दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संविधान में आस्था है तो उन्हें तुरंत मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए। वहीं, आक्रोश मार्च के बाद राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र रॉय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, डॉ प्रदीप वर्मा समेत कई विधायक, पूर्व सांसद एवं अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष विनय महतो ने आमजन और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे भारी संख्या में आक्रोश मार्च में शामिल होकर बाबा साहेब के संविधान और देश की गरिमा की रक्षा के लिए एकजुटता का परिचय दें।

## नामकुम में जन शिकायत समाधान शिविर में 15 में से 6 मामलों का मौके पर ही निष्पादन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर बुधवार को नामकुम थाना परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नामकुम, टाटीसिलवे और खरसीदाग ओपी क्षेत्रों से कुल 15 मामलों पर सुनवाई हुई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है, जिसमें जनता की शिकायतें मौके पर ही सुनी जाती है और संभव हो तो उसी समय उसका निष्पादन किया जाता है। नामकुम थाना क्षेत्र से कुल 10 शिकायतें दर्ज की गई थी, जिनमें से 5 मामलों को मौके पर ही सुलझा लिया गया। जबकि पांच मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। टाटीसिलवे थाना क्षेत्र से मात्र एक मामला सामने आया, जिसमें पहले से कार्रवाई जारी है। वहीं खरसीदाग ओपी में कुल 4 मामले दर्ज हुए। इनमें से एक को मौके पर निष्पादित कर दिया गया, जबकि शेष तीन मामलों में आगे की प्रक्रिया जारी है। एसपी सुमित अग्रवाल ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत करना है, ताकि लोग बिना हिचकिचाहट अपनी समस्याएं सामने रख सकें और उन्हें त्वरित न्याय मिल सके।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित

# जन समाधान कार्यक्रम में पुलिस के अधिकारियों को दी गयी जरूरी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** रांची के कांके रोड स्थित न्यू पुलिस लाईन में डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें आईजी (हेडक्वार्टर) मनोज कौशिक, एसएसपी चंदन सिन्हा, सीटी एसपी राजकुमार मेहता, रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के राजेश कुमार सिन्हा, शिवानी सिंह, पीएलवी राजेंद्र महतो, भारती शाहदेव, शारदा देवी, रेणु देवी, जमिल अख्तर, फुलेश्वरी देवी, राज वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसएसपी एवं एसपी को पूर्व में ही आदेश जारी कर दिया था। बतातें चलें कि पूर्व में जिस स्थान पर समाधान कार्यक्रम का आयोजन हुआ था, इस बार भी उसी जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अब तक तीन बार जन समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पहला कार्यक्रम 10 सितंबर 2024, दूसरा 18 दिसंबर और तीसरा 22 जनवरी 2025 को हुआ था। इस अवसर पर राजेश सिन्हा और शिवानी सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों की पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना और उक्त शिकायतों को रजिस्टर करना है। यह भी कहा कि शिकायतों पर पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को देनी है। यदि निर्धारित समय पर कार्रवाई ना हो पाए तो वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना देना चाहिए। कार्रवाई योग्य शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान करना, जिन शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हो सकती, उसकी जानकारी भी शिकायतकर्ताओं को देना और पुलिस की ओर से बनायी जा रही सर्वोतम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों में दिखाने के साथ ही नागरिकों की समस्याओं को समझकर पुलिस व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना है।

## पशुपालन करने वाले किसानों के लिए कार्यशाला आयोजित

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिघीया पंचायत भवन में आईसीएआर, आईआईबीए और ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन की पहल पर पशुपालन करने वाले किसानों के लिए बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसमें पशुओं से सम्बंधित रोगो एवं उपचार एवं दूध वृद्धि के बारे में किसानों को जानकारी दी गयी। इसमें प्रखंड के कृषि विभाग के डॉ राकेश रंजन एवं कृषि विभाग से महादेव लकड़ा ने किसानों को विस्तृत जानकारी दी। वहीं आईसीएआर के वैज्ञानिक सौमजीत सरकार ने पशुओं से संबंधित बीमारी एवं उपचार के बारे में बताया। इस दौरान मेघा मिनरल मिक्सचर के बारे में उसका उपयोग एवं मात्र के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही कृषकों के लिए सरकार की योजना कुसुम योजना, डिप बोरिंग, फसल बीमा एवं किसानो को कैसे सब्सिडी दर पर ट्रैक्टर का लाभ मिले जानकारी दी।

## कैंब्रिज बीएड कॉलेज में एनुअल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला सम्मान

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन बहया में बुधवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना की गई। प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रस्साकस्सी, टेबल टेनिस, चेस और कैरम बोर्ड जैसे इंडोर व आउटडोर खेलों का आयोजन किया गया था। प्रतिभागियों को तीन टीम रेड, येलो और ग्रीन में विभाजित किया गया था, जिसमें ओवरऑल चैंपियन का खिताब येलो टीम ने अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार, डॉ सत्येश सिंह, डॉ रेणु, डॉ. रजनीश कुमार, प्रो जसिंता गुड़िया, प्रो. आनंद नारायण, प्रो. मयंक श्रीवास्तव, प्रो श्यामू बड़ाइक, प्रो प्रदीप कुमार और सूरज कुमार महतो प्रमुख रूप से उपस्थित थे। वहीं, संस्थान के सचिव नवनीत सिंह ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कहा कि खेल छात्र जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो नेतृत्व, अनुशासन और टीम वर्क की भावना को विकसित करता है।

## रातू में जन शिकायत समाधान में आये महज 8 आवेदन

**रातू (आजाद सिपाही)।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर बुधवार को रातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महज आठ फरियादियों ने ही आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी। प्रचार प्रसार की कमी के कारण फरियादी जन शिकायत समाधान से वंचित रह गये।

# घाघरा पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** गुमला एसपी के निर्देशानुसार घाघरा पुलिस ने नवडीहा पुल के समीप एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गयी। इसके साथ ही दो दर्जन से ऊपर बाइक चालकों को रोक हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस वाहन से संबंधित कागजात और गाड़ी की डिक्की खुलवाकर जांच की गयी। इसके साथ ही बिना हेलमेट वाले चालकों को चेतावनी देते हुए छोड़ा गया। वहीं पुलिस ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाना और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। वाहन संबंधित कागजात की जांच की गयी है। इसके साथ ही पुलिस ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग पुलिस से बचने के लिए हेलमेट का उपयोग न करें। बल्कि अपने जीवन को बचाने के लिए हेलमेट का उपयोग करें। नाबालिक बच्चों को बाइक ना दें। अन्यथा पकड़े जाने पर उनके गार्जियन के ऊपर कार्रवाई होगी। मौके पर पुलिस के कई जवान उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है : चैतू उरांव

**नेशनल हेराल्ड मामले में इडी की कार्रवाई से कांग्रेसियों में रोष**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** इडी द्वारा सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में दाखिल करने के खिलाफ बुधवार को गुमला समाहरणालय परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर गुमला जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष चैतू उरांव के नेतृत्व में आहूत हुई। मौके पर जिला श्री उरांव ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मोदी सरकार के हालिया क्रूर कदम की स्पष्ट रूप से निंदा करती है। नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को मनमाने और अन्यायपूर्ण तरीके से जब्त करना और पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना। यह कानूनी प्रक्रिया का मामला नहीं है, यह कानून के शासन का मुखौटा पहने हुए एक राज्य प्रायोजित अपराध है। हाल ही में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और हमारी पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करना राज्य की शक्ति का एक भयावह दुरुपयोग दर्शाता है। यह लोकतांत्रिक विपक्ष के विचार पर सीधा हमला है, सत्तारूढ़ शासन द्वारा राजनीतिक धमकी का एक भद्दा प्रयास है जो पूरी तरह से पागल हो चुका है। यह बदले की राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। हमने पहले भी भारत की आत्मा के लिए लड़ाई लड़ी है और हम फिर से ऐसा करेंगे। सत्य, न्याय और संवैधानिक लोकतंत्र के मूल्य हमारे लिए अविभाज्य है। सत्यमेव जयते सिर्फ एक नारा नहीं है, यह एक दृढ़ विश्वास है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि जिस परिवार ने इस देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया, अपने परिवार को शहिद होते हुए देखा उनको राजनीतिक प्रतिद्वंदता के चलते दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन राहुल गांधी इससे डरने वाले नहीं हैं एससी जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम ने कहा मोदी सरकार राहुल गांधी की लोकप्रियता से डर गयी है ओबीसी अध्यक्ष बिंदेश्वर साहू ने कहा मोदी सरकार बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए राहुल गांधी पर कार्रवाई कर रही है। आफताब आलम लाडले ने कहा कि मोदी सरकार राहुल गांधी को जितना छेड़ेगी उतना ही मजबूती से उभर कर सामने आयेंगे। मौके पर फीरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, संतोष गुप्ता, आलोक साहू संजय गोप, सुनीता तिर्की, बैंबूल अंसारी, लालमोहन साहू, इबरार अंसारी, क्रिस्टीना तिर्की, तरुण गोप, राजकमल उरांव, विमल चंद उरांव, सबिता देवी, सनियारो देवी, जयत्री देवी, मंगरी देवी सहित कई कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तालाब में डूबने से बच्ची की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के पतिया गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का एक बड़ी लापरवाही उभर कर सामने आयी है। किसी प्रकार का कोई छुट्टी नहीं रहने के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने के कारण वहां पढ़ने गयी एक ढाई साल की मासूम बच्ची आयुषी कुमारी की तालाब में डूबने से मौत हो गयी है। आयुषी की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता ने घटना के लिए आंगनबाड़ी केंद्र की संयोजिका शारदा जायसवाल को जिम्मेवार ठहराते हुए उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की है। मां ने कहा कि अगर आंगनबाड़ी केंद्र खुला होता तो उसकी बेटी की जान नहीं जाती। वह हर दिन आंगनबाड़ी केंद्र जाती थी और फिर छुट्टी के बाद घर लौट आती थी। केंद्र जाने के समय वह खुद उसे आधे रास्ते तक छोड़ कर आती थी। मगर बेटी की मौत के बाद संयोजिका शारदा जायसवाल गांव आकर बेटी के आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित नहीं होने की बात कहकर जाना और भी दुर्भाग्यपूर्ण है। जब बेटी हर दिन केंद्र जाती थी तो उसके नामंकन नहीं करने पर भी संयोजिका खुद जिम्मेवार है। पूरे घटना को लेकर पिता फिरू महतो ने बताया कि वे काफी गरीब है और प्लास्टर पुट्टी का काम कर परिवार का परवरिश करते है। फिलहाल वे पालकोट प्रखण्ड में कर रहे थे और आज ही घर लौट रहे थे। तभी रास्ते मे उन्हें बेटी की मौत हो जाने की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि बेटी हर दिन आंगनबाड़ी केंद्र पढ़ने जाती थी। बुधवार को भी बेटी पढ़ाई के लिए केंद्र जाने के लिये निकली थी। उसकी मां उसे आधे रास्ते तक छोड़ कर आयी थी। मगर आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने के कारण वह अन्य बच्चो के साथ खेलते हुए पतिया तालाब की ओर चली गयी। फिर खेलने के क्रम में तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गयी।

# सेरका से हाड़ुप तक सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों में रोष, आंदोलन की दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड के सेरका पंचायत के पूर्वी पठार में सड़क नहीं बनने का एक जटिल समस्या है। जिसके निर्माण को लेकर ग्रामीण लगातार आंदोलन रत है। इधर प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधि तक के आश्वासन देने के बावजूद अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका। जिस कारण ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं और एक बार पुनः सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का मन बना लिए हैं।

इस संबंध में बुधवार को हाड़ूप गांव में सैकड़ों ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गयी। जहां पर लोगों को संबोधित करते हुए बुद्धेश्वर बिरजिया के कहा कि सेरका पंचायत के 80% लोग आज भी सड़क जैसी महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधा से वंचित है। जिसको लेकर लगातार हम लोग आंदोलन करते आ रहे हैं। इसी बीच लोकसभा चुनाव का जोरदार बहिष्कार किया गया, परंतु अंचल अधिकारी शेखर वर्मा एवं गुमला उपायुक्त के द्वारा चुनाव के तुरंत बाद सड़क निर्माण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। जिस कारण ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार करने का निर्णय वापस लिया परंतु अब तक सेरका से हाड़ूप तक का सड़क निर्माण नहीं हो सका है ना ही टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। बैठक के बाद सभी लोग प्रखंड कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी एवं अंचल अधिकारी शेखर वर्मा से मिलकर सेरका से हड़ुप तक बनाए जाने वाले सड़क निर्माण की जानकारी मांगी परंतु सही संतुष्टि भरा जवाब नहीं मिलने के कारण ग्रामीण सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का मन बना रहे हैं। ग्रामीण द्वारा बताया गया कि इस बार सड़क पर उतरकर जोरदार आंदोलन किया जायेगा। जिसमें सेरका पंचायत के आदिम जनजाति एवं आदिवासी समुदाय के लोग शामिल होंगे। जो अपने बाल बच्चों के साथ सड़क में ही खाना, पीना एवं तंबू लगाकर रहने का काम करेंगे और सड़क मार्ग को अवरोध कर आंदोलन करेंगे।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से जनता का बढ़ रहा है विश्वास: आइजी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला के नगर भवन में आयोजित चतुर्थ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में बुधवार को कुल 48 मामले आये। पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार) पटेल मयूर कन्हैया लाल ने शिकायतों की सुनवाई की और मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित थाना प्रभारी को अग्रसारित कर एसपी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जन समस्या के त्वरित निष्पादन के लिए कार्यक्रम को जनता के लिए हितकारी बताया। इस अवसर पर पद्मश्री छुटनी देवी, समाजसेवी चिंता मुनी उरांव ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए अंधविश्वास और नशापान के खिलाफ छेड़े गये जन जागरण अभियान में पुलिस को सहयोग करने की बात कही। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रामलाल गुप्ता ने कहा कि जन समस्या समाधान कार्यक्रम के माध्यम से अब तक 414 समस्याओं का समाधान हुआ है। कार्यक्रम में शिकायतों की संख्या शून्य हो जाए तो कार्यक्रम की सार्थकता सिद्ध होगी। एसपी शंभु कुमार सिंह ने अतिथियों ओर प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए अब तक के उपलब्धियों की चर्चा की। कहा इससे पहले तीन बार के कार्यक्रम में 414 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 316 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष शिकायतें जमीन और कोर्ट से संबंधित है। उन्होंने गुमशुदा बच्चों एवं महिला सुरक्षा कानून, पीडितों को मुआवजा, आन लाइन एफआइआर, डायल 112 और 1930, एससी, एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम आदि की जानकारी दी और निःसंकोच नजदीकी थाना में अपनी समस्या रखने की बात कही। सिसई थाना रोड निवासी अरुणा कुमारी ने भाई बंटवारे को लेकर देवर द्वारा प्रताड़ित करने, घर से निकालने आदि की समस्या रखी। कार्यक्रम में एसडीपीओ थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# आर्मी जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जम्मू कश्मीर राज्य के उधमपुर में तैनात आर्मी जवान 26 वर्षीय आर्मी जवान संतोष उरांव का सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। संतोष की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया। आदिवासी समुदाय का सदस्य संतोष घर का अकेला कमाने वाला सदस्य था। उसके अविवाहित अवस्था में हुई मौत ने परिवार को झकझोर कर रख दिया। मृतक जवान संतोष घाघरा थाना क्षेत्र के कोही पाठ गांव का रहने वाला था। हाल के वर्षो में वह आर्मी ज्वाइन किया था। साथ ही वर्ष 2021 से वह उधमपुर के 152 ए डी रेजिमेंट में तैनात था। यह दुर्घटना सदर थाना क्षेत्र के टोटो पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को देर रात हुई है। इस दुर्घटना में उसके दो दोस्त बबलू उरांव और संतोष उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। दोनों घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। परिजनों के मुताबिक दोनो का रिम्स में इलाज जारी है और उनकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 01/2025-26/EE/NREP/LATEHAR एवं PR 349997 Rural Development (25-26).D में प्रकाशित निविदा में निम्न संशोधन किये जाते हैं।

1. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –22.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक

शेष सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 350450 NREP(25-26)#D

# लायंस क्लब ने नेत्र जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 22 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया था, जिनमें से 10 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये। सभी 10 मरीजों का कल सफल ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किया गया। सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां एवं चश्मा प्रदान कर उन्हें छुट्टी दे दी गयी। साथ ही सभी को आगामी 22 अप्रैल, मंगलवार को फॉलो-अप के लिए पुनः बुलाया गया है। इस शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ नवल, सहायक नेत्र चिकित्सा पदाधिकारी सदानंद महतो, आशीष कुमार, संदीप कुमार एवं मंगल जी द्वारा जांच एवं ऑपरेशन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन राजकुमार अग्रवाल, सचिव ला. अशोक कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पीआरओ योगेंद्र प्रसाद साहू, एमजेएफ डॉ. लायन शंकर लाल जाजोदिया, पदम कुमार साबू, शशि किरण जयसवाल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा, चालक घायल

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के सुरहु मोड़ के समीप टेंपो पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को शाम 6:30 बजे के आसपास सुरहु बड़काटोली निवासी डेवीड तोपनों उम्र 22 वर्ष कामडारा से अपने घर जा रहा था। इसी बीच सुरहु मोड़ के समीप टेंपो असंतुलित होकर पलट गयी जिससे चालक डेवीड तोपनों के सर पर गंभीर चोट लगी है। घटना की सुचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घायल युवक को इलाज के लिए कामडारा सी एच सी में भर्ती कराया। वही इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर रेफर कर दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ से तीन वारंटी गिरफ्तार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डुमरी थाना कांड संख्या 38/2013, एसटी नं 191/2016 से संबंधित तीन स्थायी वारंटी अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम लक्ष्मणदेव यादव उम्र 53 वर्ष, सुखसागर यादव उम्र 47 वर्ष तथा मुनेश्वर यादव उम्र 40 वर्ष है। सभी अभियुक्त मीरचाइपाट गांव, थाना डुमरी के हैं। जबकि वर्तमान में मनोरा, थाना पुलिस चौकी मनोरा, जिला - जसपुर, छत्तीसगढ़ में रह रहे हैं। तीनों अभियुक्तों को मनोरा, जसपुर (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। यह कार्रवाई कानून एवं व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# विवाह प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**मिशन बदलाव की मांग पर उपायुक्त ने लिया त्वरित संज्ञान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिले में आम लोगों को अब विवाह पंजीकरण के लिए कोर्ट-कचहरी के चक्कर नहीं लगाने होंगे। मिशन बदलाव टीम की पहल पर उपायुक्त गुमला ने शादीशुदा प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश संबंधित विभागों को दे दिया है। मिशन बदलाव टीम की ओर से जिला सचिव सैय्यदा खातून और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में उपायुक्त को एक मांग पत्र सौंपा गया था, जिसमें बताया गया कि जिले के प्रखंड एवं नगर क्षेत्रों में विवाह प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से बिचौलियों और दलालों की वजह से लोगों को मानसिक और आर्थिक कष्ट झेलना पड़ता है। इस पर उपायुक्त गुमला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत नगर परिषद पदाधिकारी को कॉल कर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया बहाल करने और जनता की सुविधा के लिए काउंटर शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि सभी प्रज्ञा केंद्रों में पति-पत्नी का आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज संयुक्त फोटो, दो से तीन गवाहों के आधार कार्ड की जेरॉक्स प्रति दस्तावेज के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मिशन बदलाव टीम ने उपायुक्त महोदय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से गरीब एवं आम जनता को काफी राहत मिलेगी और वे आसानी से सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उपायुक्त से मिलने वालों में ज्योति ग्लोरिया कुजूर, जानकी तिर्की, मीना देवी, मुनीता तिर्की सहित मिशन बदलाव के कई सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



एलिट 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट पर 133 रन बनाये। जिसमें जावेद अली ने 33 गेंदों में 74 रन की धमाकेदार पारी खेली।

# एलिट 11 ने गेट-टूगेदर क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में आइपीएल की तर्ज पर आयोजित गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एलिट 11 ने फ्लाइंग फाल्कन को 67 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की और खिताब अपने नाम किया। एलिट 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट पर 133 रन बनाए। जिसमें जावेद अली ने 33 गेंदों में 74 रन की धमाकेदार पारी खेली। जबकि फ्लाइंग फाल्कन की ओर से तंजीम और कमल कुमार ने 2-2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए फ्लाइंग फाल्कन की टीम 9.3 ओवर में 66 रन पर सिमट गई। जिसमें मनोहर उरांव ने 17 और अहमद राजा ने 12 रन बनाए। एलिट 11 की ओर से आयुष राज ने 4 विकेट, जबकि सैयद इमाम ने 3 विकेट झटके। विजेता और उपविजेता टीम को विशाल ट्रॉफी और नकद पुरस्कार दिये गये।

**Government of Jharkhand**
**Directorate of Tourism**
MDI Building, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-4
Ph.-0651-2400493, Fax-0651-2400492, E-mail:dirjharkhandtourism@gmail.com

**Ref. No. Tou/ Dir/Yoj/24/2024 - 496** **Dated:- 16/04/2025/**

**Notice Inviting Stakeholders Consultation for Discussion on Revenue Model & Package Pricing for ECO Retreat Netarhat**

The Department of Tourism, Jharkhand, is planning to organize the **ECO Retreat Netarhat 2025** (November 15, 2024 – January 15, 2025), a two-month-long tent city festival, on a **Revenue Sharing Model or H1 Bidder Model**.

To ensure an effective and sustainable financial model, we invite key stakeholders to a consultative meeting to **deliberate and finalize the revenue-sharing structure and package pricing strategy** for this initiative. Your insights and expertise will be invaluable in shaping a successful partnership framework.

**Meeting Details:** ■ Date: **21.04.2025** ■ Time: **12:00PM** ■ Venue: **Office of Director, Tourism, Government of Jharkhand, Second Floor School Education Building, MDI Building, Dhurwa, Ranchi 834004**

Online Meeting Link can be downloaded from dept. website www.tourism.jharkhand.gov.in/

Interested Opertors/ Bidders may download the brief document from **16/04/2025, 17:00 Hours** onwards from the Department of Tourism website:–www.tourism.jharkhand.gov.in/ and submit their confirmation for joining the discussion.

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the website www.tourism.jharkhand.gov.in

*DoT reserves the right to cancel this invitation with or without amendments to this invitation, without liability or any obligation for such invitation and without assigning any reason.*

**Director,** Tourism.

PR.NO.350529 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26):D

**Govt. of Jharkhand**
**Directorate of Sports & Youth Affairs**
**(Department of Tourism, Art Culture, Sports & Youth Affairs)**
Gate No. 28, Birsa Munda Football Stadium, Morabadi, Ranchi - 834008
E-mail Id - directorsportsjharkhand@gmail.com

**Corrigendum – 1**
**(NIT No. 11/2025-26 Dated 11.04.2025)**

**Sub:** Corrigendum No.1 to the referred NIT No. 11/2025-26 dated 11th April 2025 (PR No. 350219 Dated 11.04.2025) against the RFP of Hiring of Event Management Agency for SAAF Senior National Championship 2025.

**The following changes are incorporated to the RFP:**

| S.N. | RFP Clause Reference | Clause as per RFP | To be read as |
|---|---|---|---|
| 1. | Section-III, Sl. No. 2 | Evaluation Criteria | Attached as Annexure 'A' |
| 2. | Section VI (b) 1.03 Transportation | Hiring Charge Per Day | Hiring Charge for 12 hour per Day |
| 3. | Section VI (c) BOQ for Event/venue operation (Workforce) | As per RFP | Attached as Annexure 'B' |
| 4. | Section VI (I) BOQ for Overlays, Sl. No. 3 | Panel Cabins, quantity - 5 | Porta cabins, quantity - 4 |
| 5. | Section VI (I) BOQ for Overlays, Sl. No. 4, Double Storey structure | Quantity – 2 | Quantity - 1 |
| 6. | Section VI (I) BOQ for Overlays, Sl. No. 13, Metal Chair with cushion | Chair with Leatherette Upholstery with Back support and side arms. | Chair with Leatherette Upholstery with Back support |
| 7. | Section VI (m), Sl. No. 1.01 Printing of Coffee Table Books/Picture Books | Quantity -100 | Quantity – 30 |
| 8. | Section VI (n) | Newly Inserted | Attached as Annexure 'C' |
| 9. | Section IX | Newly Inserted | Attached as Annexure 'D' |

**Note:**

1. Comprehensive information regarding the corrigendum is available on website – **sports.jharkhand.gov.in**
2. Tender Fee: There will be No price/fee shall be charged for the bidding document.
3. Successful bidders are required to submit GST Certificate of Jharkhand within 7 days of the award of contract. Payment for any bills submitted by the bidder will be processed only if the GST number mentioned in the bill is registered for the state of Jharkhand.
4. All other terms and conditions mentioned in tender document will remain unchanged.

**Sd/-**
**Director**
**Directorate of Sports & Youth Affairs**
**Jharkhand, Ranchi**

PR 350526 (Art Culture Sports and Youth Affairs) 25-26 (D)

## जैनामोड़ में हुआ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का भव्य स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं निवर्तमान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बुधवार को जैनामोड़ में कुछ देर के लिए रूप से था। जहां फोर लाइन चौक पर उनका कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। अर्जुन मुंडा ने बताया कि कुछ दिन पहले बीएसएल प्रबंधन की ओर से बोकारो विस्थापित युवाओं द्वारा किए जा रहे हैं आंदोलन में लाठी चार्ज के दौरान प्रेम कुमार महतो का निधन हो गया था। आज उनके आवास पर जाकर दुख एवं संवेदना व्यक्त करने के बाद गिरिडीह के लिए निकले थे। इस मौके पर बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण, भाजपा के बोकारो जिला पूर्व अध्यक्ष रोहित लाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर, शंकर रजक, सुभाष महतो, अनिल स्वर्णकार, संजय सिंह, जय नारायण मरांडी, बालेश्वर मुर्मू, रघुनाथ टुडू, सुनील मंडल, विक्रम गोस्वामी, बैद्यनाथ नायक, सुमित जायसवाल, अनीता गुप्ता, राकेश मधु, महेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

### तेज रफ्तार हाइवा के धक्के से स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल

## आक्रोशित लोगों ने झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग जाम कर किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग पर दुःखहरनी मंदिर के समीप बुधवार को तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे स्कूटी सवार झरिया के चार नंबर निवासी विनोद केसरी उर्फ पप्पू (40) गंभीर रूप से घायल हो गये। उधर, घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने करीब दो घंटे तक झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग को जगह-जगह जाम कर दिया। लोगों का कहना था कि आए दिन कोयला ट्रांसपोटिंग हाईवा की चपेट में आकर लोगों की जान जा रही है। दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। इसके बाद भी जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि मुख्य मार्ग पर कोयला परिवहन पर रोक लगाने में असमर्थ है। कोयला ट्रांसपोटिंग कंपनी की मिली भगत से ओवरलोड गाड़ियां तेज रफ्तार से राजापुर परियोजना होते हुए दुःखहरणी मंदिर मार्ग से रेलवे साइडिंग पर चलती है। कई बार स्थानीय लोगों के आक्रोश को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग से कोयला ट्रांसपोटिंग करने का आश्वासन बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा दिया जा चुका है। बावजूद इसके कुछ दिन के अंतराल में दोबारा मुख्य मार्ग से कोयला ट्रांसपोटिंग शुरू कर दिया जा रहा है। जिससे आए दिन दुर्घटना घटती रहती है। उधर, लोगों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर पहुंची झरिया पुलिस ने सकारात्मक पहल का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया और सड़क जाम हटवाया। वहीं घायल विनोद केसरी के इलाज की व्यवस्था करने की बात कही। बतातें चलें कि व्यवसायी विनोद केसरी की धनबाद के रांगाटांड़ में कॉस्मेटिक की दुकान है। विनोद केसरी अपनी दुकान खोलने रांगाटांड़ जा रहे थे। तभी दुःखहरनी मंदिर के समीप तेज रफ्तार हाईवा ने टक्कर मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए उन्हें एक निजी नर्सिंग होम भेजा गया। उधर, पुलिस ने हादसे के लिए जिम्मेदार हाइवा को जब्त कर लिया है।



सड़क जाम कर हंगामा करते अक्रोशित लोग।

## राजनीति से प्रेरित होकर इडी कर रही है काम : ब्रजेंद्र सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड केस में मंगलवार को आरोप पत्र दाखिल करने के प्रतिवाद में कांग्रेस की ओर से बुधवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में एआइसीसी के सदस्य ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ईडी को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। जिस राज्य में विपक्षी पार्टियों की सरकार है या केंद्र की राजनीति में जो विपक्ष में है उनके विरुद्ध केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग को धड़ल्ले से इस्तेमाल कर बेवजह परेशान कर रही है। अगर केंद्र सरकार के विरोध में किसी नीतिगत फैसले पर भी कोई विपक्षी पार्टी के लोग आवाज बुलंद करते हैं तो उनको इडी, सीबीआइ या आयकर विभाग की मदद से उनकी आवाज बंद करने का प्रयास किया जाता है जो लोकतंत्र के लिए खतरा है। ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार दादागिरी पर उतर आयी है। इसी के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की ईडी और सीबीआई द्वारा कोई कार्रवाई किसी पर ना हो सके।

## कोई गैस रिसाव नहीं हुआ : गौतम मजी




**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** हिंदूस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) सिंदरी में अमोनिया गैस रिसाव होने की सूचना पूरे सिंदरी में फैल गयी थी। ह्वाट्सएप सहित अन्य में खबरें भी छआई रही। इस खबर की पुष्टि के लिए हर्ल सिंदरी यूनिट प्रमुख गौतम मजी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कोई गैस रिसाव नहीं हुआ है। शटडाउन के कारण प्लांट मंगलवार से पूरी तरह बंद है। कोई लिकेज नहीं है। हो सकता है प्लांट मरम्मति के कारण पाइप में रह गया गैस हवा में आया होगा. जिसकी वजह से गैर रिसाव की आशंका हो रही है। प्लांट 15 दिन तक शटडाउन रहेगा। विभागीय स्तर से इसे देखा जा रहा है।

## विनोद बिहारी महतो के पौत्र डब्ल्यू महतो का निधन, शोक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो और पूर्व सांसद राजकिशोर महतो के पुत्र राजेश कुमार उर्फ डब्ल्यू महतो का बुधवार को धनबाद के हीरापुर स्थित बिनोद बिहारी महतो आवास में निधन हो गया। वे 53 वर्ष के थे। उनके पार्थिव शरीर तेलीपाड़ा मुक्ति धाम ले जाया गया। उधर, विनोद बिहारी महतो के पौत्र डब्ल्यू महतो के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे पिछले छह महीने से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज कोलकाता में चल रहा था। बीच-बीच में धनबाद अशर्फी अस्पताल में भी उनका इलाज होता था। उनको सांस लेने में तकलीफ थी। वहीं, निधन की खबर सुनकर उनके आवास चिरागोड़ा पर लोगों का तांता लग गया। वहीं, सिंदरी के भाजपा नेता सह पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी भी शोक प्रकट करने चिरागोड़ा पहुंची थी। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ उनके परिजनों से मुलाकात कर दुःख की घड़ी में ढांढस बंधाया।

## मामूली विवाद में चाकू से हमला, हालत गंभीर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भूली थाना अंतर्गत आजाद नगर के समीप बुधवार की सुबह पड़ोस के युवकों ने मामूली विवाद में एक व्यक्ति को चाकू मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया। जहां स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक भूली के आजाद नगर निवासी हरेंद्र यादव को पुरानी रंजिश में पड़ोस के श्री यादव, बेटे उमेश यादव और दिनेश यादव ने कृष्ण मंदिर के समीप चाकू मार दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से हरेंद्र को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## शरीयत को संविधान से ऊपर बताने वाले मंत्री के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन, पुतला फूंका



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार में मंत्री हफीजुल हसन द्वारा शरियत को संविधान से उपर बताने को लेकर दिए विवादित बयान के विरोध में बुधवार को भाजपा तोपचांची मंडल की ओर से सुभाष चौक पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मंत्री का पुतला फूंकते हुए सरकार से बर्खास्त करने की मांग की गई। अपने संबोधन में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास महतो ने कहा कि जब पूरा देश संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मना रहा था, उसी समय राज्य के मंत्री हफीजुल हसन का यह कहना कि 'संविधान से ऊपर शरियत है, बेहद निंदनीय है। कहा कि यह बयान मंत्री की संकीर्ण सोच और संविधान के प्रति अपमानजनक दृष्टिकोण को दर्शाता है। विकास महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ऐसे मंत्री को तत्काल मंत्रिपरिषद से हटाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो भाजपा पूरे राज्य में आंदोलन करेगी। इस मौके पर रामायण भगत, गिरिजा शंकर उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष निवास तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशुतोष पाल, रणबीर चौबे, शिव पुजन उपाध्याय, सुरेश महतो, दिलीप दास, जय नारायण साव, लालू साव, राकेश दास, छोटन साव, दिनेश महतो, अमित गोस्वामी, मनोज रजक, अजय कुमार, अजित चौधरी, आकाश चौबे और अरविंद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**राजगंज/झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** राजगंज थाना क्षेत्र के बीजीएम गार्डेन में बुधवार को बाघमारा पुलिस अनुमंडल का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी शुरूआत बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम सिंह और इंस्पेक्टर मुकेश चौधरी ने किया। इसमें राजगंज, तोपचांची, कतरास, बरोरा, खरखरी, सोनारडीह, रामकनाली, तेतुलमारी, भाटडीह, महुदा और महिला थाना के प्रभारी-अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जमीन विवाद का मुद्दा छाया रहा। साथ ही मंइयां समान, वृद्धा पेंसन, नाली विवाद, छेड़छाड़, मारपीट आदि के मामले पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तोपचांची थाना क्षेत्र के लेदाटांड में मारपीट और हत्या का मामला छाया रहा। भुक्तभोगियों का आरोप था कि पुलिस नामजद को गिरफ्तार नहीं कर रही। जबकि पुलिस ने साक्ष्य दिखा कर बताया कि गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है। मगर उनलोगों ने अपना मोबाइल बंद कर दिया है। इसी कारण लोकेशन नहीं मिल पा रहा है। दूसरा मामला जमीन विवाद का उठा। जिसमें कतरास के तिलाटांड निवासी विनोद कुमार सिंह नामक व्यक्ति ने दीप नारायण सिंह, उनके पिता भरत रावत, भतीजा सूरज सिंह और समरेश सिंह पर जमीन के फर्जी कागजात बनाकर जमीन हड़पने और जबरन दखल करने का आरोप लगाया है। वहीं, डीएसपी ने बताया की कई तरह की शिकायतें आ रही है जिसमें पुलिस संबंधित और अन्य विभागों से संबंधित मामले लिए जा रहे हैं। पुलिस संबंधित शिकायतों का निराकरण जल्द से जल्द किया जा रहा है। साथ ही अन्य विभागों की शिकायतों को उन विभागों में भेजा जा रहा है। दूसरी ओर, धनबाद पुलिस की ओर से जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा टाटा कम्यूनिटी सेंटर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सिंदरी के एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने किया। इस अवसर पर जोरापोखर के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, सिंदरी के संजय कुमार, झरिया इंस्पेक्टर शशिरंजन, पंकज भूषण, साइबर थाना प्रभारी उषा रानी सहित सिंदरी अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी एवं अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों के फरियादियों पत्र देकर ने अपनी-अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसमें झरिया में पांच, जोरापोखर के तीन, भौंरा के दो, सिंदरी से एक और बलियापुर थाना में एक फरियादी ने अपनी शिकाय दर्ज कराई है।


### झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

#### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं औपबंधिक सूची
जिला– राँची (पार्ट–4)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुमताज अहमद खान एवं सीतारानी जैन द्वारा माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–159/25 2. आवेदक–बेला बलवंती एक्का, पिता–स्व0 अलोईस एक्का<br>3. ग्राम–टंगरा टोली, पिस्का मोड़, पोस्ट–हेहल, थाना–सुखदेवनगर, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–160/25 2. आवेदक–रंजनी कन्डुलना, पिता–स्व0 मिखाएल कन्डुलना<br>3. ग्राम–ललित ग्राम, कॉलोनी, पोस्ट–रातु, थाना–रातु, प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के केहुनी पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी काशीनाथ महतो एवं उमेश कुमार महतो द्वारा माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–161/25 2. आवेदक–कामेश्वर महतो, पिता–साहेबराम महतो<br>3. ग्राम–लुपूंग, पोस्ट–अनगड़ा, थाना–अनगड़ा, प्रखण्ड–अनगड़ा,<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी लक्ष्मीनारायण महतो एवं रतन लाल महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–162/25 2. आवेदक–बलराम महतो, पिता–श्रीधर महतो<br>3. ग्राम–सताकी, पोस्ट–सताकी, थाना–अनगड़ा, प्रखण्ड–अनगड़ा,<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–163/25 2. आवेदक–हरिहर प्रसाद महतो, पिता–भीखु महतो<br>3. ग्राम–तुन्कु, पोस्ट–दावाडु, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के पास कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–164/25 2. आवेदक–सुशील कुमार अग्रवाल, पिता–स्व0 रतन लाल अग्रवाल<br>3. ग्राम–बरियातु रोड, पोस्ट–बरियातु, थाना–बरियातु, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कोहनी में कटा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–165/25 2. आवेदक–गुरूचरण साहु, पिता–कुलेश्वर साहु<br>3. ग्राम–बनसिया, पोस्ट–बनसिया, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–166/25 2. आवेदक–मो0 खेजाबुद्दीन, पिता–मो0 मियाजान अंसारी<br>3. ग्राम–कुटाम, पोस्ट–छोटामुरी, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–169/25 2. आवेदक–पशुपति महतो, पिता–आनन्द महतो<br>3. ग्राम–लाधुप, पोस्ट–बनसिया, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ में जला हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–170/25 2. आवेदक–गुही राम महतो, पिता–स्व0 बनु महतो<br>3. ग्राम–लोवादाग, पोस्ट–टी0वी0 रामपुर, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–171/25 2. आवेदक–चंचला भोगता, पति–दुर्योधन भोगता<br>3. ग्राम–पिपरदाग, पोस्ट–टी0वी0 रामपुर, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ में गोदना। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–246/25 2. आवेदक–नवीन चन्द्र पाल, पिता–गिरधारी प्रजापति<br>3. ग्राम–डिमरा, पोस्ट–सोना डिमरा, थाना–बारलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कटा दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–172/25 2. आवेदक–हेमन्त कुमार महतो, पिता–रघुनाथ महतो<br>3. ग्राम–इतिहासा, पोस्ट–टुटकीनवाडीह, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–173/25 2. आवेदक–शिवचरण कुम्हार, पिता–स्व0 गोवर्धन कुम्हार<br>3. ग्राम–कोंचो, पोस्ट–दुरमीनवाडीह, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–174/25 2. आवेदक–ब्रजेश्वर प्रसाद, पिता–केदार प्रसाद<br>3. ग्राम–छोटामुरी, पोस्ट–छोटामुरी, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, संजीव सिन्हा एवं रमेश कुमार साहु द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–175/25 2. आवेदक–प्रभा देवी, पति–देवराज विश्वकर्मा<br>3. ग्राम–रातू रोड, पोस्ट–हेहल, थाना–सुखदेवनगर, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–176/25 2. आवेदक–जगरानी कुजूर, पति–लुयिस कुजूर<br>3. ग्राम–इन्द्रपुरी रोड नं0 01, रातू रोड, पोस्ट–हेहल, थाना–सुखदेवनगर, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0– 177/25 2. आवेदक–कबूतरी देवी, पति–किशुन लोहरा<br>3. ग्राम–न्यू कॉलोनी, पोस्ट–धुर्वा, थाना–जगरनाथनगर, प्रखण्ड–नामकोम<br>4. लिंग–महिला, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0– 178/25 2. आवेदक–शिवमूरत यादव, पिता–रामकृत यादव<br>3. ग्राम–न्यू कॉलोनी, पोस्ट–धुर्वा, थाना–जगरनाथनगर, प्रखण्ड–नामकोम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0– 179/25 2. आवेदक–चंदुवा उराईन, पति–बुधवा गाड़ी<br>3. ग्राम–न्यू कॉलोनी, जगरनाथपुर, पोस्ट–धुर्वा, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकोम<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0– 180/25 2. आवेदक–जगू नायक, पिता–पंचम नायक<br>3. ग्राम–न्यू कॉलोनी, जगरनाथपुर, पोस्ट–धुर्वा, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकोम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0– 181/25 2. आवेदक–गायत्री देवी, पति–गणेश साहु<br>3. ग्राम–हरिओम नगर, धुर्वा, रांची, पोस्ट–धुर्वा, थाना–धुर्वा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0– 182/25 2. आवेदक–निर्मला उपाध्याय, पति–स्व0 सुरेन्द्र उपाध्याय<br>3. ग्राम–हरमू, पोस्ट–हरमू, थाना–अरगोड़ा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0– 183/25 2. आवेदक–किरण मिश्रा, पति–अरूण कुमार मिश्रा<br>3. ग्राम–डी0–55, अशोक नगर, हरमू, पोस्ट–हरमू, थाना–अरगोड़ा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0– 184/25 2. आवेदक–नवीन कुमार मिश्रा, पिता–स्व0 त्रिगुणा मिश्रा<br>3. ग्राम–डी0–55, अशोक नगर, हरमू, पोस्ट–हरमू, थाना–अरगोड़ा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें अंगूठा के बगल में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0– 185/25 2. आवेदक–सरोज पाण्डेय, पति–स्व0 बी0के0 पाण्डेय<br>3. ग्राम–बी0एच0–82, हरमू, पोस्ट–हरमू, थाना–अरगोड़ा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–79 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के बायें कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0– 186/25 2. आवेदक–उर्मिला पंडित, पति–स्व0 राम अयोध्या पंडित<br>3. ग्राम–एच0–27, आदर्श नगर, पोस्ट–धुर्वा, थाना–धुर्वा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0– 187/25 2. आवेदक–विनीता सिंह, पति–स्व0 रामप्रताप सिंह<br>3. ग्राम–बी0–1606/2, एच0ई0सी0, धुर्वा, पोस्ट–धुर्वा, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकोम<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0– 188/25 2. आवेदक–दीनानाथ सिन्हा, पिता–स्व0 शिवनाथ सिन्हा<br>3. ग्राम–बी0–1412/सेक्टर–2, धुर्वा, पोस्ट–धुर्वा, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकोम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0– 189/25 2. आवेदक–अमित कुमार, पिता–स्व0 राजेश्वरी मोहन<br>3. ग्राम–सी0डी0–25/सेक्टर–2, धुर्वा, पोस्ट–धुर्वा, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकोम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–190/25 2. आवेदक–ऐरन मिंज, पति–सिबानूस मिंज<br>3. ग्राम–मौसीबाड़ी, जगरनाथपुर, पोस्ट–धुर्वा, थाना–धुर्वा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–191/25 2. आवेदक–फ्रांसिना पॉल, पति–स्व0 अल्बर्ट पॉल<br>3. ग्राम–रेलवे कॉलोनी, चुटिया, रांची, पोस्ट–चुटिया, थाना–चुटिया, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0– 192/25 2. आवेदक–नीता पाण्डेय, पति–स्व0 अशोक पाण्डेय<br>3. ग्राम–अरगोड़ा–105, पर्ल ओरकिड, पोस्ट–अरगोड़ा, थाना–अरगोड़ा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0– 193/25 2. आवेदक–बुधन देवी, पति–बेंजामिन सथिया दास<br>3. ग्राम–मौसीबाड़ी, जगरनाथपुर, पोस्ट–धुर्वा, थाना–धुर्वा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0– 194/25 2. आवेदक–शान्ति देवी, पति–उमाशंकर नायक<br>3. ग्राम–मौसीबाड़ी, जगरनाथपुर, पोस्ट–धुर्वा, थाना–धुर्वा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0– 195/25 2. आवेदक–बुलू नायक, पिता–स्व0 छेदी नायक<br>3. ग्राम–बर झोपड़ी, जगरनाथपुर, पोस्ट–धुर्वा, थाना–धुर्वा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0– 196/25 2. आवेदक–रीना देवी, पति–ललन यादव<br>3. ग्राम–टंकी साईड, धुर्वा, पोस्ट–धुर्वा, थाना–धुर्वा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में दोनों तरफ मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0– 197/25 2. आवेदक–पानपति देवी, पति–उपेन्द्र सिंह<br>3. ग्राम–शर्मा रोड, धुर्वा, पोस्ट–धुर्वा, थाना–धुर्वा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0– 198/25 2. आवेदक–मेरी तिर्की, पति–पीयुस तिर्की<br>3. ग्राम–सपारोम, पोस्ट–सपारोम, थाना–नगड़ी, प्रखण्ड–नगड़ी<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0– 199/25 2. आवेदक–सीता देवी, पति–पज्जू लोहरा<br>3. ग्राम–नयासराय, पोस्ट–हेहल, थाना–नगड़ी, प्रखण्ड–नगड़ी<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0– 200/25 2. आवेदक–आभा सिन्हा, पति–स्व0 निर्मल कुमार सिन्हा<br>3. ग्राम–श्री कॉम्पलेक्स, महावीर चौक, अपर बाजार पोस्ट–जी0पी0ओ0, थाना–कोतवाली, प्रखण्ड–सदर 4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–भौं पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 181. | 1. आवेदन क्र0– 201/25 2. आवेदक–वीणा वर्मा, पति–स्व0 ओंकार प्रसाद वर्मा<br>3. ग्राम–25 श्रद्धानन्द रोड, रांची, पोस्ट–जी0पी0ओ0, थाना–कोतवाली, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने होंठ के उपर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 182. | 1. आवेदन क्र0– 202/25 2. आवेदक–रीता चौधरी, पति–कपिलदेव चौधरी<br>3. ग्राम–कांके, पोस्ट–कांके, थाना–कांके, प्रखण्ड–कांके<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0– 341/25 2. आवेदक–संगीता जयसवाल, पति–स्व0 रामशरण जयसवाल<br>3. ग्राम–सिसई मदौली, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 184. | 1. आवेदन क्र0– 342/25 2. आवेदक–अमृता भगत, पति–स्व0 बन्धना भगत<br>3. ग्राम–लट्ठा टोली, पोस्ट–घटगांव, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंखो पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0– /25 2. आवेदक–देविका सिंह, पति–सतीश कुमार सिंह<br>3. ग्राम–कदमा, पोस्ट–कदमा, थाना–कदमा, प्रखण्ड–कदमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 186. | 1. आवेदन क्र0– 148/25 2. आवेदक–रूमा सिंह, पति–रवीन्द्र प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–गिरिडीह, पोस्ट–गिरिडीह, थाना–गिरिडीह, प्रखण्ड–गिरिडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0– 149/25 2. आवेदक–पूनम देवी, पति–शंकर राम रवानी<br>3. ग्राम–पालगंज, पोस्ट–पालगंज, थाना–पीरटांड, प्रखण्ड–पीरटांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–उपर होंठ पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुबोध लकड़ा एवं पुष्कर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 188. | 1. आवेदन क्र0– 203/25 2. आवेदक–मोहन मराण्डी, पिता–स्व0 रायसिंह मराण्डी<br>3. ग्राम–चाईबासा टोली, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बाजू में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 189. | 1. आवेदन क्र0– 204/25 2. आवेदक–मनसुख पुर्ती, पिता–स्व0 याकुब पुर्ती<br>3. ग्राम–हटिया, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 190. | 1. आवेदन क्र0– 205/25 2. आवेदक–जुनास बन्डो, पिता–स्व0 फ्रांसिस बन्डो<br>3. ग्राम–कृष्णा नगर नीचे हटिया, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 191. | 1. आवेदन क्र0– 206/25 2. आवेदक–प्रताप मेलगन्डी, पिता–स्व0 नारायण मेलगन्डी<br>3. ग्राम–चाईबासा टोली, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल कर निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 192. | 1. आवेदन क्र0– 207/25 2. आवेदक–आदम मुन्डू, पिता–स्व0 सामुएल मुन्डू<br>3. ग्राम–चाईबासा टोली, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0– 208/25 2. आवेदक–बिनोद सोय, पिता–स्व0 लाण्डु सोय<br>3. ग्राम–चाईबासा टोली, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0– 209/25 2. आवेदक–सोमनाथ जेराई, पिता–शिव शंकर जेराई<br>3. ग्राम–चाईबासा टोली, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0– 210/25 2. आवेदक–अंतु मराण्डी, पिता–स्व0 रायसिंह मराण्डी<br>3. ग्राम–चाईबासा टोली, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0– 211/25 2. आवेदक–सुजीत कुमार राम, पिता–मंगरू राम<br>3. ग्राम–डॉन बास्को रोड, देवीनगर, हेसाग, पोस्ट–हटिया, थाना–जगरनाथपुर, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में बायें तरफ कट। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — PR 350400 Home (25-26)_D — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने मार गिराये दो हार्डकोर नक्सली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कोंडागांव जिले में सुरक्षाबलों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गये हैं। दोनों पर कुल 13 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किलम-बरगुम क्षेत्र के जंगल में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पूर्वी बस्तर डिवीजन के डिविजनल कमेटी सदस्य हलदर और एरिया कमेटी सदस्य रामे को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि हलदर पर आठ लाख रुपये और रामे पर पांच लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि कोंडागांव और नारायणपुर जिले की सीमा में स्थित किलम -बरगुम क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर कोंडागांव जिला रिजर्व गार्ड और बस्तर फाइटर्स के दल को मंगलवार को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में अब तक दो नक्सलियों के शव बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल, अन्य हथियार, विस्फोटक और नक्सली सामान बरामद किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। इससे पहले मंगलवार को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में पांच लाख रुपये के इनामी नक्सली ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में 34 साल के रूपेश मंडावी उर्फ सुखदेव ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बताया कि नक्सली ने माओवादियों की खोखली और अमानवीय विचारधारा तथा नक्सली संगठन के भीतर बढ़ते मतभेदों से निराश होकर तथा राज्य सरकार की नयी आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है।

# जोश जरूरी, पर संसद में संयम भी चाहिए: किरेन रिजिजू

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** विपक्ष की तरफ से केंद्र सरकार पर सदन में जबरन विधेयकों को पास करने के आरोपों पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने विपक्षी दलों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कई बार जब विधेयकों पर मतभेद होते हैं, तब ऐसे आरोप लगाये जाते हैं। साथ ही रिजिजू ने तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़ी एक पुरानी घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में युवा जोश और स्थिरता जरूरी है, लेकिन धैर्य और अनुभव भी उतना ही जरूरी होता है। संसद में शालीनता और सम्मान बनाये रखना हर सदस्य की जिम्मेदारी है। एक पॉडकास्ट में रिजिजू ने संसद के अपने अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि मैं 2004 से संसद में हूं। मैंने कभी भी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया, खासकर वरिष्ठों के साथ। उन्होंने कहा कि अटल जी से मैंने सीखा कि समय के साथ सम्मान और वरिष्ठता मिलती है, जल्दी करने से नहीं। उन्होंने महुआ मोइत्रा के 'डरिये मत' वाले बयान को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। रिजिजू ने कहा कि भावुक भाषण और अनादर के बीच एक पतली रेखा होती है, जिसे पार करना संसदीय गरिमा के खिलाफ है। रिजिजू ने संसद में जज बीएच लोया की मौत का जिक्र करने को लेकर महुआ मोइत्रा की टिप्पणी पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वह बहुत ज्यादा उत्तेजित हो गयी थीं। उन्होंने एक संवेदनशील मुद्दे को जोड़कर हमारे एक वरिष्ठ मंत्री पर आरोप लगाया, इसलिए मुझे जवाब देना पड़ा। लेकिन उन्होंने इसे धमकी समझा। अध्यक्ष को तय करना है कि क्या कार्रवाई करनी है। रिजिजू ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री के रूप में विपक्ष और सरकार के बीच तालमेल बिठाना एक चुनौतीपूर्ण काम है। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस और अन्य दलों के नेताओं से बात करता हूं, उनके घर भी जाता हूं। कई बार तीखी बहस होती है, लेकिन यही संसदीय लोकतंत्र की खूबी है।

# स्कूली पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा का सबक होना जरूरी: नितिन गडकरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में कुछ भयावह आंकड़े जारी किये हैं। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि इस स्थिति में सुधार लाने के लिए हमें आने वाली पीढ़ी को इस संबंध में जागरूक करना होगा और उन्हें सड़क सुरक्षा के अभियान से भी जोड़ना होगा। नितिन गडकरी ने इस विषय को लेकर भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ एक बैठक की है। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा के विषय को मौजूदा शिक्षा प्रणाली से जोड़ने पर चर्चा की गयी। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। गडकरी ने कहा कि 2023 में स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के पास 11 हजार से ज्यादा युवाओं की जान चली गयी। इनमें से 10 हजार की उम्र 18 वर्ष से भी कम थी। नितिन गडकरी ने लिखा, यह आंकड़े चिंताजनक हैं और इस पर तत्काल एक्शन लेने की जरूरत है।

**भावी पीढ़ी को जागरूक करना उद्देश्य**

नितिन गडकरी ने आगे कहा, शिक्षा मंत्रालय के समर्थन के साथ हम सड़क सुरक्षा अभियान को पूरे भारत के स्कूलों के साथ जोड़ने के लिए तैयार हैं। इसका उद्देश्य हमारी भावी पीढ़ियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान उन्होंने स्कूलों के आसपास सुरक्षा स्थापित करने, स्कूल के समय बच्चों के प्रवेश और निकास के लिए सख्त प्रोटोकॉल लागू करने और स्कूल बसों और वैन में सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता पर भी चर्चा की।

# अगले सप्ताह दिल्ली में पीएम मोदी से मिलेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस



वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। इसकी घोषणा अमेरिका के उपराष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से की गयी है। जानकारी के मुताबिक जेडी वेंस 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक इटली और भारत की यात्रा करेंगे। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति दोनों देशों के नेताओं के साथ साझा आर्थिक और भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगे।


























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**